सुप्रभात
क्रिसमस की शुभकामनाएं
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

## न्यूज डायरी

### कंगाल पाकिस्तान में आर्थिक आपातकाल

**इस्लामाबाद।** कंगाली से जूझ रहे पाकिस्तान में सरकार को आखिर वित्तीय आपातकाल का ऐलान करना पड़ ही गया। पीएम शहबाज शरीफ ने कहा कि देश में वर्तमान वित्तीय आपदा और धन की भारी कमी के कारण आर्थिक आपातकाल के निर्देश जारी करना अनिवार्य हो गया था।

### भारत क्लीन स्वीप से 100 रन दूर, खतरा भी

**ढाका।** भारत ने बंगलादेश के खिलाफ 145 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को 45 रन पर चार विकेट गंवा दिये। भारत को बांग्लादेश पर क्लीन स्वीप लिए अब भी 100 रन की दरकार है। हाथ में सिर्फ छह विकेट होने के कारण टीम पर हार का भी खतरा भी मंडरा रहा है।

### बस खाई में गिरी, आठ तीर्थयात्रियों की मौत

**लोगइडुक्की।** केरल में एक भीषण सड़क हादसे में 8 सबरीमाला तीर्थयात्रियों की मौत हो गयी। दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस सबरीमाला तीर्थयात्रियों को ले जा रही थी। मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है

### ब्लाइंड क्रिकेट वर्ल्ड कप के विजेता का रांची में भव्य स्वागत

**रांची।** टी20 ब्लाइंड क्रिकेट वर्ल्ड कप के विजेता सुजीत मुंडा शनिवार सुबह रांची पहुंचे। एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया गया है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सबका सहयोग मिला इस कारण ही मैं यहां तक पहुंच पाया। अगर इसी तरह से सहयोग मिलता रहा तो हम वनडे वर्ल्ड कप भी जीतेंगे। राज्यसभा सांसद महुआ माजी, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, विभाग के पदाधिकारी, वार्ड के पार्षद, हिन्दू नेता भैरव सिंह समेत कई लोग उन्हें रिसिव करने एयरपोर्ट पहुंचे थे।

### सब जूनियर नेशनल रग्बी: झारखंड उप विजेता

**खूंटी।** गुजरात के गांधीनगर में आयोजित सब जूनियर नेशनल रग्बी चैंपियनशिप के बालक वर्ग में झारखंड की टीम उप विजेता बनी। बालिका वर्ग में प्रदेश को पांचवां स्थान प्राप्त हुआ। झारखंड टीम के बालक वर्ग में खूंटी के आठ खिलाड़ी शामिल थे। शानदार प्रदर्शन से झारखंड की टीम ने उपविजेता का खिताब अपने नाम किया।

### रूसी नर्सिंग होम में आग, 22 की मौत

**मॉस्को।** रूस के केमेरोवो शहर में शुक्रवार रात को एक निजी नर्सिंग होम में आग लगने से 22 लोगों की मौत हो गयी। रूसी जांच समिति ने यह जानकारी दी। समिति द्वारा टेलीग्राम पर दी गयी जानकारी में बताया गया कि इस दुर्घटना में पहले 13 लोगों के मरने की खबर थी।

## जनम ले लैं येसु राजा बेतलेहम में



क्रिसमस मिस्सा में चरनी के सामने बालक येसु मसीह का चुंबन करते आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो

# कोरोना का खतरा: 6 देशों से आये यात्रियों की जांच अनिवार्य

# सभी राज्य ऑक्सीजन व वेंटिलेटर दुरुस्त रखें : केंद्र

### तैयारियां परखने को 27 को मॉक ड्रिल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्र ने कोविड मामलों में वृद्धि का सामना कर रहे देशों चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, हांगकांग और थाईलैंड से आनेवाले यात्रियों का आरटी-पीसीआर परीक्षण अनिवार्य कर दिया। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने शनिवार को यह जानकारी दी। देश में कोरोना के खतरे को देखते हुए केंद्र सरकार अलर्ट पर है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्य सरकारों को लेटर भेजा है। इसमें लिखा है कि देश में कोरोना की रफ्तार धीमी है, लेकिन हमें आने वाली चुनौती के लिए पहले से ही तैयार रहना चाहिए। मंत्रालय ने सभी राज्यों को निर्देश दिया है कि ध्यान रखें कि ऑक्सीजन की सप्लाई में कमी न आये। साथ ही वेंटिलेटर और ऑक्सीजन सप्लाई की मशीनें दुरुस्त रखी जायें। स्वास्थ्य मंत्री कहा कि उक्त छह देशों से आने वाले किसी भी यात्री में कोविड-19 के लक्षण पाये जाते हैं या टेस्ट पॉजिटिव पाया जाता है तो इन लोगों को क्वारैंटाइन किया जायेगा।



**तैयारियां परखने को 27 को मॉक ड्रिल :** विदेशों में कोविड संक्रमण के मामले बढ़ने के मद्देनजर देश में संक्रमण से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए मंगलवार को मॉक ड्रिल होगी। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में सचिव राजेश भूषण ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव और प्रधान सचिवों को भेजे एक पत्र में कहा है कि यह मॉक ड्रिल जिला स्तर पर की जायेगी। पत्र में उन्होंने कहा है कि मॉक ड्रिल में आरटी पीसीआर, परीक्षण, बिस्तर, ऑक्सीजन और मानव संसाधन की उपलब्धता और कार्यकुशलता को देखा जायेगा। मॉक ड्रिल की निगरानी जिलाधिकारी जिला मजिस्ट्रेट यह समकक्ष अधिकारी करेंगे। मॉक ड्रिल के दौरान सभी संबंधित अधिकारियों को मौके पर भौतिक रूप से उपस्थित होना होगा। इस बीच, राज्यों को अलर्ट मोड पर रहने और पॉजिटिव मामलों में नये वेरिएंट को ट्रैक करने के लिए जीनोम अनुक्रमण में तेजी लाने के लिए भी कहा गया है।

(शेष पेज 11 पर)

### झारखंड में स्टेशन, एयरपोर्ट व बस स्टैंडों पर जांच शुरू

## कल सीएम करेंगे उच्चस्तरीय बैठक में स्थिति की समीक्षा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कोरोना के नये सब-वेरिएंट ओमिक्रॉन बीएफ-7 के संभावित खतरे से लड़ने के लिए झारखंड भी अलर्ट है। सभी राज्यों के साथ केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ बैठक के बाद झारखंड में भी एयरपोर्ट और फ्लाइट के अंदर गाइडलाइंस का पालन शुरू कर कर दिया गया है। जांच शिविर भी लगा बीएफ-7 से निपटने की तैयारी को लेकर 27 दिसंबर को राज्यभर के अस्पतालों में तैयारियों का रिर्हसल (डेमो) किया जायेगा। इससे पूर्व 26 को कोरोना के संभावित खतरे को देखते हुए म्सीएम हेमंत सोरेन शाम 4 बजे से उच्च स्तरीय बैठक में समीक्षा करेंगे। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग और आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारी भी भाग लेंगे। सीएम कोरोना के किसी भी नये संक्रमण और आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों का जायजा लेंगे और जरूरी निर्देश भी देंगे।



एहतियात के तौर पर सभी जिले में थर्मल स्क्रीनिंग और टेस्टिंग की शुरूआत कर दी गयी है। रांची रेलवे स्टेशन, हटिया रेलवे स्टेशन, खादगढ़ा बस स्टैंड, आईटीआई बस स्टैंड और भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर कोविड टेस्टिंग टीम को तैनात कर दिया गया है। रेलवे स्टेशन पर 24 घंटा कोरोना की जांच होगी।

**गाइडलाइन:** स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने सभी उपायुक्तों को कोविड गाइडलाइंस का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है। इसे देखते हुए टेस्ट ट्रैक रेट वैक्सीनेशन और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने को भी कहा गया है। संक्रमित मरीज पाए जाने पर उनका इलाज व विदेशों से आने वाले लोगों की जानकारी देने को कहा है। लक्षण पाये जाने वालों की जांच के साथ-साथ उनके संपर्क में आए व्यक्तियों की भी जांच करने का निर्देश दिया है।

# विधायक कैश कांड में अनूप सिंह से इडी ने की दस घंटे लंबी पूछताछ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बेरमो विधायक अनूप सिंह शनिवार की सुबह करीब 11 बजे इडी ऑफिस पहुंचे। विधायक कैश कांड में उनसे करीब दस घंटे तक इडी ने पूछताछ की। हेमंत सोरेन सरकार को गिराने के उद्देश्य से विधायकों की खरीद फरोख्त के मामले में बेरमो विधायक अनूप सिंह को इडी ने समन जारी पूछताछ को बुलाया था। 9 नवंबर को इडी ने विधायकों की खरीद फरोख्त के मामले में मनी लाउंड्रिंग की जांच के लिए प्राथमिकी दर्ज कर ली थी। इसमें कांग्रेस के तीन विधायकों डॉक्टर इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप को नामजद अभियुक्त बनाये गये हैं। इन तीनों विधायकों को कोलकाता पुलिस ने एनएच-16 पर रानीहाटी के पास 45 लाख रुपये के साथ 30 जुलाई 2022 को गिरफ्तार किया था।



### इडी को हमेशा सहयोग देने को तैयार हूं : अनूप

लंबी पूछताछ के बाद बाहर निकले अनूप सिंह ने पत्रकारों को बताया कि इडी ने उन्हें अभियुक्त के तौर पर नहीं, जानकारी लेने और सहयोग मांगने बुलाया था। उन्होंने कहा कि इडी जब भी सहयोग को बुलायेगी, वह तैयार हैं। अभी आगे बलाने की कोई बात नहीं कही है। श्री सिंह ने कहा कि उन्होंने कोलकाता सीआइडी को जो कुछ बताया था, वे सभी जानकारी इडी को भी दी। तीनों विधायकों के खिलाफ अनूप सिंह ने रांची के अरगोड़ा थाने में जीरो एफआइआर दर्ज करायी थी।

(शेष पेज 11 पर)

# अब मथुरा में सर्वे का आदेश 20 जनवरी तक रिपोर्ट मांगी

एजेंसी

**मथुरा।** मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद में मामले में जिला कोर्ट ने अमीन सर्वे करने का आदेश किया है। शनिवार को इस मामले में यह बड़ा आदेश दिया। यहां भी वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर की तरह मस्जिद का सर्वे होगा। सीनियर डिवीजन की कोर्ट ने हिंदू सेना की याचिका पर यह आदेश दिया। आदेश के अनुसार सर्वे 2 जनवरी से होगा और रिपोर्ट 20 जनवरी को कोर्ट में पेश की जायेगी। हिंदू पक्ष का दावा है कि शाही ईदगाह में स्वास्तिक का चिह्न, मंदिर होने के प्रतीक के साथ मस्जिद के नीचे भगवान का गर्भ गृह है।

पक्षकार मनीष यादव और वकील महेंद्र प्रताप ने कहा कि शाही ईदगाह में हिंदू स्थापत्य कला के सबूत मौजूद हैं। ये वैज्ञानिक सर्वे के बाद सामने आ जायेंगे। याचिका में कहा गया कि श्रीकृष्ण जन्मस्थान की 13.37 एकड़ जमीन पर औरंगजेब ने मंदिर तोड़कर ईदगाह मस्जिद बनवाई थी। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से लेकर मंदिर बनने तक का पूरा इतिहास अदालत के सामने पेश किया। उन्होंने 1968 में श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ बनाम शाही ईदगाह के बीच हुए समझौते को भी अवैध बताते इसे खत्म किये जाने की मांग की।

### दावा- मंदिर के ऊपर ईदगाह बनवायी थी

इस मामले में दिल्ली के रहने वाले हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता और गुरुग्राम निवासी उपाध्यक्ष सुरजीत सिंह यादव ने सिविल जज सीनियर डिवीजन तृतीय सोनिका वर्मा की अदालत में 8 दिसंबर को वाद दाखिल किया था। कई अन्य मामले भी दर्ज हैं।

## नफरत मिटाना देश जोड़ना यात्रा का लक्ष्य : राहुल

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा नयी दिल ली, लाल किला पहुंच गयी। यहां उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यात्रा का लक्ष्य भारत को जोड़ना है, नफरत को भारत से मिटाने की जरूरत है। साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। राहुल गांधी के साथ अभिनेता कमल हासन और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी हैं। राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर सच्चाई छुपाने का आरोप लगाया। कहा कि केंद्र सरकार देश में डर का माहौल पैदा कर नफरत फैला रही है। भारत जोड़ो यात्रा के दिल्ली पहुंचने पर लोगों ने जोरदार स्वागत किया। चुकी है। दिल्ली के बदरपुर सीमा पर उनका जोरदार स्वागत किया गया है। इस यात्रा मे कई नेता शामिल हुए।






# अफीम की खेती पर ड्रोन की नजर, तस्करों से एक कदम आगे चल रही झारखंड पुलिस

सत्येन्द्र

**रांची।** झारखंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में होनेवाली अफीम की खेती पर रोक लगाने के लिए राज्य पुलिस कमर कस चुकी है। पुलिस के पास ऐसी सूचना है कि राजधानी सहित झारखंड के नक्सल प्रभावित जिलों में एक बार फिर अफीम तस्करों की मदद से अफीम की खेती की जा रही है। इस बार अफीम तस्करों ने अपनी खेती की जगह को बदल डाला है, यही वजह है कि अब अफीम के खेतों पर नजर रखने के लिए और उनका पता लगाने के लिए ड्रोन कैमरा की मदद लेने की योजना बनायी है।

**जंगलों और पहाड़ों के बीच खेती की सूचना :** राजधानी रांची और आसपास के जिलों स्थित जंगलों और पहाड़ों के बीच बड़े पैमाने पर अफीम की खेती करने की सूचना पुलिस को मिली है। सुचना के बाद पुलिस अलर्ट हो गई है। इस बार प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर अफीम की खेती पर लगातार नजर रखी जा रही है। अफीम की खेती पर पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई को देखते हुए इस साल अफीम तस्करों ने घने जंगलों के बीच खेती करने की योजना पर काम कर रहे है। इस स्थिति में घने जंगलो के बीच अफील लगे फसल को खोजना पुलिस के लिए चुनौती बन गया है। इसको लेकर झारखंड पुलिस ने नया तरीका निकाला है। अब ड्रोन की मदद से सुदूर और घने जंगलों में अफीम की खेतों पर नजर रखी जा रही है। ड्रोन के जरिए जैसे ही अफीम की खेत नजर आएगी, वैसे ही पुलिस कार्रवाई शुरू करेगी। रांची के ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने इस मसले पर पूर्व में कहा था कि अफीम की खेती पर रोक लगाने के लिए ड्रोन को जंगलों में तैनात किया गया है और वह बेहद शक्तिशाली है। 5 किलोमीटर के दायरे में जहां कहीं भी अफीम की खेती हो रही होगी उसकी उच्च तकनीक के कैमरे वाली तस्वीर और वीडियो दोनों ही पुलिस के पास पहुंचेगी। इसके बाद पुलिस अपनी कार्रवाई करेगी।



**पड़ोसी राज्यों से जुड़े है तस्करों के तार :** झारखंड के अफीम तस्करों के तार पड़ोसी देश नेपाल समेत कई राज्यों से जुड़े हैं। राज्य से अफीम के डोडा की सप्लाई यूपी, राजस्थान, पश्चिम बंगाल और पंजाब में की जाती है। अफीम तस्कर नक्सलियों की मदद से भोले-भाले ग्रामीणों को बहला-फुसलाकर या फिर धमकी देकर वन विभाग की जमीन पर ही अफीम की खेती कराते हैं। पुलिस ने ग्रामीणों से सचेत रहने को कहा है।

**खेती के लिए स्थान में बदलाव :** पिछले वर्ष जाड़े के मौसम में केवल राजधानी रांची की पुलिस ने रांची के दसम, बुंडू , तमाड़, नामकुम, पिठोरिया जैसे इलाकों से सैकड़ों एकड़ में लगी अफीम की फसल को नष्ट किया था। लगभग तीन दर्जन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। इसके बावजूद इस साल एक बार फिर बड़े पैमाने पर अफीम की खेती राजधानी के आसपास होने की सूचना है। रांची के ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया है कि इस बार अफीम तस्करों ने स्थान बदलकर अफीम की खेती करना शुरू किया है। इसके लिए नक्सल प्रभावित इलाकों में तैनात एसपीओ को भी सूचना संकलन में लगाया गया है। वहीं, ग्रामीणों के बीच पुलिस अधिकारियों के नंबर भी जारी किए गए हैं ताकि अगर कहीं भी अफीम की खेती की सूचना मिले तो उसकी जानकारी पुलिस तक पहुंच सके।

**अफीम की खेती नष्ट करने में झारखंड अव्वल :** राजधानी रांची में अफीम तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पिछले वर्ष पुलिस की टीम ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों से लाखों का डोडा जब्त किया था, जबकि कई एकड़ में लगी अफीम की फसल को नष्ट किया था। आंकड़ों पर नजर डालें तो साल 2021 में केवल रांची पुलिस ने ही 32 अफीम तस्करों को सलाखों के पीछे पहुंचाया था। राज्य पुलिस मुख्यालय की नारकोटिक्स देखने वाली सेल के आंकड़ों के मुताबिक, साल 2021 में 167.93 किलोग्राम अफीम, 13068 किलोग्राम अफीम का डोडा और 16 लाख 99 हजार 200 रुपये नकद जब्त किए गए थे। राज्य में यूपी, राजस्थान और पंजाब के तस्करों की गिरफ्तारी भी हुई थी।

**नष्ट की गई अफीम की खेती**

| | |
|---|---|
| साल 2021 में 3034 एकड़ | साल 2016 में 259.19 एकड़ |
| साल 2020 में 2634.7 एकड़ | साल 2015 में 516.69 एकड़ |
| साल 2019 में 2015.4 एकड़ | साल 2014 में 81.26 एकड़ |
| साल 2018 में 2160.5 एकड़ | साल 2013 में 247.53 एकड़ |
| साल 2017 में 2676.5 एकड़ | साल 2012 में 66.6 एकड़ |
| | साल 2011 में 26.85 एकड़ |

### किन जिलों में कहां कहां होती है अफीम की खेती

| | |
|---|---|
| रांची- नामकुम, दसम, बुंडू तमाड़ और पिठोरिया थाना क्षेत्र | हजारीबाग- तातुहरिया, चौपारण |
| खूंटी- खूंटी और मुरहू थाना क्षेत्र | गिरिडीह- पीरटांड, गनवा, डुमरी, लोकनयानपुर, तिसरी |
| सरायकेला खरसांवा- चौका थाना क्षेत्र | देवघर- पालाजोरी |
| गुमला- कामडारा थाना क्षेत्र | दुमका-रामगढ़, शिकारीपाड़ा, रनेश्वर, मसलिया |
| लातेहार- बालूमाथ, हेरहंज और चंदवा | गोड्डा- माहेरवान |
| चतरा - लावालौंग, सदर, प्रतापपुर, राजपुर, कुंदा, विशिष्ठनगर | पाकुड़- हिरणपुर |
| पलामू- पांकी, तरहसी, मनातू | जामताड़ा- नाला, कुंडीहाट |
| गढ़वा- खरौंदी | साहेबगंज- बरहेट, तालीहारी |

## थर्ड काउंसिलिंग के बाद भी राज्य के मेडिकल कॉलेजों में 45 सीटें खाली

### डेंटल कॉलेजों में भी खाली रह गयीं 209 सीटें

### झारखंड में सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों को नहीं मिल रहे स्टूडेंट्स

सुधीर

**रांची।** राज्य के सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों में दूसरे और तीसरे दौर की काउंसिलिंग के बाद भी 45 सीटें खाली रह गयी हैं। वहीं राज्य के डेंटल कॉलेजों में भी करीब 209 सीटें नहीं भर सकी है। बताते चलें कि तीसरी काउंसिलिंग के बाद भी राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में अब भी सात सीटें खाली रह गयी हैं। इसी तरह महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज जमशेदपुर में दो, शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज धनबाद, शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल हजारीबाग और मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज पलामू में क्रमशः एक-एक सीट अब भी रिक्त हैं।

**दो निजी कॉलेजों की 33 सीटें खाली :** वहीं निजी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की सीटें खली पड़ी है। इनमें मनिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज में पांच और लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज में 28 सीटें खाली रह गयीं हैं। इसी तरह रिम्स के डेंटल कॉलेज में 18 सीटें, वनांचल डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल गढ़वा में 62, हजारीबाग डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में 53 और अवध डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल जमशेदपुर में 76 सीटें खाली रह गयी हैं। राज्य के एकमात्र होमियोपैथिक मेडिकल कॉलेज गोड्डा में 27 सीटें खाली रह गयी हैं। कुल मिलाकर राज्य के डेंटल कॉलेजों में 209 सीटें खाली रह गयी है।

### स्ट्रे राउंड से सीटों को भरने की तैयारी

राज्य सरकार की तरफ से स्ट्रे राउंड का दौर चलाया जा रहा है। स्ट्रे राउंड के तहत च्वाइस फीलिंग के लिए 23 दिसंबर से ही लिंक खोल दिया गया है। झारखंड सरकार के ऑनलाइन काउंसिलिंग केंद्र झारखंड राज्य संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता पर्षद की ओर से दो हजार से अधिक नीट परीक्षा के सफल अभ्यर्थियों की मेधा सूची तैयार की गयी है। बताते चलें कि राज्य के मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की 680 सीटें हैं। वहीं तीन सौ से अधिक डेंटल की सीटें भी उपलब्ध हैं।


**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

निविदा सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-72-2022, दिनांक 22.12.2022; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** मुरी यार्ड में दो डॉयमण्ड क्रॉसिंगों को हटाने के संबंध में अभियांत्रिकी कार्य तथा अन्य विविध कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 40,47,205.95; **ई.एम.डी.:** रु. 81,000; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 02.01.2023 को अपराह्न 3.00 बजे। ऑनलाइन निविदा प्रणाली के लिए निविदादातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। ई-निविदा सूचना मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), द. पू. रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रांची-834003 कार्यालय के सूचना पट्ट पर उपलब्ध है। (PR-939)


## वित्तीय खातों की गुणवत्ता में बेहतर सुधार के लिए सीसीएल को दिया गया पुरस्कार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीसीएल को वित्त वर्ष 2021-22 के वित्तीय खातों की गुणवत्ता में बेहतर सुधार के लिए पुरस्कार मिला। कोल इंडिया लिमिटेड में आयोजित निदेशक वित्त समन्वय बैठक में कंपनी को इस पुरस्कार से नवाजा गया। कोल इंडिया के कार्यकारी निदेशक सुनील कुमार मेहता ने यह पुरस्कार सीसीएल को प्रदान किया। सीसीएल के निदेशक पीके मिश्रा ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर सीसीएल के महाप्रबंधक राजेन्द्र सिंह, निदेशक के तकनीकी सचिव डॉ संजय सिंह भी उपस्थित थे।

मालूम हो कि सीसीएल कोयला उत्पादन एवं प्रेषण के साथ-साथ कार्यालय कार्य प्रबंधन की गुणवत्ता के प्रति भी ध्यान देता है। लगातार साकारात्मक सुधार भी ला रहा है। इसी कड़ी में सीसीएल ने अपने वित्तीय खातों की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए कई अच्छे कदम उठाये हैं।

## एसएन प्रधान हो सकते हैं झारखंड के अगले डीजीपी !

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड को नए साल में नया डीजीपी मिलेगा। राज्य सरकार के स्तर पर इसके लिए प्रयास शुरू कर दिया गया है। वर्तमान डीजीपी नीरज सिन्हा का कार्यकाल 11 फरवरी को खत्म हो रहा है। ऐसे में कयास लगाया जा रहा है कि 1988 बैच के तेज तर्रार आईपीएस अफसर एसएन प्रधान अगले डीजेपी हो सकते हैं। बताते चलें कि राज्य सरकार ने डीजीपी नीरज सिन्हा को सेवा विस्तार दिया था। इनका कार्यकाल 11 फरवरी को खत्म होने जा रहा है। नियम के मुताबिक यूपीएससी को वर्तमान डीजीपी के कार्यकाल पूरा होने के 4 महीने पहले सीनियर आईपीएस अधिकारियों का पैनल भेजने का प्रावधान है।

वहीं, जानकारी मिली है कि 7 आईपीएस अधिकारियों का पैनल यूपीएससी को भेजने पर सहमति बनी है। डीजेपी के चयन के लिए सरकार की ओर से भेजे जाने वाले नामों के पैनल में वरियता के आधार पर एसएन प्रधान के नाम पर मुहर लगना तय माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि सीएम हेमंत सोरेन से दिल्ली में एसएन प्रधान ने मुलाकात भी की थी। यही कारण है कि झारखंड कैडर के 1988 बैच के सीनियर आईपीएस अधिकारी डीजी एनसीबी एसएन प्रधान के डीजीपी बनने का रास्ता साफ दिख रहा है। वह मूल रूप से उड़ीसा के रहने वाले हैं। वह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। इनके अलावा सरकार 89 बैच के आईपीएस अधिकारी अजय भटनागर और अजय कुमार सिंह, 90 बैच के अनिल पालटा और अनुराग गुप्ता तथा 92 बैच के प्रशांत सिंह एवं आरके मल्लिक के नामों को पैनल में शामिल किया गया है।


**कार्यालय, विद्युत कार्यपालक अभियंता**
**विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनिर्यस हॉस्टल धुर्वा, रॉची।**
**शुद्धि पत्र**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक– 4545 दिनांक– 09.12.2022 से प्रेषित तथा पी0 आर0–284720 Energy (22-23) D द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित अति अल्पकालिन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0–Energy/EWD/Ranchi/60/22–23 में वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि– 20.12.2022, निविदा जमा करने की तिथि– 21.12.2022 के 10.30 बजे अपराहन से 27.12.2022 के 2.00 बजे अपराह्न में एवं निविदा खोलने की तिथि– 28.12.2022 को 3.00 बजे अपराहन में के स्थान पर वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि– 27.12.2022, निविदा जमा करने की तिथि– 28.12.2022 के 10.30 बजे अपराहन से 04.01.2023 के 2.00 बजे अपराह्न में एवं निविदा खोलने की तिथि– 05.01.2023 को 3.00 बजे अपराहन में पढ़ा जाय।

शेष सभी शर्त्ते यथावत रहेगा।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची।

PR 285897 Energy(22-23)D


## मुख्यमंत्री हेमंत ने तीन अभियंताओं के विरुद्ध दिया अभियोजन स्वीकृत्यादेश

### तीनों अभियंताओं पर सरकारी पद का दुरुपयोग, अपराधिक षडयंत्र और धोखाधड़ी कर राशि गबन का आरोप

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने रामगढ़ थाना कांड संख्या 208/11 के प्राथमिकी अभियुक्त गुमानी रविदास, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, देवदर्शन सिंह, सेवानिवृत प्रभारी कार्यपालक अभियंता, सुनील कुमार, तत्कालीन सहायक अभियंता के विरूद्ध भारतीय दंड विधान, 1860 की धारा-406/419/420/467/468/471/34 के तहत अभियोजन स्वीकृत्यादेश दिया है।



### क्या है मामला

रामगढ़ जिला में महिला आईटीआई के निर्माण के लिए प्राक्कलित राशि 80,77,160 रुपए के विरूद्ध प्राथमिकी अभियुक्तों को 50,00,000 रुपए निर्माण को भुगतान किया गया। योजना के जांच के क्रम में कार्य की गुणवत्ता एवं मापी में कमी पायी गई। फलतः योजना की तकनीकी जांच सहायक अभियंता एवं इनके द्वारा की गई। जांच के क्रम में काफी वित्तीय अनियमितता पाई गई। कुल प्राप्त 50,00,000 रुपए के विरूद्ध अधिकतम मूल्यांकन 34,00,000 रुपए पाया गया, जबकि कार्य के विरूद्ध पूरी राशि के व्यय होने की बात दशार्थी गई।

### 15 लाख रुपये डकार लिये गये

इस कार्य के क्रियान्वयन में लगभग 15,00,000 रुपए उपरोक्त प्राथमिकी अभियुक्तों द्वारा गबन किये जाने की बात परिलक्षित होती है। इसी प्रकार पुरुष आईटीआई रामगढ़ के निर्माण की प्राक्कलित राशि 3,35,39,453 रुपए थी, जिसके विरुद्ध कुल 3,15,39,453 रुपए निर्माण हेतु भुगतान किया गया। उक्त कार्य कनीय अभियंता माधव प्रसाद सिंह, हरिहर चौधरी एवं वासुदेव प्रसाद द्वारा कराया गया एवं मापी पुस्तिका में दर्ज की गई। इस योजना के जांच के क्रम में कराए गए कार्यों एवं मापी पुस्तिका में दर्ज मापी में अंतर पायी गई। इस प्रकार उपरोक्त वर्णित प्राथमिकी अभियुक्त द्वारा सरकारी पद का दुरुपयोग, अपराधिक षडयंत्र, धोखाधड़ी एवं प्रक्रियाओं का उल्लंघन करते हुए सुनियोजित ढंग से वित्तीय अनियमितता करते हुए सरकारी राशि गबन करने का आरोप गठित किया गया है।

## कोर्ट फीस में संशोधन से काउंसिल है असंतुष्ट, आंदोलन करेंगे वकील

### 2 जनवरी से न्यायिक कार्य ठप करने की तैयारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** संशोधित कोर्ट फीस विधेयक का विरोध शुरू हो गया है। झारखंड स्टेट बार काउंसिल ने संशोधित कोर्ट फीस का कड़ा विरोध जताया है। काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्णा ने कहा कि यह संशोधन महज खानापूर्ति है इसलिए इसमें कटौती की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि काउंसिल ने इस मसले पर मुख्यमंत्री से मुलाकात करने का प्रस्ताव दिया है। अगर मुख्यमंत्री से काउंसिल की मुलाकात सकारात्मक रहती है तो कोर्ट फीस में एक बार फिर संशोधन की मांग की जायेगी। अगर सरकार काउंसिल का प्रस्ताव नहीं मानती है तो काउंसिल के निर्णय के मुताबिक राज्य भर के अधिवक्ता नये साल की शुरूआत से यानी 2 जनवरी से खुद को न्यायिक कार्यों से दूर रखेंगे। यह अनिश्चिकालीन हो सकता है।

**ज्यादातर सदस्य संशोधन से संतुष्ट नहीं :** वहीं रांची ज़िला बार एसोसिएशन के महासचिव और स्टेट बार काउंसिल के प्रवक्ता संजय विद्रोही ने बताया कि कोर्ट फीस के मुद्दे पर काउंसिल के सदस्यों ने एक बैठक की। बैठक में ज्यादातर सदस्य संशोधन से संतुष्ट नहीं दिखे। जिसके बाद यह निर्णय लिया गया कि कोर्ट फीस में उचित संशोधन के लिए एक बार फिर आवाज बुलंद की जाएगी। वहीं बैठक में यह भी तय किया गया कि काउंसिल के सदस्य राजीव रंजन के महाधिवक्ता बनने के बाद उनकी सीट पर चुनाव कराया जाएगा। वहीं अगले वर्ष काउंसिल की नई कमिटी के लिए चुनाव होंगे जिसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, जामताड़ा**

**ई–प्रोक्योरमेंट सूचना सं0–06/2022–23 (2nd Call)**

ई–निविदा प्रसंग–RCD/JAMTARA/ 1463 दिनांक 22.12.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | पथ प्रमंडल, जामताड़ा अंतर्गत **जामताड़ा (तिलाबाग) से लोधना डैम पथ (कुल लंबाई–11.50 कि0मी0) के राईडिंग क्वालिटी में सुधार (Improvement of Riding Quality)** कार्य वर्ष 2022–23 |
| 2 | प्राक्कलित राशि | **रू0 395.98** लाख (तीन करोड़ पंचानबे लाख अंठानबे हजार रूपये) |
| 3. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 03(तीन) महीना |
| 4. | ई–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एंव समय | 09.01.2023 के दोपहर 12:00 बजे तक |
| 5 | ई–निविदा का वेबसाईट पर प्रकाशन की तिथि एंव समय | 26.12.2022 के अपराहन 4:30 बजे से |
| 6. | ई–निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एंव पता | कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, जामताड़ा। |
| 7. | ई–प्रोक्यूरमेंट अधिकारी का संपर्क नं0/मोबाईल नं0 | 07992269247 |
| 8. | ई–प्रोक्यूरमेंट सेल का संपर्क सहायता नम्बर | 0651-2401010 |

नोटः– प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती हैं। निविदा संबंधी अन्य जानकारी http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, जामताड़ा

PR 285868 (Road) 22-23 (D)


## रेल ट्रैफिक ब्लॉक के कारण 2 ट्रेनें प्रभावित

**रांची।** आसनसोल मंडल के झाझा-जसीडीह-मधुपुर रेलखंड के अंतर्गत ट्रैफिक और पावर ब्लॉक लिया जायेगा। इसलिए ट्रेन संख्या 17006 रक्सौल-हैदराबाद एक्सप्रेस यात्रा प्रारंभ 25 दिसंबर को सवा तीन बजे के स्थान पर सवा नौ बजे रक्सौल से प्रस्थान करेगी। वहीं ट्रेन संख्या 17322 जसीडीह-वास्को द गामा एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ 26 दिसंबर को अपने निर्धारित समय रात्रि एक बजकर 10 मिनट के स्थान पर एक घंटे विलंब से अर्थात दो बजकर 10 मिनट पर जसीडीह से प्रस्थान करेगी।


**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी**
**नया समाहरणालय भवन, ब्लॉक–सी0, चाईबासारोड, खूँटी– 835210**
Email ID – jepkhunti@gmail.com

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना विज्ञप्ति संख्या............**

निदेशक, झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची के पत्रांक प.08–02/2022/1035 दिनांक 07.12.2022 एवं पत्रांक प.08–02/2022/1062 दिनांक 12.12.2022 के निदेशानुसार शैक्षनिक सत्र 2022–23 में जिले के सभी कोटि के प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों (सरकारी/सरकारी सहायता प्राप्त) में कक्षा 3–7 तक के अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं का अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन हेतु प्रश्नपत्र–सह–उत्तरपुस्तिका एवं रिपोर्ट कार्ड इत्यादि का मुद्रण एवं आपूर्ति हेतु विभिन्न शर्तों एवं बंधेज के साथ मुहरबंद निविदा (तकनीकी एवं वित्तीय) अलग–अलग केवल प्रतिष्ठित एवं स्थापित मुद्रकों से आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. सं. | मुद्रण सामग्री | अनुमानित पृष्ठों की संख्या (Both side) |
|---|---|---|
| 1 | प्रश्नपत्र (वर्ग 1 से 2 के लिए) (Both side Printing) | 17000 |
| 2 | प्रश्नपत्र–सह–उत्तरपुस्तिका (वर्ग 3 से 7 के लिए) (Both side Printing) | 570000 |
| 3 | प्रगति–पत्र (प्रोग्रेस रिपोर्ट कार्ड) (I-VII) | 62000 |

इच्छुक निविदादाता/प्रिंटिंग प्रेस निविदा (BOQ) कार्यालय अवधि में दिनांक 29.12.2022 अपराह्न 3:00 बजे तक 500 रू. का बैंक ड्राफ्ट SSA KHUNTI के नाम से जमा करके प्राप्त किया जा सकता है। दिनांक 31.12.2022 को अपराह्न 3:00 बजे तक निविदा सील बंद लिफाफा में अलग–अलग (मुद्रित सामग्री/स्टेशनरी) Technical एवं Financial विड झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी के जिला कार्यालय में जमा किया जाना है। जिला क्रय समिति के उपस्थिति में दिनांक 31.12.2022 अपराह्न 4:00 बजे निविदा खोली जाएगी। निविदा संबंधित विस्तृत विवरणीशर्तें जिला के वेबसाईट www.khunti.nic.in एवं जिला कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

निविदा में किसी प्रकार के संशोधन अथवा रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी

PR 285905District(22-23)#D


# विकास और सुशासन के प्रणेता और राष्ट्र नायक थे श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी...

असाधारण राजनीतिक और बौद्धिक क्षमता से परिपूर्ण, संवेदनशील कवि एवं राजनेता, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की लंबी सामाजिक जीवन यात्रा भारत और भारतीयता को प्रतिबिंबित करती है। युगपुरुष अटल जी का व्यक्तित्व एवं कृतित्व विशाल था। प्रखर राष्ट्रवादी, ओजस्वी वक्ता, देश विदेश की राजनीति की गहरी समझ रखने वाले अटलजी सव स्वीकार्य नेता थे।

25 दिसंबर 1924 को मध्य प्रदेश के ग्वालियर में जन्मे अटलजी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक थे। बाल्यावस्था से ही राष्ट्र एवं समाज सेवा की भावना से वे ओत प्रोत थे। परतंत्रता की बेड़ी से देश को आजाद कराने के लिए अटल जी ने भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई। अटल जी जहां भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में थे वहीं वे 6 अप्रैल 1980 को गठित भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष भी रहे। जनसंघ से भाजपा तक की गौरवशाली यात्रा के वे मुख्य नेतृत्वकर्ता थे। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के साथ संगठन के वैचारिक सिद्धांतों को सर्वव्यापी और सर्वस्पशी बनाने के लिए अटलजी ने विभिन्न स्तरों पर कार्य किया। आम जनमानस तक विभिन्न विषयों पर संगठन के विचार और कार्यक्रम पहुंचाने के लिए जहां एक ओर वे निरंतर प्रवास करते थे, ओजस्वी भाषण से जनता को मंत्रमुग्ध कर देते थे। वहीं दूसरी ओर कवि तथा संपादक के रूप में अपनी लेखनी से संगठन नीति व सिद्धांत का प्रचार करते थे।

वर्ष 1957 में बलरामपुर से पहली बार वे लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए। एक सांसद के रूप में, एक मंत्री के रूप में, एक विपक्ष के नेता रूप में तथा एक प्रधानमंत्री के रूप में वाजपेयी जी ने संसदीय लोकतंत्र की गरिमा को स्थापित किया। यह अटलजी के करिश्माई व्यक्तित्व का ही प्रभाव था कि उन्होंने 22 दलों को साथ लेकर बड़े ही प्रभावशाली तरीके से गठबंधन सरकार चलाई। सभी दलों के नेताओं के बीच समन्वय स्थापित कर देश को सही दिशा में ले जाना कोई आसान काम नहीं था। परंतु वाजपेयी ने इसे संभव कर दिखाया।



पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व वाली राजग सरकार के कार्यकाल को हम स्वणिम काल कह सकते हैं। अटल जी ने विकास और सुशासन के साथ साथ राष्ट्रीय सुरक्षा की मजबूती पर सर्वाधिक कार्य किया। अटल जी की सरकार ने जहां एक ओर परमाणु परीक्षण कर भारत को सैन्य महाशक्ति के रूप में स्थापित किया, भारत को परमाणु शक्ति संपन्न बनाया वहीं दूसरी ओर अमेरिका सहित अन्य दूसरे देशों के आर्थिक प्रतिबंधों के कुप्रभावों से राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को बचाते हुए समर्थ भारत की नींव को मजबूत किया। परिणामस्वरूप आर्थिक प्रतिबंधों के बावजूद देश में महंगाई नियंत्रित रही। आर्थिक प्रतिबंधों के बावजूद भारत के विकास से दुनिया हैरान थी। सैन्य महाशक्ति के साथ साथ भारत आर्थिक महाशक्ति के रूप में भी स्थापित हो रहा था। कारगिल युद्ध के दौरान अटल बिहारी वाजपेयी जी द्वारा दृढ़ता पूर्वक लिये गए साहसिक एवं कुटनीतिक फैसलों ने पाकिस्तान के मंसूबों पर पानी फेर दिया।

आंतरिक सुरक्षा के क्षेत्र में भी बड़े पैमाने पर कार्य हुए। अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार ने भ्रष्टाचार मुक्त शासन दिया।

श्रद्धेय वाजपेयी जी ने देश के विकास के लिए महात्वाकांक्षी स्वणिम चतुर्भुज योजना शुरू की जिसके तहत 5846 किमी राजमार्ग का निर्माण किया गया। देश के चार कोनों को जोड़ने की इस अनूठी योजना ने विकास को नया आयाम दिया।

अटल जी गांव, गरीब और किसान को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को प्रारंभ किया। संचार क्रांति अटलजी की ही देन है। सर्व शिक्षा अभियान अटलजी ने लाया।

अटल बिहारी वाजपेयी जी का झारखंड एवं जनजाति समाज से विशेष लगाव था। वे यहां के लोगों के प्रति काफी स्नेह रखते थे। अलग राज्य की जनभावना को सम्मान देते हुए उन्होंने सत्ता में आने पर झारखंड अलग राज्य का निर्माण के सपने को साकार किया। जनजातीय समुदाय के समग्र विकास और कल्याण के लिए अनुसूचित जनजाति मंत्रालय बनाया। संथाली भाषा को अष्टम अनुसूची में शामिल किया।

देश एवं राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए अटल जी का महत्त्वपूर्ण योगदान है। हम सभी देशवासी एवं राज्यवासी अटलजी के सदैव ऋणी रहेंगे।

**रविनाथ किशोर (संपादक, अंत्योदय संकल्प, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा**

# दाऊद के नगर में हमारे मुक्तिदाता ने जन्म लिया, यही प्रभु मसीह है

## क्रिसमस

केवी विनोद

**रांची।** मरियम कर कोरा में का तारा टिम टिम टिम टिम चमकेला, तारा न लगे प्रभु येसु चमके ला...., चरनी कर कोना में का तारा टिम टिम टिम टिम चमकेला..., साइलेंट नाइट हॉली नाईट..., जनम ले लैं येसु राजा आइज राति बेतलेहम में ... जैसे नागपुरी, हिंदी और अंग्रेजी गीतों की हर्षित ध्वनि से झारखंड की राजधानी रांची के गली मुहल्ले गुंजायमान हैं। अवसर है क्रिसमस अर्थात प्रभु येसु का जन्मोत्सव अर्थात ख्रीस्त जयंती। वहीं दूसरी ओर क्रिसमस को लेकर राजधानी के तमाम गिरजाघर रंग बिरंगे बिजली के बल्ब से दुल्हन की तरह सजे हुए हैं। वहीं गिरजाघरों के अंदर और गिरजाघर में विश्वासियों द्वारा निर्मित व सुसज्जित चरनी शांति के राजकुमार, न्यायकर्ता, राजाओं के राजा बालक येसु मसीह के बेतहेलम के गौशाले में जन्म के दृश्य को जीवंत करता नजर आ रहा है। लंबी प्रतीक्षा और आगमन काल की आध्यात्मिक तैयारी के बाद अंततः 24 दिसंबर के आगमन पर विश्वासियों में बालक येसु के जन्मोत्सव के स्वागत में हर्षित और उत्साहित है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार क्रिसमस को लेकर रांची के विभिन्न गिरजाघरों में अपने-अपने निर्धारित समय पर विशेष आराधना तथा पवित्र मिस्सा अनुष्ठान का सिलसिला जारी है। जहां आराधना के लिए प्रतिनियुक्त पुरोहितों के प्रवचन के बाद लोग एक दूसरे को ख्रीस्त जन्मोत्सव की शुभकामना के साथ नववर्ष की बधाईयां भी देते नजर आ रहे है।

## प्रेम, आनंद व उल्लास साझा करने का त्योहार है क्रिसमस : आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो

### संत मेरिज कैथेड्रल, डॉ कामिल बुल्के पथ



क्रिसमस के मौके पर शनिवार को रात्रि 10.30 बजे डॉ कामिल बुल्के पथ स्थित संत मेरिज कैथेड्रल में क्रिसमस का पवित्र मिस्सा अनुष्ठान चढ़ाया गया। जिसके मुख्य अनुष्ठाता रांची के आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो एसजे रहे। आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो ने पवित्र मिस्सा अनुष्ठान के दौरान अपने प्रवचन में क्रिसमस को आनंद व उल्लास का त्योहार बताया। कहा कि क्रिसमस या ख्रीस्त जन्मोत्सव के मौके पर हम सभी उस येसु मसीह का जन्म दिवस या जन्म का सालगिरह मनाते हैं, जो हमारे लिए मार्ग, सत्य, जीवन, मुक्तिदाता और हमारा भाई है। वह हमें बुराई की शक्ति से छुड़ाता है। नि:स्वार्थ प्रेम करता है और दूसरों को भी प्रेम करने की शिक्षा देता है ताकि हम उस प्रेम से प्रेरित हो दीन हीन, दुखी, रोगी असहाय की सेवा कर सकें। अपने हृदय में, परिवार में, समाज में शांति का माहौल बनाए रखे। शांति और भाईचारगी में बढ़ें। साथ ही इस अवसर पर मीठे पकवान व केक जैसे व्यंजन के जरिए दूसरों के साथ पर्व की खुशियां साझा करें। मिस्सा से पूर्व आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो के आगमन पर प्रवेश नृत्य के साथ उन्हें गिरजाघर में पवित्र वेदी तक लगाया गया। तदुपरांत आर्चबिशप फेलिक्स ने पल्ली पुरोहित फादर आनंद डेविड व अन्य पुरोहितों के साथ चर्च परिसर में सुसज्जित चरनी और गिरजाघर के अंदर की चरनी को पवित्र जल छिड़ककर आशीष किया। मिस्सा के बाद परमप्रसाद का वितरण किया गया। तदुपरांत आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो एसजे ने चर्च के अंदर सुसज्जित चरनी से बालक येसु की प्रतिमा को उठाकर चुंबन किया और उनके जन्म की खुशी का इजहार करते हुए सभी को क्रिसमस की बधाईयां दी। उनके बाद अन्य पुरोहितों और विश्वासियों ने एक एक कर नवजात बालक येसु की प्रतिमा का चुंबन किया। मिस्सा के बाद सभी ने एक दूसरे से हाथ मिलाकर मेरी क्रिसमस कहते हुए पर्व की बधाईयां दी। युवाओं में क्रिसमस ग्रीटिंग्स का विशेष उत्साह व आकर्षण रहा।

## येसु आए ताकि लोगों के जीवन से अंधकार, मृत्यु और नफरत समाप्त हो : बिशप सीमांत एस तिर्की

### क्राइस्ट चर्च मेन रोड



जीईएल चर्च के लूथेरन विश्वासियों ने मेन रोड स्थित क्राइस्ट चर्च में संध्या 5:30 बजे पुण्य रात की आराधना में शामिल हुए। इसमें आराधना का संचालन रेव्ह ममता बिलुंग ने किया जबकि उपदेशक बिशप सीमांत एस तिर्की रहे। आराधना के दौरान बिशप सीमांत तिर्की ने अपने प्रवचन में कहा कि इस संसार में येसु मसीह इसलिए आए ताकि लोगों के जीवन से अंधकार, मृत्यु, छल प्रपंच, नफरत समाप्त हो और लोगों में प्रेम, शांति, सेवा, दया, करुणा उत्पन्न हो। क्रिसमस का त्योहार सभी मसीहियों के लिए बालक येसु के स्वागत के लिए है ताकि येसु उनके हृदय, घर और माहौल में वास करें। क्योकि प्रभु कहते है कि मैं द्वार पर खड़ा तुम्हारा दरवाजा खटखटाता हूं। जो इसे सुनकर मेरे लिए दरवाजा खोलता है, मैं उसके भीतर जाता हूं। उसके साथ खाना खाता हूं और मेरे साथ खाता है। इसलिए हम मसीहियो को चाहिए कि क्रिसमस में बालक येसु को अपने हृदय में स्वीकार करें। यदि ऐसा करते है तो वह हम सभी को शांति, मुक्ति और भरपूर जीवन देता है। इसलिए हम उनका स्वागत करें ताकि वे हमारे हृदय में आएं और हमेशा के लिए हमारे भीतर रहे।

## जरुरतमंद, लाचार के साथ खुशियां साझा करने का त्योहार है क्रिसमस : आर्चबिशप राजीव सतीश टोप्पो

### क्राइस्ट चर्च मेन रोड



एनडब्ल्यूजीईएल चर्च के लूथेरन विश्वासियों ने भी यीशु के जन्म पर्व की आराधना की जिसमें एनडब्ल्यूजीईएल चर्च के आर्चबिशप राजीव सतीश टोप्पो ने आराधना की अगुवाई की। आराधना के दौरान आर्चबिशप राजीव सतीश टोप्पो ने अपने प्रवचन में सभी को ख्रीस्त जन्मोत्सव की बधाईयां दी। कहा कि क्रिसमस देने का त्योहार है। बाईबल के अनुसार परमेश्वर पिता ने अपने इकलौते पुत्र को येसु के रुप में हम मनुष्यों के जीवन में बतौर अनमोल उपहार दिया। इस तरह परमेश्वर के निस्वार्थ प्रेम को हम येसु के द्वारा अनुभव कर सकते है। प्रभु येसु समस्त मानव जाति के उद्धार के लिए क्रूस पर क्रूरतापूर्ण दर्दनाक मृत्यु तक को स्वीकार कर लिया। प्रभु येसु ने अपने वचन के द्वारा सभी लोगों के मध्य प्रेम, नम्रता, क्षमा, शांति और आनंद का संदेश दिया है। उन्होंने अपने जीवन के द्वारा जरुरतमंदों, दुःखी, लाचार तथा रोग से ग्रस्त लोगों के लिए हमें भलाई और सेवा करने के लिए प्रेरित किया। मसीही होने के नाते हम सभी को अपने में गर्व महसूस करना चाहिए और हमें भी अपने जीवन और स्वभाव में ख्रीस्त के आदर्शों व मूल्यों को अंगीकार कर सभी मनुष्यों के हित में कार्य करना चाहिए तभी क्रिसमस का सच्चा आनंद और खुशी अनुभ कर सकते है।

## दूसरों के लिए प्रेम, खुशी और आनंद का कारण बनें : बिशप बीबी बास्के

### संत पॉल कैथेड्रल



चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया (सीएनआई) के विश्वासियों ने ख्रीस्त जन्मोत्सव पर शनिवार की रात 11:30 बजे अद्र्धरात्रि प्रभुभोज आराधना की जिसके मुख्य अनुष्ठक व उपदेशक बिशप बीबी बास्के रहे। इस अवसर पर उन्होंने अपने क्रिसमस संदेश में कहा कि प्रभु येसु इस संसार में इसलिए आए ताकि जगत के सभी मनुष्यों के बीच व्याप्त अंधकार दूर हो। लोग स्वभाव से निस्वार्थ प्रेम, सेवा, दया, करुणा और क्षमादान में बढ़ते हुए शांति व भाईचारगी का माहौल बनाए रखें। बिशप बास्के ने कहा कि परमेश्वर ने जगत से इतना प्रेम किया कि अपना इकतौला बेटा प्रभु येसु को संसार को दे दिया। दूसरे शब्दों में कहें तो जगत के समस्त मानवजाति के लिए बालक येसु का जन्म परमेश्वर का प्रेम भेंट है। जिन्होंने अपने जीवन, कार्य और निस्वार्थ सेवा से मानव जाति को परस्पर मेल प्रेम, भाईचारगी के साथ जीने का मार्ग प्रशस्त किया। प्रत्येक वर्ष क्रिसमस का त्योहार हम में से प्रत्येक मसीही ही नहीं बल्कि हर एक मनुष्य को इस बात का स्मरण दिलाता है कि वे अपने हृदय और जीवन में प्रभु येसु को अंगीकार करें। उन्हें अपने दिलों में आने दें ताकि लोग परस्पर प्रेम, आनंद, न्याय व उत्साह के साथ जीव व्यतीत कर सकें।



## प्रेम, शांति, न्याय और क्षमा को अंगीकार करें: फा. आनंद डेविड



संत मरिया महागिरजाघर में अपनी समर्पित पुरोहिताई सेवा देने वाले रांची के पल्ली पुरोहित फादर आनंद डेविड खलखो ने कहा कि क्रिसमस वास्तव में येसु मसीह का जन्मदिवस समारोह है। येसु इस संसार में इसलिए आए ताकि दुनिया से बुराई दूर हो। लोगों के बीच जो अंधकार व्याप्त है वह समाप्त हो तथा समस्त मानवजाति एक दूसरे के साथ निस्वार्थ प्रेम में बढ़े और धार्मिकता का जीवन जीए। प्रभु येसु इस संसार में आए और अपने जीवन और कार्य से पूरे संसार के मनुष्यों को प्रेम, क्षमा, सेवा, परोपकार करने का संदेश दिया। इसलिए हम सभी मसीहियों को चाहिए कि क्रिसमस के मौके पर येसु के उसी संदेश को अपने जीवन में अपनाएं और दूसरे के साथ प्रेम, शाांति व सेवा के साथ खुशियां साझा करें। उसी मे क्रिसमस की सच्ची खुशी है।

## पुंदाग में अवैध शराब कारोबार का खुलासा 186 पेटी दारू बरामद

**रांची।** उत्पाद विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ शनिवार को बड़ी कार्रवाई की। गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार शर्मा के नेतृत्व में विभाग की टीम ने पुंदाग ओपी क्षेत्र स्थित लालू उर्फ नौशाद के घर पर छापेमारी कर 186 पेटी अवैध शराब बरामद किया है। उत्पाद विभाग की टीम को देखते ही अवैध शराब कारोबारी नौशाद मौके से फरार हो गया। उसकी तलाश में छापेमारी की जा रही है। उत्पाद विभाग को सूचना मिली थी कि उधार में बड़े पैमाने पर अवैध शराब का कारोबार किया जा रहा है। सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गयी। मौके से अवैध शराब बनाने की मशीन, शराब की खाली बोतल और स्प्रिट भी बरामद की गयी है। इस मामले में आगे की जांच जारी है।

## रेलवे मेंस यूनियन ने कॉलोनी का किया निरीक्षण, मिला जर्जर क्वार्टर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस यूनियन, हटिया शाखा ने हटिया रेलवे कॉलोनी, टाइप-2 में आरपीएफ, मेडिकल डिपार्टमेंट, इलेक्ट्रिक डिपार्टमेंट, इंजीनियरिंग आइओडब्ल्यू के साथ संयुक्त रूप से कॉलोनी का निरीक्षण किया। इस दौरान रेलवे कॉलोनी के रख-रखाव, क्वार्टनों की मरम्मत, वायरिंग, नाली के साथ ही घर के आसपास साफ-सफाई सुरक्षा के बिंदुओं पर चर्चा की गयी। साथ ही लोगों की समस्याएं भी सुनी गयी। रेलवे क्वार्टर की ढंग से मरम्मत नहीं किये जाने पर कॉलोनी वासियों ने नाराजगी जाहिर की। लोगों ने कहा कि कहीं छत से प्लास्टर गिर रहा है तो कहीं छत से पानी टपकता है। इस वजह से रेल कर्मचारी व उनके परिवार वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मेंस यूनियन ने कहा कि लोगों की तकलीफ को कम किया जा सके इसलिए कॉलोनी में निरीक्षण की प्रक्रिया शुरू की गयी है। क्वार्टर की मरम्मत के लिए जोन से पर्याप्त फंड उपलब्ध नहीं होता। इस वजह से कई काम पेंडिंग हो जाते हैं। निरीक्षण करने के लिए मेंस यूनियन हटिया शाखा के सचिव एसपी राउत ने पत्राचार किया था।

इस मौके पर दक्षिण पूर्व रेलवे रांची मंडल के मंडल समन्वयक दीपक कुमार, हटिया शाखा के अध्यक्ष उपेन मर्दाना, सचिव एसपी राउत, रांची ब्रांच के सचिव एस कंडुलना, शैलेन्द्र बाउरी, गोपाल मंडल, गणेश पासवान, अनिल प्रसाद, अनिता दोहरे, आरपीएफ एएसआइ पवन कुमार सिंह, शंकर कुमार, डॉ नीलम दयाल, डी राम समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## समस्त मानवजाति के लिए प्रेम और शांति का संदेश लाया है क्रिसमस



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** क्रिसमस के अवसर पर शनिवार को झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन (जेसीवाईए) के पदाधिकारियों में मुख्य संरक्षक सुजीत कुजूर, केंद्रीय अध्यक्ष कुलदीप तिर्की, कार्यकारी अध्यक्ष अलबिन लकड़ा, महासचिव विकास तिर्की और संरक्षक राम कुमार नायक ने आर्चडायसिस रांची के महाधर्माध्यक्ष बिशप फेलिक्स टोप्पो, सहायक बिशप थियोडोर मसकरेन्हस एसएफएक्स, एनडब्ल्यूजीईएल चर्च के आर्चबिशप राजीव सतीश टोप्पो, जीईएल चर्च के बिशप सीमांत एस तिर्की से मुलाकात कर उन्हें जेसीवाईए परिवार की ओर से क्रिसमस की बधाईयां दी। इस दौरान एक स्वर में कहा गया कि क्रिसमस का त्योहार समस्त मानवजाति के लिए प्रेम और शांति का संदेश लाया है।

## संत कोलंबस स्कूल मुरगु में क्रिसमस गैदरिंग आयोजित



**रांची।** संत कोलंबस स्कूल मुरगु में शनिवार को क्रिसमस पर मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक अनिल कुमार, हेडमास्टर अभिनव आर्य और निदेशक प्रीति वाला, अनिमेष आर्य, चंदन कुमार सोनी तथा शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थीं। क्रिसमस गैदरिंग के मौके पर बच्चों ने जीसस क्राइस्ट की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वहीं, निदेशक अनिल कुमार ने कहा कि यह पर्व शांति, सद्भावना शिक्षा और समृद्धि का प्रतीक है। इसके लिए जरूरी है कि देश का हर नागरिक शिक्षित हो और हमारा देश शांति संपन्न हो। वहीं, अभिनव आर्य ने बच्चों को जीसस क्राइस्ट के उपदेशों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि विद्यालय ही एक ऐसा क्षेत्र है, जहां बच्चों को शिक्षित बनाने के साथ-साथ हर धर्म के पर्व त्योहारों से अवगत कराया जाता है। बच्चों को बाल्यकाल से ही ऊंची नीची जाति और धर्म के भेदभाव से दूर रखा जाता है। बच्चों के इस रंगारंग कार्यक्रम की सभी अभिभावकों ने भी सराहना की। यह जानकारी स्कूल के सह प्राचार्य अनिमेष आर्य ने दी।

# शिक्षा सचिव से मिला शिक्षक मोर्चा का शिष्टमंडल प्रोन्नति की मांग समेज समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार से मिला। उनसे राज्य की शिक्षा एवं शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण पर बातचीत की। मोर्चा के प्रवक्ता अरुण कुमार दास ने समस्याओं को सचिव के संज्ञान में लाते हुए निराकरण की अपील की। वार्ता में सचिव ने समस्याओं का निराकरण त्वरित कर अधीनस्थ अधिकारी एवं कर्मियों को दिशा निर्देश दिए।

संयोजक विजय बहादुर सिंह ने विभागीय कार्यालयों में शिक्षकों के सामान्य कार्य को संपादित करने के लिए आर्थिक एवं मानसिक भयादोहन के साथ-साथ प्रधानाध्यापक सहित वर्षों से लंबित प्रोन्नति को यथाशीघ्र करने का मार्ग प्रशस्त करने की मांग की। सचिव ने 27 दिसंबर को होने वाली बैठक में शिक्षकों की प्रोन्नति की तमाम समस्याओं को पीपीटी के माध्यम से उपलब्ध कराने को कहा। विभाग के कार्यालय में स्वेच्छाचारिता को बंद कराने की अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की। संयोजक अमीन अहमद ने सचिव द्वारा निरीक्षण के क्रम में प्रकाशित समाचार पत्रों में शिक्षकों को लगाई फटकार जैसी बातों पर आपत्ति दर्ज की। इस पर सचिव ने कहा कि मैंने किसी भी शिक्षक को फटकार नहीं लगाई है। ना ही मीडिया में ऐसा बयान दिया है। ऐसे मीडियो वालों को आगे से सतर्क करने की बात कही। वर्ष, 2014-15 में नियुक्त कुछ ऊर्दू शिक्षकों को योजना मद से गैर योजना मद में करने के आग्रह पर त्वरित रूप से प्राथमिक शिक्षा निदेशक चन्द्रशेखर को उक्त संबंध में फाइल तैयार कर उपस्थापित करने का निर्देश दिया।

जेसीईआरटीके उप निदेशक प्रदीप कुमार चौबे को अर्द्धवार्षिक परीक्षा की समय सारणी में ऊर्दू विद्यालयों के बच्चों के लिए ऊर्दू एवं हिंदी विषय की परीक्षा को अलग-अलग पाली में करने का निर्देश दिया, ताकि उर्दू विद्यालय के बच्चे भी हिंदी और ऊर्दू विषय की परीक्षा दे सकें।

**वार्ता के मुख्य विषय** : नई शिक्षक नियुक्ति होने तक विद्यालयों में घंटी आधारित शिक्षकों और मध्य विद्यालय में अनुबंध पर एक लिपिक बहाल करने की मांग की। विद्यालय में कई प्रकार के ऑनलाइन कार्यों का निपटारा करने के लिए सचिव ने जेसीईआरटी के निदेशक किरण कुमारी पासी को दूरभाष पर प्रखंड के कंप्यूटर ऑपरेटर को कार्य पूर्ण करने की जिम्मेवारी दिए जाने संबंधी पत्र निर्गत करने का आदेश दिया। बात-बात पर शिक्षकों का वेतन बंद करने की परिपाटी पर कड़ी आपत्ति जताते हुए उन्होंने आश्वासन दिया कि ऐसी पुनरावृति विभाग के किसी भी अधिकारियों द्वारा नहीं की जाएगी। शिक्षकों के ट्रांसफर पोर्टल पर 2012 के पूर्व नियुक्त कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के शिक्षकों के लिए कोई कॉलम नहीं रहने एवं उसमें कई कमियों पर ध्यान आकृष्ट कराने पर उसे यथाशीघ्र दूर किए जाने की बात कही। बायोमेट्रिक अटेंडेंटस विभागीय कर्मियों के लिए भी अनिवार्य करने की बात कही।

उत्क्रमित वेतनमान के अनुरूप वेतन निर्धारण, राज्य के अन्य कर्मचारियों के समान एमएसीपी का लाभ देने, शिक्षकों की सेवानिवृति उम्र 60 से 62 वर्ष करने, प्राथमिक अथवा उत्क्रमित मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक और एक लिपिक का पद सृजित करने, नई शिक्षक नियुक्ति नियमावली में शिक्षकों का वेतनमान ग्रेड पे 4200 और 4600 करने, सेवा काल में सभी शिक्षकों को पूर्व की तरह एक बार अंतरजिला स्थानांतरण की सुविधा आदि मांगों पर उन्होंने अपनी सहमति जताया। इसे मंत्री एवं मुख्यमंत्री के स्तर पर सरकार के समक्ष रखने की बात कही है। साथ ही, राज्य के सभी शिक्षक से बच्चों की शिक्षा के प्रति अपना बेस्ट देने की अपील मोर्चा के माध्यम से किया है। उन्होंने अपने स्तर से शिक्षकों के हितों के प्रतिकूल किसी भी तरह की कोई प्रतिकूल कार्यवाई नहीं करने की अपनी प्रतिबद्धता को मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल के समक्ष रखी है। मोर्चा शिक्षक हित एवं छात्र हित के अन्य मांगों को सरकार के समक्ष रखने के लिए 21 जनवरी, 2023 को राजभवन के समक्ष महाधरना देने की घोषणा कर चुकी है। इसमें राज्य के सभी शिक्षकों को उक्त महाधरना में शामिल होने का अपील की।

## धर्मांतरण पर असंवैधानिक बयान से आर्च बिशप को बचना चाहिए : दीपक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य में हो रहे धर्मांतरण के संबंध ईसाई धर्म गुरु आर्च बिशप फेलिक्स टोप्पो और मास्करेन हास का आपत्ति जनक बयान न सिर्फ असंवैधानिक है, बल्कि निंदनीय भी है। उन्हें ऐसे बयान से बचना चाहिए। यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने कही। श्री प्रकाश ने कहा कि भारत में सबको अपने अपने धर्म, संप्रदाय, पूजा अर्चना को मानने की संवैधानिक व्यवस्था है। परंतु किसी को भी लोभ, लालच या सेवा के नाम पर आस्था को बदलवाने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य है कि झारखंड की हेमंत सरकार बनते ही तुष्टिकरण की राजनीति हावी हो गई है। उन्होंने कहा कि का यह बयान पूरी तरह अपरिपक्वता से भरा हुआ है जिसमें उन्होंने सत्ता परिवर्तन और धर्म परिवर्तन को एक ही पलड़े में तौला है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के धर्म स्वतंत्र कानून से उन्हें क्यों दिक्कत है जिस में कही भी किसी व्यक्ति को किसी सम्प्रदाय ,पूजा अर्चना को अपनाने की मनाही नहीं है। कानून सिर्फ यह कहता है कि अगर किसी को अपनी पूजा पद्धति, मान्यता को बदलना है तो कानून के प्रावधानों के तहत उपायुक्त को एक आवेदन देकर अपनी बात सूचित करें। अब इसमें कौन सी परेशानी हो गई। उन्होंने कहा कि आखिर प्रशासन को इस बात की जानकारी क्यों नहीं होनी चाहिए। आखिर कोई अपना धर्म बदलकर कल से अल्पसंख्यक की सरकारी सुविधाओं की मांग करेगा तो उसे अल्पसंख्यक की मान्यता प्राप्त करने के पहले उसे प्रशासन को क्यों नहीं बताना चाहिए?

आर्च बिशप ने लोकतांत्रिक परंपराओं का अपमान किया है। आर्च बिशप को यह पता है कि भारत में करोड़ों लोगों केलिए आस्था और सांस्कृतिक पहचान राम, कृष्ण, शिव को भी भारत की संवैधानिक व्यवस्था से जूझना पड़ा है। आज यही कांग्रेस पार्टी जिसके सहयोग से राज्य सरकार चल रही उसने तो एफिडेविट दायर कर राम के अस्तित्व पर ही प्रश्न खड़े कर दिए थे। आज गठबंधन सरकार के संरक्षण में बेधड़क बड़े पैमाने पर लोभ, लालच से गरीब, भोले-भाले लोगों को धर्म संस्कृति परंपरा से काटा जा रहा। आज जब ऐसी संस्थाओं के फंड पर नकेल कसने की बात हो रही, हिसाब किताब पूछे जा रहे तो इनकी बौखलाहट सामने आ रही। भारतीय जनता पार्टी सबका साथ, सबका विश्वास पर कार्य करती है। सभी पंथ संप्रदाय का सम्मान करती है लेकिन किसी के साथ तुष्टिकरण नहीं करती। भाजपा आर्च बिशप से अपने असंवैधानिक बयानों केलिए जनता से माफी मांगने की मांग करती है।

# समाज के हित और अधिकार के लिए जारी रहेगा संघर्ष

## झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की कोर कमिटि की बैठक आयोजित



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की कोर कमिटि की बैठक शनिवार को स्थानीय होटल में हुई। इसकी अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु एवं संचालन प्रधान महासचिव बीरेन्द्र कुमार ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से वैश्य समाज को मान-सम्मान दिलाने, शिक्षा, सुरक्षा, रोजगार और राजनीतिक अधिकार के लिए संघर्ष जारी रखने का निर्णय लिया गया।

बैठक में तय किया गया कि 16 जनवरी को धनबाद से जिला सम्मेलन की शुरूआत की जायेगी। उसके बाद 22 जनवरी को रांची एवं 30 जनवरी को रामगढ़ में जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जबकि अन्य जिलों की तिथि बाद में घोषित किया जायेगा। इस दरम्यान सदस्यता अभियान भी चलता रहेगा। बैठक में विचार-विमर्श के बाद सदस्यता अभियान एवं सांगठनिक सुदृढ़ीकरण के लिए कई केंद्रीय पदाधिकारियों को जिला प्रभारी बनाया गया।

जिसमें लक्ष्मण साहु को रांची ग्रामीण, इंदुभूषण गुप्ता को रांची महानगर, बीरेन्द्र कुमार को रामगढ़, राजेन्द्र मंडल को हजारीबाग, मोहन साव को बोकारो, रेखा मंडल को धनबाद, राजीव कुमार को चतरा, प्रमोद चौधरी को देवघर, बद्री भगत को गोड्डा, प्रेम शंकर भगत को लातेहार, कंचन साहु को गढ़वा, अश्विनी साहु को गुमला, हीरानाथ साहु को खूंटी, जगदीश प्र. साहु को लोहरदगा, नंदलाल साहु को पूर्वी सिंहभूम, विनोद कुमार गुप्ता को पश्चिमी सिंहभूम, अनंतलाल विश्वकर्मा को सरायकेला-खरसावां एवं अजित प्रजापति को कोडरमा का प्रभारी बनाया गया है। बैठक में हीरानाथ साहु, रामसेवक प्रसाद, संजीव चौधरी, अश्विनी कुमार साहु, लक्ष्मण साहु, इंदु भूषण गुप्ता, कपिल प्रसाद साहु, शिवनंदन प्रसाद, गुड्डू साहा, अनिल वैश्य, राहुल कुमार साहु, नंदकिशोर भगत, रोहित कुमार साहु, हलधर, साहु, नरेश साहु, प्रेम कुमार, रेणू देवी, रेणू गुप्ता, तारा देवी उपस्थित थे।

### बैठक में सर्वसम्मति से 3 प्रस्ताव पारित किये गये

पारित प्रस्ताव में सभी केंद्रीय पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों को स्वाभाविक तौर पर अपने गृह प्रखंड एवं जिला में संगठन को मजबूत बनाने का दायित्व निभाना होगा। साथ ही जिला प्रभारी एवं जिला अध्यक्ष के साथ मिलकर काम करना होगा। सभी केंद्रीय पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों को स्वयं भी अपने हाथ से सदस्य बनाना होगा, ताकि उनकी भी पहचान वैश्य मोर्चा के पदाधिकारी एवं वैश्य नेता की बन सके। ओबीसी को 27% आरक्षण के मुद्दे पर महामहिम राज्यपाल सहित सभी लोकसभा एवं राज्यसभा के सांसदों को ज्ञापन देकर आग्रह किया जाएगा कि वे केंद्र सरकार से 9वीं अनुसूची के तहत पारित करवाने की पहल करें।

# अंगदान देहदान के प्रति जागरुकता को लेकर निकाली गयी रैली



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा के द्वारा अंगदान देहदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए भव्य रैली का आयोजन किया गया जिसमें पूरे जोश से भरे हुए 100 सदस्य शामिल थे। राष्ट्रीय सचिव रूपा अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रैली को प्रस्थान करवाया। यह रैली बालकृष्ण स्कूल प्लस टू उच्च विद्यालय से झंडा चौक होते हुए बालकृष्णा स्कूल में रैली की समाप्ति हुई। रैली में रांची शाखा अध्यक्ष नैना मोर के साथ समिति की बहनें, बालकृष्णा स्कूल की छात्राएं शिक्षकगण पुरश्री की सदस्य एवं माहेश्वरी महिला समिति की सदस्य शामिल थीं। राष्ट्रीय संपादिका अलका सरावगी ने रैली में सहयोग के लिए सभी का धन्यवाद किया।

## पाम इंटरनेशनल स्कूल क्वालिटी एजुकेशन देने के साथ लीडर्स ऑफ टूमोरो तैयार करने की दिशा में प्रयासरत : महमूद आलम

**रांची।** पाम इंटरनेशनल स्कूल ने शनिवार को ईदगाह मैदान बरियातू में विद्यालय का वार्षिकोत्सव रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत तिलावते कुरान से हुई । कार्यक्रम में कक्षा प्री नर्सरी से दसवीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं ने अपनी कार्यक्रम की प्रस्तुति से आमंत्रित तमाम अतिथियों व अभिभावकों का दिल जीत लिया। स्टूडेंट्स ग्रुप के प्रत्येक कार्यक्रम की प्रस्तुति पर लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से हौसला आफजाई किया। कार्यक्रम की प्रस्तुति के क्रम में विद्यालय के स्टूडेंट्स ताइक्वांडो मार्शल आर्ट का हैरतअंगेज प्रदर्शन कर लोगों को हतप्रभ कर दिया। स्कूल के चेयरमैन महमूद आलम ने कार्यक्रम में पाम इंटरनेशनल स्कूल (पीआईएस) के विजन और मिशन पर विस्तृत प्रकाश डाला। कहा कि कट थ्रॉट प्रतियोगिता के मौजूदा समय में पीआईएस बच्चों को गुणवत्तापूर्ण, संस्कारयुक्त और ऐसी शिक्षा देते हुए लीडर्स ऑफ टूमोरो तैयार करने की दिशा में प्रयासरत्त व प्रतिबद्ध हैं ताकि बच्चे यहां से अर्जित ज्ञान व अनुभव से अपनी उच्चत्तर शिक्षा को सहजता से समझ सकें और उसी अर्जित ज्ञान से अपने सफल व्यक्तित्व का निर्माण करे सकें।

## राशन कार्ड फर्जीवाड़ा में बरियातु के पीडीएस दुकानदार पर प्राथमिकी

**रांची।** बरियातू के जनवितरण प्रणाली दुकानदार कामेश्वर बड़ाईक के खिलाफ जिला आपूर्ति कार्यालय ने प्राथमिकी दर्ज करायी है। कामेश्वर ने राशन कार्ड में फर्जी तरीके से लाभुकों का नाम जोड़कर उनके नाम से गलत तरीके से राशन उठाया, जिसे गंभीरता से लेते हुए पणन पदाधिकारी उत्तम कुमार ने बरियातू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। श्री बड़ाईक को विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी ने 12 प्रतिशत प्रतिवर्ष ब्याज की दर से 14.63 लाख रुपये वसूली का आदेश दिया था। इसके लिए सात दिनों का समय दिया गया था लेकिन निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी राशि जमा नहीं किया। उन्हें चलान के जरिये राशि जमा करनी थी। लेकिन न ही उनकी ओर से कोई जवाब ही दिया गया। कामेश्वर बड़ाईक राशन कार्ड में अवैध तरीके से नाम जोड़वाकर कई वर्षों तक राशन का उठाव करता रहा। मामला तब सामने आयी जब कार्डधारियों से पूछताछ की गयी। लाभुकों ने लिखित बयान दिया कि उन्हें पीएमजीकेएवाइ के लिए आवंटित राशन सामग्री नहीं दी जाती है।

## विश्वम्भर फांउण्डेशन का पंचांग विमोचन 25 को

**रांची।** बिश्वम्भर फॉउण्डेशन, ट्रस्ट रांची के द्वारा हरमू में स्थित स्वागतम बैंक्वेट हॉल में स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के जयंती दिवस के अवसर पर 'पंचांग विमोचन सह स्नेहिल मिलन' कार्यक्रम को आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रातः 11 : 30 मिनट बजे होना तय है। जैसा की ज्ञात है बिश्वम्भर फॉउण्डेशन मैथिली भाषा के संग अन्य झारखण्ड की स्थानीय भाषा के संवर्धन के क्षेत्र एवं अन्य सामाजिक कार्य में अपनी अहम भूमिका निभा रही है। वर्ष 2023 के पंचांग सह कैलेण्डर में झारखण्ड की प्रख्यात सोहराय पेंटिंग एवं मिथिला के पेंटिंग के माध्यम से संस्कृति एवं परिधान को चित्रकला की प्रख्यात कलाकार श्रीमती अभिलाषा चौधरी के पेंटिंग के माध्यम से दशार्या गया है।

## आंखों की बीमारियों पर साइंटिफिक सेमिनार का आयोजन

# समय पर इलाज और बचाव पर ध्यान देना ज्यादा जरूरी

**भारत में 30 से 40% लोग आंखों में समस्या होने के बाद काफी देर से इलाज कराते हैं**

**डायबीटिक रेटिनोपैथी से ग्रसित मरीज अपनी आंखों की रोशनी समय पर इलाज और बचाव पर ध्यान देना ज्यादा जरूरी**




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची ओफ्थल्मिक फोरम एवं रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओफ्थल्मोलॉजी झ रिम्स के संयुक्त तत्वधान में द काव्स होटल के सभागार में आंखों की बीमारियों पर एक साइंटिफिक सेमिनार सह क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य के 100 के करीब नेत्र चिकित्सकों ने भाग लिया। इस साइंटिफिक सेमिनार सह क्रिसमस मिलन समारोह की संयोजिका सह रांची ओफ्थल्मिक फोरम की सेक्रेटरी डॉ भारती कश्यप ने स्वागत भाषण प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस सेमिनार में बाहर से आए अतिथि वक्ता नई दिल्ली एम्स के प्रोफेसर. डॉ राजेश सिन्हा, नागपुर के रेटीना सर्जन डॉ प्रशांत बावनकुले एवं नई दिल्ली के श्रॉफ आई हॉस्पिटल की ग्लूकोमा विशेष डॉ. सुनीता दुबे को रांची ओफ्थल्मिक फोरम एवं रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओफ्थल्मोलॉजी झ रिम्स के पदाधिकारियों के द्वारा सम्मानित किया गया। इस सेमिनार में नई दिल्ली एम्स के प्रोफेसर राजेश सिन्हा ने कॉर्निया की बीमारी में मोतियाबिंद सर्जरी एवं रिफ्रैक्टिव सर्जरी के पहले की जाने वाली जरूरी जांच के बारे में विस्तार से बताया। नागपुर के रेटीना सर्जन डॉ प्रशांत बावनकुले ने आंखों के पर्दे की बीमारियों की सही पहचान में ओ.सी.टी जांच के महत्व पर प्रस्तुति दी। नई दिल्ली के श्रॉफ आई हॉस्पिटल की ग्लूकोमा विशेष डॉ. सुनीता दुबे ने ग्लूकोमा सर्जरी की नई तकनीक ट्यूब इम्प्लांट सर्जरी एम.आई.जी.एस. सर्जरी के बारे में बताया।

कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल की कॉर्निया सर्जन डॉ. निधि गड़कर कश्यप ने कॉर्निया प्रत्यारोपण की जटिल सर्जिकल विधियों को विडियो के माध्यम से प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में रिम्स के नेत्र विभागाध्यक्ष डॉ राजीव गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। डॉ भारती कश्यप ने कहा साइंटिफिक सेमिनार के बाद सभी नेत्र चिकित्सकों ने क्रिसमस केक कांटा। इस तरह के आयोजन से चिकित्सकों में आपसी भाईचारा बढ़ता है।

**नियमित रेटिना टेस्ट का महत्व :**
नागपुर के रेटीना सर्जन डॉ प्रशांत बावनकुले ने बताया की आपको रेटिना चेकअप कब करवाना चाहिए?

**यदि आप इनमें से किसी भी असामान्य आंख की समस्या का सामना कर रहे हैं, तो तुरंत उनकी जांच करवाएं:** आज-कल 7 से 10 फीसदी डयबिटीज के युवा मरीजों में डायबिटिक रेटिनोपैथी की समस्या होती है। जिसका तुरंत इलाज न होने पर आँखों की रौशनी जाने का खतरा रहता है। जेनेटिक प्रोफाइल और गलाइसेमिक कंट्रोल के आधार पर किसी को भी डायबिटिक रेटिनोपैथी से प्रभावित होने में कितना भी समय लग सकता है। भारत में लगभग 30 से 40 फीसदी लोग आँखों में कोई समस्या होने पर जाँच काफी देर से करते हैं। डायबिटिक रेटिनोपैथी के केवल 11 फीसदी मरीज ही असल में अपनी आँखों की रौशनी को बचा पते है। इस लिए डॉक्टर के तौर पर हम इसके बचाव पर ज्यादा जोर देते है।

डॉक्टर सुनीता दुबे ने दी ग्लूकोमा जानकारी
ग्लूकोमा दुनिया भर में अंधेपन का दूसरा सबसे आम कारण है। 2013 में ग्लूकोमा से पीड़ित लोगो की संख्या लगभग 6 करोड़ से ज्यादा थी जो कि 2040 में बढ़कर 11 करोड़ से ज्यादा होने का अनुमान है।

ग्लूकोमा में अक्सर आंख का प्रेशर बढ़ जाता है जिससे आंख की नस हमेशा के लिए खराब हो सकती है। काले मोतिये से एक बार रौशनी चली जाने पर उसे वापस नहीं लाया जा सकता इसलिए ये बहुत जरुरी है कि सही समय पर इसकी नियमित जाँच करके इसकी रोकथाम की जाये और इसे बढ़ने न दिया जाय। शुरूवाती समय में इसके कोई लक्षण मरीज को पता नहीं चलते जिसके कारणवश 90 प्रतिशत मरीज काफी रौशनी खो देने के बाद चिकित्सक के पास आते हैं।

जिन मरीजो की उम्र 40 से ऊपर है, मधुमेह हैं, ऑख का चश्मे का नंबर बहुत ज्यादा हैं, ऑख में कभी चोट लगी हो, या किसी कारणवश स्टेरॉयड का सेवन लम्बे समय तक किया हो, या परिवार में किसी को काला मोतिया हुआ हो - इन लक्षणों वाले मरीजो को अपनी आँखों की नियमित जाँच नेत्र चिकित्सक से करवाना जरूरी है।

## खबर एक नजर में

### श्याम भंडारा का भव्य आयोजन

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर आज हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 42वां श्री श्याम भंडारा का भव्य विराट आयोजन किया गया । ज्ञातव्य है कि प्रत्येक शनिवार को श्री श्याम भंडारा हर मंगलवार को श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन होता है।आज के भंडारे का महाप्रसाद बनाने का कार्य शुक्रवार से ही श्री श्याम मंदिर के श्री श्याम रसोई में मंडल के अध्यक्ष श्री सुरेश सरावगी के निगरानी में कुशल कारीगरों की टीम द्वारा किया जा रहा था। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष श्री सुरेश सरावगी ने बताया कि आज के 42 वे श्री श्याम भंडारे में मावा युक्त गाजर हलवा वेजिटेबल पुलाव विजिटेबल उपमा पालक कचोरी आलू चना कद्दू की सब्जी और धनिया पुदीना की चटनी का 6 वस्तु का महाप्रसाद निर्मित किया गया। दोपहर समाप्त होते ही भंडारे का प्रसाद प्राप्त करने के लिए भक्तगण मंदिर में एकत्र होने लगे लंबी-लंबी कतारें लगनी प्रारंभ हो गई।

### झारखण्ड प्रदेश शौण्डिक (सुड़ी) समाज का वैवाहिक परिचय सम्मेलन आज

**रांची।** झारखण्ड प्रदेश शौण्डिक (सुड़ी) समाज का द्वितीय वैवाहिक परिचय सम्मेलन सह पारिवारिक वार्षिक मिलन समारोह का आयोजन रविवार को बूटी रोड स्थित लोयला कॉन्वेंट स्कूल में प्रातः 10.30 बजे से किया गया है। इसके मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद आदित्य साहू एवं विशिष्ट अतिथि जयदीप साहू होंगे। यह जानकारी झारखण्ड प्रदेश शौण्डीक (सुड़ी) समाज के महासचिव अशोक कुमार प्रसाद ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में 100 से अधिक युवक युवतियों का वैवाहिक परिचय कराया जाना है तथा 6ट्ठी एवं 7वीं जेपीईसी परीक्षा में सफल हुए स्वजाति बंधुओं को सम्मानित भी किया जाना है। इस कार्यक्रम में झारखण्ड के सभी जिलों के गावों से हजारों की संख्या में सुडी जाति के सदस्यों के आलावे भारत के अन्य राज्यों से भी काफी संख्या में प्रतिनिधि भाग लेनेवाले हैं। कार्यक्रम में महिलाओं एवं बच्चों के लिए क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन एवं प्राइज वितरण किया जायेगा।

### झामुमो नेता लखींद्र पाहन का निधन, शोक

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी और झामुमो के कद्दावर नेता केदल पंचायत के पूर्व मुखिया लखींद्र पाहन का शनिवार की सुबह निधन हो गया। वह 62 वर्ष के थे। लखींद्र पाहन बीआईटी विस्थापित संघ के अध्यक्ष व क्षेत्रीय सरना समिति के संरक्षक भी थे। वह क्षेत्र में लोगों के बीच काफी लोकप्रिय थे। उन्हें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भईया कहकर बुलाते थे, क्योंकि दिशोम गुरु शिबू सोरेन के भी वह काफी प्रिय थे। जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह 2 बजे के करीब उठकर शौचालय जाने लगे और वहीं पर गिर पड़े। परिजनों ने उन्हें आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया, परंतु डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शनिवार की दोपहर उनका अंतिम संस्कार मसना स्थल में किया गया। अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे । लखींद्र पाहन के बेटे आकाश पाहन ने उन्हें मुखाग्नि दी। स्वर्गीय लखींद्र पाहन की चार बेटियां और एक पुत्र है। तीन बेटियां इंजीनियर और एक एमबीए कर चुकी है।

### खेल मन एवं तन बनाता है मजबूत : दीपक प्रकाश

**रांची।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में तीन दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दीपक प्रकाश ने कहा कि विद्यालय में बच्चे संस्कार युक्त शिक्षा के साथ-साथ देश एवं समाज की सेवा की सीख प्राप्त करते हैं। वेदों की शिक्षा को मन, वचन एवं कर्मों में भी उतरना चाहिए। खेल हमारे मन एवं तन दोनों दोनों को मजबूत बनाता है मजबूत व्यक्तियों से ही मजबूत राष्ट्र का निर्माण संभव है। आज देश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए गांव की प्रतिभा को आगे लाने का प्रयास हो रहा है। आज जो बच्चे विद्यालय स्तर पर खेलों में भाग ले रहे हैं वह आगे जाकर राज्य,राष्ट्रीय स्तर एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल कर देश का नाम पूरे विश्व में रोशन करेंगे। कार्यक्रम की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए अखिलेश नाथ मिश्र ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास रहता है। खेल शिक्षा का एक महत्वपूर्ण अंग है।

### इनर व्हील क्लब ने रिम्स कैंपस में बांटी खिचड़ी

**रांची।** आज जहां लोगों को एक दूसरे की जरूरतों का ध्यान नहीं रहता, वहीं, इनर व्हील क्लब ऑफ क्षितिज की ओर से एक छोटी सी पहल की गई। यह पहल उनलोगों के लिए की गयी, जो अपने परिजनों को दूर-दराज से इलाज के लिए लेकर आते हैं। उन्हें थोड़ी सी मदद को इनर व्हील क्लब के सदस्यों मे हाथ बढ़ाया। गुरुवार को क्लब की अध्यक्ष कविता तिवारी के नेतृत्व में रिम्स परिसर में खिचड़ी का वितरण किया गया। इस दौरान करीब 250 लोगों को भोजन कराया गया। इस दौरान रिम्स कैंपस में मौजूद महिलाओं को काफी मदद मिली। मौके पर क्लब की सचिव पिंकी पॉल सहित क्लब की सदस्य वीणा अग्रवाल, रश्मि खेतान, सविता सिंह, रानी, सुनीता और लवि राय आदि उपस्थित थीं।

# डीएसपीएमयू में 27 से द इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन का 105वां वार्षिक अधिवेशन

**वृहत शिक्षा समागम में देश के लब्ध प्रतिष्ठित शिक्षाविदों और अर्थशास्त्रियों का होगा महाजुटान**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) की ओर से 27, 28 और 29 दिसंबर को द इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन का 105वां वार्षिक अधिवेशन होगा। डीएसपीएमयू और रांची विश्वविद्यालय आयोजित तीन दिवसीय अधिवेशन में आर्थिक विषयों पर केंद्रित वृहत शिक्षा समागम में देश के लब्ध प्रतिष्ठित शिक्षावादि, अर्थशास्त्री के विद्वानों का जुटान होगा। यह जानकारी प्रेस कांफ्रेंस के दौरान रांची विवि के वीसी डॉ अजीत कुमार सिन्हा और डीएसपीएमयू के वीसी डॉ टीके शांडिल्य ने संयुक्त रूप से शनिवार को दी। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन कि स्थापना 1917 में हुई थी। यह भारत का सबसे पुराना आर्थिक संगठन है। हर साल इसका आयोजन देश के अलग-अलग हिस्से में होता है। इस साल के अधिवेशन में 89 स्पीकरों को इनवाइट किया गया है। अभी तक इस सम्मेलन में 700 पार्टिसिपेशन ने पंजीकरण करा लिया है। इस संगठन के अध्यक्ष किट और किस के संस्थापक प्रो अच्युत सामंत हैं। इस 105वें अधिवेशन के अध्यक्ष प्रो एडीएन वाजपेयी हैं। वहीं मुख्य कन्वेनर डॉ अनिल कुमार ठाकुर और आयोजन के संरक्षक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो तपन कुमार शांडिल्य हैं। प्रतिनिधियों को भी काफी कुछ सीखने को मिलेगा इस मौके पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि लगातार देश के विभिन्न हिस्सों में आयोजित किए जाने वाले इस वार्षिक अधिवेशन में अपनी भागीदारी करने का अवसर प्राप्त हुआ है। इन अनुभवों के आधार पर यह निश्ति तौर पर कहा जा सकता है कि इस आर्थिक सम्मेलन की पूर्णता के उपरांत यह न सिर्फ डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय को बल्कि अन्य विश्वविद्यालयों के शामिल प्रतिनिधियों को भी काफी कुछ सीखने को मिलेगा। सम्मेलन से संबंधित न्यूज लेटर का प्रकाशन किया जा चुका है, जिसमें पूर्व के वार्षिक अधिवेशनों का ब्यौरा और वर्तमान अधिवेशन की रूपरेखा और इस इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन से जुड़े सदस्यों का विवरण है। यह सत्र झारखंड विशेष के शिक्षाविदों और शोधार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगा। मौके पर डीएसपीएमयू की रजिस्ट्रार डॉ नमिता सिंह, वित्त पदाधिकारी आनंद कुमार मिश्रा, धनंजय द्विवेदी, डॉ अशोक नाग, पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह उपस्थित थे।

# वीर बुधू भगत की जयंती मनाने की तैयारी में जुटे आदिवासी संगठन

**केन्द्रीय सरना समिति व आदिवासी विकास परिषद पहुंचा सिलांगाई**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय सरना समिति एवं अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के प्रतिनिधि मंडल में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत वीर बुधू भगत के जन्मस्थली सिलागाई का दौरा किया। झखराकुंबा में आयोजित बैठक की अध्यक्षता रघुनाथपुर पंचायत के मुखिया महादेव उरांव ने एवं संचालन शिव उरांव ने किया। बैठक में आगामी 17 फरवरी 2023 को वीर बुधू भगत जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय किया गया। साथ ही वीर बुधू भगत के स्मारक समिति का तीन साल पूरा होने पर समिति को सर्वसम्मति से भंग कर दिया गया एवं आगामी 31 दिसंबर को बीर बुधू भगत स्मारक समिति का पुर्नगठन करने का निर्णय लिया गया। 31 दिसम्बर को दिन के 11 बजे बैठक होगी एवं 12 बजे चुनाव होगी। चुनाव की प्रक्रिया स्मारक समिति नीति के संविधान के अनुसार होंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय सरना समिति के केन्द्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की एवं अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष सत्यनारायण लकड़ा उपस्थित थे। केंद्रीय सरना समिति के केन्द्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि वीर बुधू भगत देश के पहले स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ कर देश का आजादी का बिगुल फूंका था। लेकिन आज इसका इतिहास को छुपाया गया है। आज राष्ट्रीयस्तर तक पहचान दिलाने की जरूरत है। मौके केंद्रीय सरना समिति के संरक्षक भुवनेश्वर लोहरा, राम किशोर, भगत सत्यनारायण लकड़ा, जॉनी उराँव, मोहम्मद गफ़्फ़ार, पवन उराँव, बीरबुध भगत के वंशज शिवपुरी भगत रामधनी भगत, गुड़िया कुमारी, मंजु मिंज, परमेश्वर भगत, जमशेदपुर डीके सिंह, मुकुल कुमार एवं अन्य शामिल थे।

# 26 से मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप का राज्य स्तरीय मुकाबला

## बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में 8 टीमों के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल का राज्य स्तरीय मुकाबला 26 से 29 दिसंबर तक बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी रांची में खेला जाएगा. इस प्रतियोगिता में पुरुष और महिला वर्ग की 8-8 टीमें हिस्सा लेंगी। इस प्रतियोगिता में चार जोनों की विजेता और उपविजेता टीमें दमखम दिखाएंगी। प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों के 288 प्रतिभागी भाग लेंगे। जोनल स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन पिछले दिनों रांची, दुमका, धनबाद एवं पश्चिमी सिंहभूम में कराया गया था। इसमें विजेता और उपविजेता रही टीमों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खेलने का मौका दिया गया है। प्रतियोगिता में कुल 31 मैच खेले जाएंगे। सभी मैच लीग कम नॉक आउट पद्धति से खेले जाने हैं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता टीम को 3 लाख, उपविजेता को 2 लाख और तीसरे तथा चौथे स्थान पर आने वाली टीम को 50-50 हजार रुपए की इनाम राशि दी जाएगी। पहले से तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम के सभी खिलाड़ियों को फुटबॉल किट भी प्रदान किए जाएंगे।



**सीएम हेमंत सोरेन होंगे समापन समारोह के मुख्य अतिथि :** अपर सचिव के मुताबिक टूनार्मेंट में आने वाले 288 प्रतिभागियों के ठहराव, भोजन का इंतजाम मोरहाबादी स्थित एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में किया गया है। उद्घाटन समारोह 26 दिसंबर को, जबकि समापन समारोह 29 दिसंबर को अपराहन 3 बजे होगा। उद्घाटन समारोह में खेल मंत्री हफीजुल हसन, जबकि समापन समारोह में सीएम हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि होंगे। प्रतियोगिता की सारी तैयारियां पूरी हो चुकी है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में खेलकूद निदेशालय के अवर सचिव देव शंकर दास, साझा के खेल समन्वयक और ओलंपियन मनोहर टोपनो, रांची के जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार, झारखंड ओलंपिक संघ के शिवेन्द्र दुबे सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

**पुरुष वर्ग की टीम :** दुमका जोन से - गोड्डा, पाकुड़, पश्चिमी सिंहभूम जोन से - सरायकेला, पूर्वी सिंहभूम, रांची जोन से - रांची, लोहरदगा और धनबाद जोन से - धनबाद, कोडरमा।

**महिला वर्ग की टीम :** दुमका जोन से - पाकुड़, साहेबगंज, पश्चिमी सिंहभूम जोन से - गुमला, पश्चिमी सिंहभूम, रांची जोन से - रांची (कामडारा प्रखंड), रांची (अनगड़ा प्रखंड) और धनबाद जोन से - धनबाद, बोकारो।

स्पीड न्यूज

## आजसू नेता अभिषेक की माता का निधन



**कांके।** आजसू नेता सह कांके पश्चिमी पंचायत के पूर्व मुखिया अभिषेक राज हैरेंज की 60 वर्षीय माता निशा हैरेंज का हृदय गति रुकने से 24 दिसंबर की दोपहर निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार 25 दिसंबर को सुबह 11 बजे सुकुरहूटू रोड कांके कैंसर हॉस्पिटल समीप कब्रिस्तान में होगा। अभिषेक राज ने बताया कि मेरी माता कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। इनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर हो गई। कई गणमान्य लोगों और नेताओं ने अभिषेक के घर जाकर निशा हेरंज को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सिल्ली पुलिस ने विक्षिप्त को इलाज के लिए भेजा रिनपास

**सिल्ली।** सिल्ली पुलिस ने थाना क्षेत्र के पलाशडीह निवासी जयप्रकाश महतो के मानसिक रूप से विक्षिप्त 21 वर्षीय पुत्र मनजय महतो को इलाज के लिये रिनपास भेज दिया। पुलिस के मुताबिक ग्रामीणों ने पुलिस को लिखित शिकायत दी थी कि इस विक्षिप्त युवक रोज दिन सड़को पर लोगों से अभद्र व्यवहार करता है। मनमानी तरीके से पैसे की मांग करता है। कई बार मार्ग भी अवरुद्ध कर देता है इससे विधि व्यवस्था में बाधा उतपन्न हो रही है। ग्रामीणों के आग्रह पर इसे इलाज के लिये रिनपास भेज दिया गया है।

## उरंग गढ़ा नदी पर पुल के निकट शिवा मेला कल

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड के मुरी गोला पथ पर उरंग गढ़ा नदी पर पुल के निकट सोमवार को शिवा मेला का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए आयोजन समिति के लोगो ने बताया कि प्रत्येक साल की तरह इस साल भी मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमो एवं प्रतियोगी कार्यक्रम होंगे।

## चान्हो: सड़क हादसे में युवक की मौत

**चान्हो।** बिजुपाड़ा खलारी मुख्य पथ पर स्थित चोरेया मोड़ के निकट हुए सड़क हादसे में एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना शनिवार देर शाम की है। बताया जाता है कि पिपरा टोली निवासी 25 वर्षीय इमरान अंसारी अपनी बाइक से बीजू पाड़ा की ओर जा रहा था तभी उस स्थान के निकट इटलदा टर्बो ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। बताया जाता है कि ट्रक का 1 टायर ब्लास्ट कर गया था जिसके कारण टर्बो असंतुलित हो गया था और यह हादसा हुआ बाइक सवार इमरान को चपेट में लेने के बाद असंतुलित होकर बंसी महतो के घर में टर्बो पलट गया। गनीमत है की वहां मौजुद किसीको चोट नहीं लगी। घायल इमरान को तत्काल चान्हो स्मुदायिक स्वास्थय केन्द्र पहुंचाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## सुकुरहुटू रिंग रोड पर दुकान में चोरी के बाद लगाई आग

**कांके।** थाना क्षेत्र के सुकुरहुटू रिंग रोड चौधरी पेट्रोल पंप के समीप आसामाजिक तत्वों चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर 5300 रुपए नगद सहित सामानों की चोरी कर ली और पुआल डालकर दुकान में आग लगा दी। भुक्तभोगी जाकिर मंसूरी ने कांके थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। कांके थाना में दिए आवेदन में बताया गया है कि सुनील मुंडा उर्फ मोटू, शैलेश मुंडा, ललित मुंडा, लालू मुंडा ने योजनाबद्ध तरीके से रात करीब डेढ़ बजे 1.30 दुकान में आकर ताला तोड़कर 5300 सौ रुपए नगद, गैस सिलेंडर, 3 पेटी बिस्किट चोरी कर ले गए।

## वृद्ध महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण

**पिस्कानगड़ी।** जोहर पार्टी की केंद्रीय अध्यक्ष कुशवाहा विजय कुमार महतो शनिवार को प्रखंड के लादा ग्राम में नववर्ष एवं क्रिसमस के उपलक्ष्य में वृद्ध महिलाओं के बीच साड़ी वितरण की मौके पर सपोर तिग्गा, मरियम तिगरा, शशि तिग्गा, मीना तिग्गा, मार्शल खलखो उपस्थित थे।

# प्रभु यीशु का जन्म होते ही झूम उठे लोग

### येशु मसीह का हर्ष से मनाया गया जन्मोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेड़ो।** प्रभु यीशु के जन्मोत्सव पर क्रिसमस के आयोजन को लेकर बेड़ो प्रखंड क्षेत्र के गिरजाघर सज-धजकर तैयार है। कार्यक्रम आयोजन की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दिघिया चर्च परिसर में शनिवार की रात 10 बजे से मिस्सा पूजा अनुष्ठान एचरनी की आशीषए व प्रार्थना की शुरूआत होगी। प्रखंड के रोमन कैथोलिक चर्च दिघिया व खत्रीखटंगा गिरजाघर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। करांजी गांव में आकर्षक चरनी बनाई गई है। जहां बिजली बल्बएरंग बिरंगे लट्टूओं व रंगीन झालर से चर्च की शोभा देखते ही बन रही है। गिरजाघर व परिसर में बने चरनी में प्रभु यीशु का दर्शन होगा। चर्च के पल्ली पुरोहित सह मुख्य अनुष्ठान कर्ता फादर विंसेंट मिंज ने बताया कि प्रभु यीशु का जन्मोत्सव रात 10 बजे से मनाया जाएगा। इस अवसर पर चरनी का आशीष, प्रार्थना अनुष्ठान, मिस्सा पूजा, यीशु चुंबन, यीशु संदेश व बाइबिल पाठ कर प्रभु की उपासना की जाएगी।

### उत्साहित थे मसीही समुदाय के लोग

इधर क्रिसमस को ले मसीही समुदाय में काफी उत्साह देखा जा रहा है। वहीं आयोजन को सफल बनाने में क्रमशः फादर अजय मिंज, फादर शिशिर सुरीन, फादर राबर्ट मिंज, प्रिसियुस मिंज, माता प्रबला केरकेट्टा, सिस्टर नीलिमा, बिल्किट, मारियट, पात्रिक तिर्की, काथलिक सभा अध्यक्ष देवनिश तिग्गा, निकोलश प्रकाश मिंज, सुधीर टोप्पो, किशोर भूषण तिर्की, रवि फ्रांसिस मिंज, दिलीप कुजूर, ऐमिल तिग्गा, प्रभात लकड़ा, सुनिल मिंज, सिल्वेस्टर कच्छप, रियोन, नवीन, मोहित, प्रताप, मंगल, पतर व राफेल आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

# रातू: एटीएम में हेराफेरी कर 15 हजार की निकासी

### साइबर अपराधियों का शिकार हो रहे उपभोक्ता

### मॉल से 10,400 रुपये की खरीदारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र में साइबर क्राइम सर चढ़ कर बोल रहा है। पुलिस की चौकसी के बावजूद घटनाएं थम नहीं रही है। हालांकि असावधानी की वजह से उपभोक्ता आये दिन इसके शिकार हो रहे हैं। गुरुवार को अपराधियों ने आमटांड़ निवासी गुप्तेश्वर पांडेय को निशाना बनाया। एटीएम बदल कर 15 हजार की न केवल निकासी की। बल्कि सीटी मॉल से 10,400 रुपये की खरीदारी भी कर ली। जानकारी के मुताबिकए श्री पांडेय गुरुवार की शाम 4.15 बजे यूनियन बैंक के एटीएम में पैसा निकालने गये। एटीएम में दो युवक घुस गये। पैसा नहीं निकलने का बहाना बना पीछे से एक युवक उन्हें गाइड करने लगा। दुसरे ने पीछे से कुछ कहा, जिससे उनका ध्यान भटक गया। इतने में दोनों एटीएम की हेराफेरी कर चलते बने। श्री पांडेय भी बाहर आ गये। कुछ देर में उनकी पत्नी ने फोन किया कि एटीएम से पांच और दस हजार की निकासी हो गयी है। यह सुनते ही उनके होश उड़ गये। कार्ड देखने पर पता चला कि एटीएम बदला हुआ है। रात्रि 8.15 बजे सिटी मॉल से 10,400 की खरीदारी का मैसेज आया। भुक्तभोगी ने थाने में इसकी लिखित शिकायत की। शनिवार को मॉल के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गये। इसमें हेमलेट पहने दो युवक खरीदारी करते दिख रहे हैं। पुलिस अपराधियों की पहचान कर लेने का दावा करते हुये उनकी गिरफ्तारी में जुट गयी है।

# कमड़े में 38 जोड़ी का कराया गया वैवाहिक परिचय, संघ के दर्जनों पदधारी बने गवाह

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** झारखंड प्रादेशिक कलवार कल्याण सभा की ओर से कमड़े के रवि स्टील चौक स्थित अशोक वाटिका बैंक्विट हॉल में पारिवारिक मिलन सह वैवाहिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। मनोज चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में समाज के स्त्री पुरुष व बच्चे-बच्चियों ने हिस्सा लिया। चौधरी सेवा संघ के पूर्व महामंत्री हरिशंकर चौधरीए वेटनरी कॉलेज के डीन डॉ सुशील प्रसादएजनरल मैनेजर मेकॉन हीरालाल चौधरीए महिला कॉलेज की प्रो डॉ सीमा प्रसाद, संघ के अध्यक्ष सुधीर चौधरी, छात्र क्लब मानव कल्याण मंच के प्रदेश संरक्षक ललित चौधरी, वैश्य चौधरी कल्याण समिति के अध्यक्ष पुतुल चौधरी, छात्र क्लब चिकित्सक मंच के संरक्षक अजय चौधरी, निदेशक जियोलॉजी मनोज कुमार एवं सुधीर जायसवाल, संजीव जयसवाल, रितेश कुमार, वरुण बिहारी व चंद्रमोहन चौधरी ने दीप प्रज्जवलित कर इसका उद्घाटन किया। संचालन आकांक्षा व संजीता और धन्यवाद ज्ञापन श्रद्धानंद उवि के सेवानिवृत प्राचार्य आदित्य चौधरी ने दिया। अतिथियों को पुष्प गुच्छ व अंग वस्त्र भेंट की गयी। वहीं 38 जोड़ी का वैवाहिक परिचय कराया गया।

### इन्होंने निभायी भूमिका

अध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, सचिव काशी प्रसाद जयसवाल, सह सचिव चंद्र कुमार चौधरी, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद, महिला प्रकोष्ठ की उपाध्यक्षा राधा चौधरी, राजेश चौधरी, रश्मि चौधरी, सतीश चौधरी, संजय चौधरी, कुणाल शाह, मिथलेश साहू, अशोक प्रसाद, ललित चौधरी व शिव किशोर शर्मा आदि।

# बीएयू के कर्मचारियों की साठगांठ से सरकार को राजस्व का नुकसान

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांके।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में सिविल कार्यों के लिए कार्य व संयंत्र विभाग की स्थापना हुई थी। लेकिन वर्तमान में इस विभाग की छवि अधिकारी और कर्मचारी मिलकर धूमिल करने पर तुले हुए हैं। सिविल कार्यों को लेकर उपनिदेशक अभियंता कर्मचारी ठेकेदारों के साथ सांठगांठ कर कमीशनखोरी कर रहे हैं। विभाग में निविदा निकलने से पूर्व ही ठेका मैनेज कर मनचाहे ठेकेदारों को कार्य दे दिया जा रहा है। बताते चलें कि नाहेप प्रोजेक्ट के तहत 21 दिसंबर को एक निविदा 17 लाख रुपए की संपन्न हुई। जिसमें चेहते ठेकेदार को निर्धारित प्राक्कलिपित राशि में ही कार्य आवंटित करने की तैयारी कर ली गई। ऑनलाइन निविदा में भाग लेने वाले 10 से 15 प्रतिशत तक कम राशि में कार्य करने को तैयार ठेकेदारों को निविदा के मूल प्रति डालने ही नहीं दिया गया। इस संबंध में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह रांची महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव महेश कुमार मनीष ने कहा कि यूपीए गठबंधन की सरकार में भ्रष्टाचार और अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकारी राजस्व का नुकसान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निविदा प्रक्रिया में कुलपति डॉ ओपी सिंह से जांच कर 26 दिसंबर तक सभी दोषियों पर कार्रवाई करने व निविदा रद्द करने की मांग की है। कार्रवाई नहीं होने पर 27 दिसंबर को उप निदेशक कार्य व संयत्र को पद से हटाने और निविदा रद्द करने की मांग को लेकर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

एक नजर में

## एसएसबी जवानों ने गांजा के पौधों को किया नष्ट



**राहे।** प्रखंड के कनकट्टा गांव में 50 डिसमिल से अधिक जमीन में लगे गांजा के पौधों को एसएसबी 26 वी बटालियन ए कम्पनी के जवानों ने नष्ट किया। गुप्त सूचना के आधार पर एसएसबी के जवानो सहायक कमांडेंट सिद्धार्थ आर के नेतृत्व में गांव जाकर गांजा के पौधों को नष्ट किया। गांजा किसने लगाया पूछताछ किया जा रहा है। अभियान में इंस्पेक्टर मृत्युंजय कुमार सहित एसएसबी के 20 जवान उपस्थित थे।

## वृद्ध, असहाय, जरूरतमंद महिला, पुरुष और दिव्यांगों के बीच कंबल विरतण

**खलारी।** शनिवार को खलारी प्रखंड के चूरी दक्षिणी पंचायत के अंबाटोंगरी गांव में दर्जनों बृद्ध, असहाय, जरूरतमंद महिला, पुरुष एवं दिव्यांगों को झामुमो खलारी प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान के निदेर्शानुसार एवं उपस्थिति में चूरी दक्षिणी पंचायत अध्यक्ष अजय मुंडा ने पंचायत के वैसे वंचितों को चयनित किए, जिन्हें किसी अव्यवस्था के कारण में जनप्रतिनिधियों द्वारा कंबल नहीं दिया जा सका था वैसे लोगों को कंबल दिया गया एवं उपस्थित सभी ग्रामीणों को सरकार के बहुमूल्य योजनाओं से अवगत कराया गया। मौके पर दर्जनों ग्रामीणों के अलावा खलारी प्रखंड संयुक्त सचिव चितरंजन सिंह, मीडिया प्रभारी विशाल पासवान, शंभू दास, हैदरअली खान, शाहिद अंसारी, धर्मराज गंझू, संदीप मुंडा, सुनीता देवी मौजूद थे।

## जिप सदस्य ने किया सड़क का उद्घाटन

**पिपरवार।** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कल्याणपुर में शनिवार को टंडवा दक्षिणी जिला परिषद सदस्या नेहा उरांव ने फेवर ब्लॉक पथ का किया उद्घाटन। यह योजना झारखंड सरकार 15वे वित्त आयोग के तहत ग्राम कल्याणपुर अखरा से पच्चू उरांव के घर तक फेवर ब्लॉक पथ का निर्माण जिला परिषद सदस्या नेहा उरांव के द्वारा कराया गया है। मौके पर बालेश्वर उरांव, मोनिया उरांव, अरुण उरांव, महेंद्र उरांव, सोनू उरांव, अनिल उरांव, पंकज टाना भगत सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में संकुल स्तरीय आचार्य सम्मलेन

**चान्हो।** प्रखंड के बिजुपाड़ा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में शनिवार को संकुल स्तरीय आचार्य सम्मलेन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि विद्या भारती अपनी सकारात्मक कार्य के लिए प्रसिद्ध है। मौके पर शंभू कुमार सिंह, हरेंद्र नाथ झा, उमेश नारायण सिंह, अजय कुमार द्विवेदी, मृत्युंजय सिंह, इंद्रजीत, उदय नारायण सिंह, पूजा कुमारी नील पद महतो, रजनी प्रिया समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## महुआ माजी ने राज्यसभा में खलारी की समस्याएं, लोगों ने दी बधाई



**खलारी।** खलारी की जन समस्याओं को राज्यसभा में उठाकर जेएमएम राज्यसभा सांसद महुआ मांझी ने यह साबित कर दिया है आप गरीब गुरबा पिछड़ा आदिवासी की नेता हैं। आज तक किसी सांसद ने खलारी की समस्याओं को उठाने का काम नही किया था। खलारी वासी की तरफ से खासकर करकटा बिश्रामपुर वासियों की तरफ से महुआ मांझी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से और झामुमों सुप्रिमो शिबू सोरेन का बहुत-बहुत आभार खलारी वासियों ने व्यक्त करते हुए उक्त बातें कही। शनिवार को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची में नन्द किशोर सिंह चंदेल की अगवई में महुआ मांझी को बुक्के देकर स्वागत करते हुए महुआ मांझी फैंस क्लब के साथी।

# झामुमो की गुडू पंचायत समिति का गठन, बैरागी अध्यक्ष और हफीजुल बने सचिव



**रातू।** प्रखंड के गुडू में शनिवार को झामुमो की बैठक अध्यक्ष बेलाल अंसारी की अध्यक्षता में हुई। इसमें पंचायत समिति का गठन किया गया। इसमें बैरागी ऊरांव, अध्यक्ष हफीजुल अंसारी सचिव, अमित नायक उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष अफजल अंसारी, संगठन सचिव बबलू गोप व मो वसीम सह सचिव चुने गये। इसके अलावा फूलचंद ऊरांव, संजय नाथ शाहदेव, समीउल्लाह अंसारी, अब्दुल कादिर व शचीन्द्र महतो को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। समिति के पदधारियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। श्री अंसारी ने उन्हें मोर्चा संगठन को मजबूत बनाने का निर्देश दिया। संचालन असलम अंसारी ने किया। मौके पर पहना तिर्की, इस्लाम अंसारी, कृष्णा लोहरा, विजय सिंह, महावीर लोहरा, संजय ऊरांव व अमीन अंसारी आदि मौजूद थे।

# जैविक उद्यान के कैंटिन को कराया खाली

### संचालक का 12.90 लाख बकाया था, गौरी ट्रडर्स को मिला मौका

खबर मन्त्र संवाददाता



**ओरमांझी।** प्रशासन द्वारा बिरसा जैविक उद्यान ओरमांझी की कैंटिन संचालक रेणु इंटरप्राइजेज पर कार्रवाई की गई है। एक वर्ष पूर्व विभागीय टेंडर में रेणुका इंटरप्राईजेज को कैंटिन संचालन के लिए मिला था। 12.90 लाख रुपया बकाया राशि नहीं देने के कारण यह कार्रवाई हुई है। दंडाधिकरी सीओ ओरमांझी विजय केरकेट्टा द्वारा शनिवार कैंटिन खाली कराने के बाद कैंटिन का सारा सामान जब्त कर लिया गया है। बताया गया कि संचालक को प्रतिमाह 2.70 लाख रूपए देना था। लेकिन व रुपए नही दे सका। जैविक उद्यान आने वाले सैलानियों को परेशानी न हो इसके लिए टेंडर लिस्ट में दूसरे स्थान पर रहने वाले गौरी ट्रेडर्स को प्रति माह 1.30 लाख में ही कैंटिन संचाल के लिए दे दी गई है। जैविक उद्यान के निदेशक जबर सिंह ने बताया कि प्रतिदिन काफी संख्या में सैलानी उद्यान पहुंचे रहे हैं। ऐसे में कैंटिन बंद हो जाने पर सैलानियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इस लिए टेंडर लिस्ट में दुसरे स्थान में रहने वाले को कैंटिन संचालन करने के लिए दे दी गई है। रविवार से गौरी ट्रेडर्स द्वारा कैंटिंन का 'सचालन की जाएगी। दूसरी ओर इसे लेकर रेणुका इंटरप्राईजेज के संचालक मामला लेकर उच्च न्यायालय चला गया है।

# बच्चों ने सड़क निर्माण का लिया संकल्प



खबर मन्त्र संवाददाता

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के दानेकेरा पंचायत अंतर्गत रूगुटोली से दानेकेरा और दानेकेरा से भरनो सड़क सरकारी उअपेक्षा का दंश झेलने को मजबुर है। दानेकेरा पंचायत के ग्रामीण सरकारी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से सड़क निर्माण की गुहार लगाते अब थक चुके हैं। लेकिन जो काम बड़े बड़े जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने नहीं किया उस काम को पूर्ण करने का बीड़ा गांव के नौनिहालों ने ही उठा लिया है। अपने गाँव की इस कच्ची एवं दुर्गम सड़क को नन्हे नन्हे हाथों बनाने का बीड़ा उठाते हुए अमन आईंदए अजीत आईंदए सुकरा मुंडाए झालो कुमारी तथा एतवारी कुमारी ने सड़क बनाने का संकल्प लिया।

# विधायक ने विद्यालय में कमरा निर्माण का किया शिलान्यास



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** सिल्ली विधायक सुदेश महतो ने शनिवार को बंता राजकीय उच्च विद्यालय में एक अतिरिक्त कमरे का शिलान्यास किया। लगभग 6 लाख रूपए की लागत से एक कमरे का निर्माण विधायक मद की राशि से किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक सुदेश कुमार महतो कहा कि अगर शिक्षकों की टीम में दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो सरकारी स्कूलों में भी बेहतर परिणाम हो सकते है। सरकारी स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक सुधार लाकर निजी स्कूलों की तुलना में बेहतर शिक्षा व्यवस्था बहाल की जाएगी। विद्यालय में विद्यार्थियों के बैठने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से होने वाली परेशानी अब नहीं होगी। विधायक ने विभाग के अधिकारियों को भवन निर्माण को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

इस मौके पर प्रमुख जितेंद्र बढ़ाईक, अंचलाधिकारी धर्मेंद्र दुबे, विद्यालय प्राचार्य सरिता देवी, प्रफुल्ल कुंम्हार, सुशील कुमार दीपक दास, अन्त प्रजापति, निशा एवं स्कूली छात्र-छात्राएं समेत अभिभावक उपस्थित थे।


# सीआईएसएफ ने डेढ़ टन अवैध कोयला किया जब्त

**पिपरवार।** कोयला चोरी के रोकथाम को लेकर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल द्वारा विशेष छापामारी अभियान चलाकर डेढ़ टन अवैध कोयला शनिवार को जप्त किया गया द्य इस संबंध में सीआईएसएफ के सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार उप कमांडेंट उपेंद्र सिंह के नेतृत्व में शनिवार प्रातः 7.30 से 10.00 तक कोयला चोरी के खिलाफ चलाए गए सर्च अभियान के दौरान आरसीएम पेट्रोल पंपए छलटा पुलए आरसीएम आउट पोस्ट टनलए के पास की गई छापामारी में करीब डेढ़ टन अवैध कोयला जप्त कर सीसीएल प्रबंधन को सुपुर्द किया गया। इस छापामारी अभियान टीम में इंस्पेक्टर ददन सिंह, इंस्पेक्टर विनोद कुमार, आरक्षी राकेश, एस आर के सिंह के साथ सीआईएसएफ के 16 जवान 10 महिला कांस्टेबल एवं त्वरित कार्रवाई बल के सदस्य मौजूद थे। इधर इस अभियान में शामिल उप कमांडेंट उपेंद्र सिंह ने बताया कि ईट भट्ठा का सीजन होने के कारण कोयला तस्करों की गतिविधियां बढ़ गई है। इसी पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सीआईएसएफ द्वारा विशेष छापामारी अभियान चलाया जा रहा है, जो आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# फ्रेशर्स-डे: समाज और देश की मजबूती के लिए शिक्षा महत्वपूर्ण

### क्रिसमस गैदरिंग में छात्रों ने की मस्ती

खबर मन्त्र संवाददाता




**ओरमांझी।** फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में शनिवार को फ्रेशर्स-डे फेयरवेल और क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन हुआ। वहीं पारा मेडिकल व फामेर्सी के नये छात्र-छात्राओं का स्वागत व पारा मेडिकल के छात्राओं को फेयरवेल दी गई। इस अवसर नर्सिंग की छात्राओं द्वारा शानदार गीत व नृत्य प्रस्तुत की गई। वहीं छात्रों ने कविता व हास्य शायरी प्रस्तुत कर लोगों को खूब हंसाया और मनोरंज न किए। वहीं कई छात्र-छात्राएं जमकर थिरक रहे थें। कई छात्र-छात्राएं अपने साथी के गीत व नृत्य की तस्वीर अपने मोबाईल में कैद कर रहे थे। मुख्य अतिथि मेदांता हॉस्पिटल के सीनियर एडवाइजर सईद अहमद अंसारी, विशिष्ट अतिथि उप प्रमुख रिजवान अंसारी व अतिथियों ने कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया। सईद अहमद अंसारी ने फ्लोरेंस ग्रुप के संस्थापक स्व ऐहसान अंसारी बेटियों की सरहाना की और कहा आज संस्थान को बेटियों द्वारा उंचाई दी जा रही है। उन्होने जीवन में शिक्षा को महत्वपूर्ण बताया और कहा समाज व देष की मजबूती के लिए शिक्षा जरूरी है। उन्होंने कहा शिक्षा के कारण ही आज सभी देष में भारत के लोग उच्च पदों पर कार्यरत हैं। उपप्रमुख रिजवान अंसारी ने कहा फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन को खड़ा करने वाले एहसान अंसारी का मेदांता हॉस्पिटल व क्यूरी हॉस्पिटल में भी बहुत बड़ा योगदान रहा है। कार्यक्रम में मुख्य उपप्रमुख रिजवान अंसारी, निदेषक डॉ शाहीन कौसर, सचिव जीनत कौषर, डॉ नजनींन कौशर, हाजी रफीउद्दीन, अबू नसर, वरिष्ठ समाजसेवी अब्दुल सतार अंसारी, कौशल कांत, सत्यप्रकाश हिमांशु, आलिया खान, मजहर अंसारी, गुलाम मुस्तफा, प्रफुल्लित, शकील परवेज, जीवन जन्नत, प्रियातोष रंजन, सादिक अंसारी, शाहनवाज, कॉलेज के शिक्षक व छात्र-छात्राओं के साथ गई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### हेल्थ क्षेत्र में है युवाओं को अवसर

निदेशक जीनत कौशर ने कहा हेल्थ क्षेत्र में युवाओं के लिए काफी अवसर हैं। युवा हेल्थ क्षेत्र से जुड़ अपना भविष्य संवार सकते हैं। स्वास्थ्य एक ऐसा क्षेत्र हैं जहां रोजगार के साथ मानव सेवा के भी अवसर मिलतें हैं। उन्होने कहा फ्लोरेंस इंस्टिट्यूशन रणनीतिक शिक्षण के माध्यम के साथ छात्रों को सैद्धांतिक व व्यावहारिक ज्ञान दे बेहतर इंसान बनाने का मार्ग प्रसस्त करती है। यहीं कारण है कि देषभर के विभिन्न राज्य के हॉस्पिटल में फ्लोरेंस के नर्सों की डिमांड है। उन्होने छात्र-छात्राओं से सफल व पेशेवर बनाने अहवान भी किया। उन्होने संस्थान में चालाई जा रही कक्षा की जानकारी दी और बताया कि व्यावहारिक अनुभव प्रशिक्षण विधियों से लैस है संस्था जिसमें परामेडिकल में- बी-एमएलटी, डी-एमएलटी, ओटी असिस्टेंट, आईसीयू टेक्नोलॉजी, रेडियोइमेजिंग, एन्थेसिया टेक्नोलॉजी, ईसीजी टेक्नोलॉजी, ओपथलमिक असिस्टेंट व ड्रसर्स। नर्सिंग में- एएनएम, जीएनएम, बेसिक बीएससी, पोस्ट बेसिक बीएससी, एमएससी, फमार्सी, डी-फार्मा का शिक्षण पूर्ण संसाधनों के साथ दी जाती है।

## समय संवाद

दोनों पक्षों के अपने-अपने तर्क हैं। इस मामले ने पहले आपसी रंजिश को जन्म दिया, फिर बढ़ते-बढ़ते दोनों पक्ष अदालत तक जा पहुंचे। अब फिलहाल वहां किसी भी निर्माण या काम के लिए अदालत की ओर से रोक लग चुकी है। इस स्थिति ने जाने-अनजाने वहां के लोगों को दो खेमों में बांट दिया है। वे अपनी-अपनी मान्यताओं और विचारों को सही सिद्ध करने की जुगत में लगे हैं। ऐसी समस्याएं अक्सर मैंने भिन्न मतावलंबी के लोगों के बीच उठते देखा है। पूरे विश्व में वर्गीय रंजिश और झगड़े का सबसे बड़ा कारण धार्मिक मतभेद ही है। कई ऐसे देश है जो इस विषय को मुद्दा बना कर आपस में लड़ रहे हैं और बर्बाद हो रहे हैं।

# सांसों के स्पंदन में हमारे साथ है प्रकृति

**संगीता सहाय**



**हम** उसे प्रकृति का नाम दें या कुछ और..! नव वर्ष 2023 का हम अभिनंदन करते हुए एक नयी उम्मीद की चाह रखते हैं। वही अदृश्य, अनजानी शक्ति सांसों के स्पंदन के रूप में हमारे भीतर भी वर्तमान है। इन सारे तथ्यों को देखने और जानने बावजूद हर युग में मनुष्य अपने अनावश्यक भ्रम और झूठी दंभ से भरी महत्ता को सिद्ध करने के लिए उस सर्वशक्तिमान को बांधने और बांटने के लिए प्रपंच करता रहा है।

शहरी सुविधाओं की चाह और रोजगार प्राप्ति के साधनों की कमोबेश उपस्थिति के कारण दिन-प्रतिदिन बढ़ती आबादी के दबाव से विस्तृत होता हमारा शहर वर्तमान में विस्तार के अंतिम सीमा को छूने लगा है। स्थिति यह हो गई है कि शहर के सबसे सुदूर इलाके के रूप में गिना जाने वाला और कम पैसे वाले लोगों की रिहाइश के लिए माकूल माना जाने वाला हमारा क्षेत्र भी आज शानदार बहुमंजिली इमारतों और सुरुचिपूर्ण तरीके से बने घरों से शोभायमान होता जा रहा है। ऐसे में यहां रहने वाले लोगों की बेहतर जीवन शैली के मद्देनजर स्वाभाविक रूप से इस विस्तारित होते मोहल्ले में अवस्थित एक चौरस सरकारी जमीन के हिस्से को पार्क निर्माण के लिए तय किया गया है। और यही बात आज समस्या का कारण भी बन गया है, क्योंकि यहां पहले से रह रहे कुछ शक्ति संपन्न लोग उस स्थल पर एक मंदिर निर्माण की शुरूआत कर चुके थे। जबकि प्रशासन और मोहल्ले के कुछ पढ़े-लिखे नई पीढ़ी के लोग चाहते थे कि वहां पार्क बने।

ऐसी परिस्थितियां मेरे मन में विचारों का बवंडर खड़ा करती हैं। यह सवाल कुरेदने लगा है कि आखिर मनुष्य मंदिर, मस्जिद, चर्च जैसे इबादतगाहों का निर्माण क्यों करता है! वह जिसे सर्वशक्तिमान की संज्ञा देता है, जिसकी अनजानी शक्ति और सत्ता के आगे सदैव नतमस्तक रहता है, उसी को भिन्न-भिन्न रूपों वाले ईंट-गारे से बने दड़बों और महलों में बांधने की कोशिश क्यों करता है? वह एक तरफ सभ्यता और संस्कृति की जननी नदियों को मां की संज्ञा देता है। उन्हें मोक्षदायिनी मानता है, उनके अंजुरी भर बोतलबंद जल से गाहे-बगाहे अपने घर को शुद्ध करता है, वहीं उन्हीं नदियों में गंदगी को उड़ेलने, मलिन और जहरीले पदार्थों को डालते हुए उफ्फ तक नहीं करता। सच कहूं तो मनुष्य के इस मूढ़ता भरी हिमाकत पर मुझे हंसी और नाराजगी दोनों एक साथ आती है। एक तरफ वह कहता है कि जगत के कण-कण में ईश्वर का वास है, उसकी इच्छा सर्वोपरी है, दुनिया के प्रत्येक चर और अचर, धरा, आसमान, प्रकृति हर चीज का निर्माणकर्ता और संहारकर्ता ईश्वर ही होता है और दूसरी ओर, फिर उस असीम को बांधने के लिए हर गली, मुहल्ले, चौक, चौराहे पर दड़बों का निर्माण वालों को क्या कहेंगे?

गौरतलब है कि हमारी तमाम वैज्ञानिक प्रगति, मनुष्य के द्वारा बेहिसाब रूप से विकास के पायदानों को मापने और संसार के सारे बूझ-अबूझ रहस्यों के परदे खोल लेने का दावा करने के बावजूद यह एक बड़ा सत्य है कि आज भी लगभग हरेक व्यक्ति, चाहे वह नास्तिक हो या आस्तिक, इस तथ्य को तो मानता ही है कि जीव, धरती, आसमान, सूर्य, चांद, दिन, रात, हवा, मिट्टी के बीच बहुत कुछ ऐसा है, जो अब तक अबूझा और अनजाना है। हम उसे प्रकृति का नाम दें या कुछ और..! वही अदृश्य, अनजानी शक्ति सांसों के स्पंदन के रूप में हमारे भीतर भी वर्तमान है। मादा के कोख में पड़े नर शुक्राणु रूपी सूक्ष्मतम कण से साकार जीव बनने और धरा के अंक में लिपटे लघु बीज से पौधा और फिर विशालकाय वृक्ष बनने तक में, हर तरफ वही शक्ति अपनी पूर्ण सर्वोपरिता के साथ हमारे भीतर बाहर, हर ओर उपस्थित है।

# अत्यधिक कामना से ही कष्ट

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**किसी** भी कष्ट के पीछे कामना ही उसका कारण बनती है। कष्ट इसलिए ज्यादा है क्योंकि हमलोगों ने अपनी कामना बढ़ा ली है। समाज में ज्यादा से ज्यादा सांसारिक वस्तुओं की इच्छा करने से कष्ट बढ़ रहा है। हमें उतने ही पैर पैसारने चाहिए जितने लंबे सौर हो। हमारे पूर्वजों ने हर चीज में अपनी कामना पर नियंत्रण रखते थे। यही नहीं वे अपने दिनचर्या और खान-पान को भी सीमा में रखते थे। आज हम अपनी कामनाओं को नियंत्रित करने में असफल हो रहे हैं यह सबसे बड़ा दुख का कारण बन रहा है। कष्ट कामना से होता है और कामना के नियंत्रण के लिए भक्ति का संग होना अनिवार्य है। भक्ति गुरु के माध्यम से ही स्थापित होती है। सबकी कामना एक अच्छे जीवन की होती है जिसमें प्रसन्न्ता हो लेकिन क्या वह प्रसन्नता जीवन के तीसरे या चौथे चरण में महसूस की जाती है। परिवार, समाज सहित वस्तुओं की चाह में आदमी उलझा रहता है।

एक राजा की कथा सुनाते हुये उन्होंने कहा कि राजा ने बड़े शौक से नदी के किनारे एक भव्य महल बनाया और उसमें यह सोचकर रहने गये कि राजकाम की परेशानी से वहां सकून मिल सकेगा। लेकिन जैसे ही राजा सोते उन्हें स्वप्न आता था कि वे पानी में डूब रहे हैं। और डूब भी रहे है उसी नदी में जहां उन्होंने भव्य महल बनाया है। वे परेशान रहने लगे और नदी में उन्होंने कई नाविकों को लगाया और कहा कि मैं जैसे डूबने लगू तुमलोग बचा लेना।

क्या सपना में जो हम देखते हैं जब तक कोई जगा हुआ व्यक्ति जगा न दे हम बैचेनी से बच पाते हैं। राजा के नाविकों को लगा देने के बाद भी सपने में डूबने की बैचेनी होती रही। राजा की बैचेनी कम नहीं हुई

आखिर सच यह है कि इससे वहीं बचा सकता है जो इनसे बच चुका है। जो भय, कामना हमारे जीवन में प्रभावी रूप लेती है वहीं सपने में बैचेन करती है। यही कामना हमारे जन्म जन्मातंर में हमारी पीछा करती है। सपने की बैचेनी और जीवन में सांसारिक वस्तुओं को पाने की बैचेनी में इंसान का हाल बेहाल हो जाता है। सांसारिक वस्तुओं के बीच रहकर भी कामना रहित होने की क्षमता होनी चाहिए। इसके लिए विश्वास अटूट हो परमात्मा पर, सदगुरु पर। अगर आपका विश्वास कमजोर हे तो आपकी आस्था टूटती है तो आपकी कामना मुक्ति की कैसे हो सकती है।

कृष्ण पर अर्जुन की अटूट आस्था थी। यही कारण था कि गीता का उपदेश कृष्ण ने अर्जुन को दिया। अन्य चारों पांडव भी वीर थे लेकिन अर्जुन ने महाभारत की लड़ाई में कृष्ण की सेना और कृष्ण में से एक चुनने की बात आई तो कृष्ण को चुना। आपका विश्वास भक्ति में जितना मजबूत होगा आपका जीवन उतना ही सुदंर कामना रहित हो जाएगा। सपने की बैचेनी और जीवन की बैचेनी का अंतर से जीवन लक्ष्य तय करो।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर बक्सर, शाखा कुटी रांची)**

# हृदय रोग की चपेट से 90 लाख की मौत

**डब्ल्यूएचओ** यानी विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक ताजा रिपोर्ट में हृदय से संबंधित रोगों से मरने वालों का जो आंकड़ा सामने आया है, वह बेहद चिंताजनक है।

सन 2000 में जहां हृदय रोग की चपेट में आकर दुनिया भर में बीस लाख लोग जान गंवा बैठे, वहीं 2019 में यह आंकड़ा बढ़ कर नब्बे लाख हो गया। यों मधुमेह और मनोभ्रंश भी दुनिया की शीर्ष दस बीमारियों की सूची में शामिल हैं, जिससे बहुत ज्यादा लोगों की मौत होती है, लेकिन बाकी सभी कारकों से होने वाली मृत्यु के मामलों में से सोलह फीसद मौत अकेले हृदय रोगों से होती है। आज इतनी बड़ी तादाद में लोगों को अपना शिकार बना रही है। डब्ल्यूएचओ कीजारी 2019 वैश्विक स्वास्थ्य आकलन रिपोर्ट में बताया गया है कि जिन दस बीमारियों से विश्व में सबसे ज्यादा लोगों की मौतें होती हैं, उनमें से सात गैर-संचारी बीमारियां हैं। फेफड़ों और किडनी से जुड़ी बीमारियों के अलावा कुछ अन्य रोगों की स्थिति में भी भारी तादाद में लोगों की जान जा रही है।

आमतौर पर ये जीवनशैली और खानपान से जुड़ी ऐसी बीमारियां हैं, जिनका बहुत थोड़ा ध्यान रख कर बचा जा सकता है। लेकिन लोगों के आलस्य और



लापरवाही की वजह से कोई बीमारी उनके भीतर घर बनाती है और पलते-बढ़ते हुए आखिरकार उनकी जान ले लेती है। मसलन, ज्यादातर लोगों को इस बात के बारे में जानकारी है कि धूम्रपान से किस तरह के नुकसान हो सकते हैं।

खुद डब्ल्यूएचओ की ओर से भी अपनी एक रिपोर्ट में यह बताया जा चुका है कि फेफड़ों के जुड़ी बीमारियां होने के अलावा तंबाकू के कारण होने वाले हृदय रोगों से हर साल दुनिया में करीब बीस लाख लोगों की मौत हो रही है; हृदय रोगों से होने वाली हर पांचवीं मौत की वजह तंबाकू या धूम्रपान है। विडंबना यह है कि इन तथ्यों के बावजूद लोग बेफिक्र होकर खुद को धुएं में गुम कर राहत की तलाश करते हैं। एक समय था जब मामूली बीमारियों का सही समय पर उचित इलाज नहीं होने की वजह से मरीजों की मौत हो जाती थी। लेकिन वक्त के साथ वैज्ञानिक उपलब्धियों के बीच चिकित्सा विज्ञान ने काफी उन्नति की और रोगों के इलाज के नए तरीके सामने आए, किसी रोग से मृत्यु के दरवाजे पर पहुंचे मरीजों के फिर से स्वस्थ होने की दर बढ़ी और इस तरह लोगों के जीवन की औसत आयु में भी इजाफा हुआ। लेकिन हृदय रोग सहित जीवनशैली और खानपान में तेजी से आते बदलाव की वजह से होने वाली कई बीमारियों की वजह से मौतों के आंकड़े भी तेजी से बढ़े। ज्यादातर मामलों में अपनी सेहत को व्यक्ति खुद ही दुरुस्त रख सकता है या फिर दांव पर लगा सकता है।

जीवनशैली में थोड़ी नियमितता लाई जाए तो जानलेवा रोगों की चपेट में आने से बचा जा सकता है। सवाल है कि जीवनशैली में घुली ऐसी लापरवाहियां या आदतें किस काम की, जो तात्कालिक तौर पर राहत की तरह लगती हैं, लेकिन सेहत को दीर्घकालिक और गंभीर नुकसान पहुंचाती हैं।

# स्वागतम 2023

**एस मुखर्जी**

**इन** दिनों चारो और सब मस्ती के मूड में है और होना भी स्वाभाविक है क्योंकि हम नववर्ष की और बढ़ते हुए पुराने साल को विदा कर नववर्ष का स्वागत धूम धड़ाके से करते है। इसके मद्देनजर शहर में कई रंगारंग कार्यकर्मो का आयोजन भी किया जाता है जिसमे सभी उम्र एवं वर्ग के लोग शामिल होते हैं। इस समय एक ओर जहां स्कूल कॉलेज समेत कई संस्थानों में क्रिसमस एवं अंग्रेजी नववर्ष की अवकाश है। दूसरी ओर खुशनुमा एवं मनोरम मौसम का लुफ्त उठाने के लिए राजधानीवासी पिछले कुछ दिनों से अपने अवकाश का आनंद हेतु शहर के विभिन्न पिकनिक स्पॉट एवं अन्य दर्शनीय स्थल में जाकर पिकनिक मनाना शुरू कर देते हैं जो नये साल तक चलता है। यह दौर जनवरी महीने भर चलेगा। इस समय मौसम बड़ा ही सुहावनी होती है। न गर्मी से पसीने की परेशानी न सड़क पर कीचड़ दिखती है, तो बस चारो ओर नीलाकाश, धरती एवं छत पर सुहावनी धूप और बाग-बगीचे में फूलो का बहार जो हमारा स्वागत करती है। इसके अलावे शहर से दूर अवस्थित दर्शनीय स्थल की नीलाकाश के बीच हसीन वादियां एवं जलप्रपात भी शहरवाशियों के अतिरिक्त पर्यटको का स्वागत करती खड़ी है, जिसका हम सालों भर इंतजार करते है

सभी मौसमो का अपनी अपनी विशेषताएं है और हम उसका लुफ्त भी उठाते है, पर स्वास्थ्य लाभ की दृष्टिकोण से देखा जाये तो जाड़े का मौसम हमारे लिए मनोरम एवं स्वास्थ्य प्रद है जिसका हम इन दिनों लुफ्त उठा रहे है। खुला व नीला आसमान, गुलाबी ठण्ड के बीच धरती एवं छत पर बिखेरती मीठी धुप का सेवन जिसकी बात ही निराली है। यह मौसम के मुकाबले मनोरम एवं स्वास्थ्यवर्धक का अहसास कराता है और जिसका हम इन दिनों बड़े चाव से लुफ्त उठा रहे हैं। और स्वास्थ्यप्रद भी है इसकी खूबी यह है की इस समय किया गया मेहनत हमें पसीने से तरबतर न कर हमें उर्जा देती है और भूख भी लगती है और खाना एवं भोजन भी जल्द पच जाती है जिसके चलते हम इन दिनों अन्य मौसम के मुकाबले स्वस्थ एवं तरोताजा रहते है, हम स्वागत कर रहें हैं 2023 का जो हमारे देश, समाज और परिवार के लिये अतिशुभकामना लेकर आये। पूरा विश्व कोरोना सहित युद्ध से बचार रहे जिससे शांति व्याप्त हो। झारखंड का भी तेज विकास हो।

# ऑनलाइन क्लासेज का दौर



**एडी बाधवा (मोटिवेटर)**

**इस** साल लोगों ने जो कभी सोचा ना था वह हर घटना घट गई इस साल। क्या कभी किसी ने सोचा था कि एक मोबाइल में पूरा स्कूल कॉलेज समा सकते हैं? इस वैश्विक महामारी कोरोना ने यह भी संभव करके दिखा दिया। 1 वर्ष पहले तक स्कूल कॉलेजों में मोबाइल फोन वर्जित थें, लेकिन अब मोबाइल के बिना स्कूल नहीं चल पाएंगे।

लॉकडाउन में जब सारे शिक्षण संस्थान बंद हो गए तब सरकार ने घर पर ही शिक्षा देने की नीति की पहल की और शुरूआत की ऑनलाइन क्लासेस की, विश्वविद्यालयों से लेकर प्ले स्कूल तक ऑनलाइन हो गये।

ऑनलाइन क्लासेस से अगर एक समस्या का समाधान हुआ तो साथ ही उसने दूसरी समस्या को भी जन्म दिया यह समस्या उनके लिए हुई जो मध्यमवर्गीय थे ,जो गरीब थे, जो दिहाड़ी मजदूर थे। लॉकडाउन में बहुत से लोगों ने अपनी रोजी रोटी का जरिया भी गंवा दिया, जो दिहाड़ी मजदूर थे वे किसी तरह मेहनत मजदूरी कर अपने बच्चों को स्कूल भेज पाते थे। ऐसे में जब स्कूल कॉलेजो ने ऑनलाइन क्लासेस की जोर पकड़ी तो बच्चों के लिए स्मार्टफोन अनिवार्य हो गए, मुसीबत तो तब होने लगी जब एक घर में 4 बच्चों के ऊपर 4 स्मार्टफोन की जरूरत पड़ने लगी। लोग ऐसे भी हैं जो दूसरों के घरों में काम कर अपना गुजारा करते हैं ऐसे में स्मार्टफोन और इंटरनेट का खर्चा वहन करना उनके बस के बाहर की चीज थी। सरकार ने ऑनलाइन क्लासेज तो जारी कर दिए लेकिन ऐसे लोगों के बारे में सोचना ही भूल गए।

संकट का सामना उनको भी करना पड़ा जिनके क्षेत्र में इंटरनेट सुविधा नहीं थी या इंटरनेट की गति काफी धीमी थी।अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ के अनुसार, इस गोलार्ध में इंटरनेट की पहुंच बहुत है और लगभग 360 मिलियन युवाओं तक इसकी पहुंच नहीं है । संयुक्त राष्ट्र विज्ञान और शिक्षा संगठन यूनेस्को के अनुसार कोविड-19 के कारण 850 मिलियन बच्चे और युवा-वयस्क दुनियाभर में स्कूल कॉलेज और विश्वविद्यालय मे नामांकित हैं जिसमें से आधे अभी शिक्षा या प्रशिक्षण नहीं है ।

यदि ऑनलाइन शिक्षा को अधिक समावेशी सार्वजनिक शिक्षण संस्थान बनाना है तो जो इसके लिए जो निधि उपलब्ध कराते हैं उन्हें सुनिश्चित करना होगा कि अधिक से अधिक शिक्षार्थी नई प्रौद्योगिकियों से लाभ उठा सकें। विद्यार्थियों के बीच ब्रॉडबैंड स्मार्ट फोन और लैपटॉप की पहुंच को प्राथमिकता दें।

**(लेखक सीएमए,मोटिवेटर सह वित्त- कर विषयों के जानकार हैं।)**

# अब डिजिटल वोटर आइडी




**निर्वाचन** आयोग मतदाता पहचान पत्र डिजिटल रूप में मतदाताओं को उपलब्ध कराने की संभावनाओं पर विचार कर रहा है। आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि इस संबंध में निर्वाचन आयोग ने अभी कोई फैसला नहीं किया है। उन्होंने कहा कि हमें क्षेत्र के अधिकारियों, (राज्य के) मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के कार्य समूहों एवं जनता से विचार और सुझाव मिलते रहे हैं।

उनमें से यह एक विचार है जिसपर हम काम कर रहे हैं। उनसे जब पूछा गया कि क्या डिजिटल मतदाता पहचान पत्र का मतलब यह होगा कि कोई मतदाता उसे किसी ऐप के जरिए अपने मोबाइल फोन में रख सके, तो अधिकारी ने कहा कि आयोग पहले फैसला कर ले, उसके बाद इस तरह का ब्यौरा तय किया जाएगा।

अधिकारी ने बताया कि इसे मोबाइल, वेबसाइट, ई-मेल के जरिए रखा जा सकता है... विचार यह है कि इसकी (पहचान पत्र की) तेजी से आपूर्ति की जाए और उस तक आसानी से पहुंच हो। कार्ड के छपने और मतदाता तक पहुंचने में समय लगता है। आधार कार्ड, स्थायी लेखा संख्या (पैन) कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस भी डिजिटल माध्यम में उपलब्ध हैं।

डिजिटल माध्यम में, मतदाता की तस्वीर भी बिल्कुल साफ होगी, ताकि आसानी से उसकी पहचान की जा सके। आयोग के एक अन्य अधिकारी ने कहा कि प्रौद्योगिकी के दुरुपयोग को रोकने के लिए आयोग को कोई फैसला करने से पहले इसके सुरक्षा पहलुओं को देखना होगा। फोटो युक्त मतदाता पहचान पत्र 1993 में पहली बार लाया गया था और यह पहचान और पते के सबूत के तौर पर स्वीकार्य है।

# अपने पौधों के लिए घर में ही बनाइये दवा

**कुमार गौरव**

**पेड़**-पौधों को हवा, पानी सूरज की रोशनी के अलावा पौष्टिक तत्वों की जरूरत होती है। पौधों को हेल्दी बनाने के लिए उन्हें समय-समय पर फर्टिलाइजर देना पड़ता है। यूं तो बाजार में अनेक तरह के फर्टिलाइजर मिलते हैं, लेकिन हम घर पर भी आर्गेनिक फर्टिलाइजर बना सकते हैं। इनमें भी लिक्विड टी फर्टिलाइजर पौधों के लिए ज्यादा फायदेमंद होते हैं क्योंकि ये पौधों की जड़ों तक पहुंच कर तुरंत पोषण देते हैं।

**कॉफी-ग्राउंड फर्टिलाइजर-**

फिल्टर कॉफी बनने के बाद बचा हुए सीड्स या पाउडर एक बोतल में एक-चैथाई हिस्सा भर दें। शेष पानी भर कर एक सप्ताह के लिए छोड़ दें। बीच-बीच में बोतल हिलाते रहें। एक सप्ताह बाद एक लीटर पानी में एक कप फर्टिलाइजर मिलाकर सभी एसिड लविंग प्लांट्स जैसे- गुलाब, मोगरा, गुड़हल, टमाटर आदि में डालें

**नीम की पत्तियां-**

नाइट्रोजन से भरपूर नीम पत्तियों को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर एक बोतल में आधा भर लें। इसमें पानी भरकर एक सप्ताह के लिए रख दें। यह पानी हल्के हरे रंग का हो जाएगा। एक कप तैयार फर्टिलाइजर को एक लीटर पानी में मिलाकर सभी पौधों में डाल सकते हैं। यह एक इंसेक्टेसाइट का काम भी करता है और पोषण भी देता है। पौधों में लगे कीड़ों को मारने के लिए इस पानी का स्प्रे भी कर सकते हैं।

**एग शैल फर्टिलाइजर-**

कैल्शियम काबोर्नेट से भरपूर अंडे के छिलकों को धोकर सुखा लें। इन्हें पीस कर बोतल में भर कर पानी मिला लें। एक सप्ताह बाद यह फर्टिलाइजर एसिटिक मिट्टी को एल्केलाइन बनाता है। बोगनवेलिया, एडेनियम पौधों के लिए उपयोगी है।

**लीफ टी-**

बागीचे में झड़ी पत्तियों को बाल्टी में इकट्ठा करें। एक-चैथाई पत्तियों होने पर बाल्टी में पानी भर कर कर छाया वाली जगह पर 3-4 दिन रख दें। पानी छानकर 1:5 के रेशियो में डायल्यूट कर पौधों में डालें।

**बनाना टी-**

2-3 केले के छिलके एक लीटर पानी में भिगो लें। तीन दिन बाद छान कर 1:2 के रेशियो में डायल्यूट करके सभी पौधों में डाल सकते हैं। धूप में सूखे हुए केले के छिलकों से भी बनाना पील फर्टिलाइजर बना सकते हैं। पोटेशियम से भरपूर यह फर्टिलाइजर फूलों वाले पौधों के लिए बेस्ट है। पौधों की पत्तियों को पीला होने से बचाता है।

**घास क्लिपिंग टी-**

घास की वेस्ट कटिंग से बनाई जाती है। एक बाल्टी में एक-चैथाई हिस्से को कटिंग की हुई



तकरीबन 1 इंच ऊपर की घास को भरें। पानी से बाल्टी भी भरकर 3-4 दिन रख दें। छान कर 1:2 रेशियो में डायल्यूट कर पौधों में डालें।

**वेस्ट टी लीफ फर्टिलाइजर-**

इस्तेमाल की हुई चाय पत्ती को अच्छी तरह धो लें। एक-दो दिन तक धूप में सुखा लें। एक गिलास में पानी लेकर 3-4 चम्मच चायपत्ती मिलाकर 24 घंटे रख दें। छान कर इसे एसिटिक पौधों में डाल दें। जैसे-गुलाब, मनीप्लांट या पत्तों वाले पौधे। सूखी चायपत्ती को 10-15 दिन के बाद आप गमलों में सीधे भी डाल सकते हैं।

**प्याज के छिलके -**

प्याज के वेस्ट छिलकों को पानी में डुबो कर एक दिन के लिए छोड़ दें। छान कर फूलों वाले पौधों में दे। यह लिक्विड फर्टिलाइजर पौधों के लिए बहुत अच्छा है। सप्ताह में दो बार स्प्रे भी कर सकते है या मिट्टी में डाल सकते हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# क्रिसमस हम सभी के लिए है बड़ा दिन



**सौमेन मुखर्जी**

**भारत** एक पर्व त्योहारों वाला देश है इसी क्रम में जाड़े मौसम के अंतगर्त 25 दिसम्बर को प्रभु यीशु की जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाये जाने वाले प्रमुख त्योहार क्रिसमस जिसे बड़ा दिन के रूप में सभी लोग हर्षोल्लासपूर्वक मनाते है। और इसका अलग महत्व भी है, क्योकि प्रभु यीशु न केवल मसीही समुदाय के भगवान है बल्कि उनका उपदेश व वाणी आज भी लोंगों में भाईचारे व मानवता का संदेश देता है। जो हमारे लिए आज भी प्रासंगिक है। उनके बताये मार्ग पर चल अपनी राह में आने वाली बाधाओं को दूर करने में सहायक सिद्ध होती है। उनका उपदेश आज भी पूरे देश में भाईचारे व प्रेम का संदेश को बढ़ावा दे रहें हैं। हमारे बेहतर समाज निर्माण को गति प्रदान करती है।



इसलिये यह त्योहार हम सभी के लिए वाकई बड़ा दिन है। इस अवसर पर हम मिल-जुलकर प्रेम व भाईचारे का संदेश बांटकर खुशियां मनाते है एवं बांटते है और दुनिया में फैली अन्धकार व व्यभिचार को दूर करते हैं। हालांकि क्रिसमस पर्व मुख्य रूप से इसाई समुदाय से जुड़े लोंगों के लिए है, जिसे वे पूरे विश्व में एक अलग उत्साह तथा अंदाज में मनाते है। जिसका इंतजार हमें साल भर रहता है, मालूम हो कि सदियों पहले जब किंग ऑगस्टस के दुष्ट लोंगों ने यीशु समेत उनके अनुयायियों पर अत्याचार कर रहे थे तथा उनके प्रेम व मानवता के सिद्धांत को कुचला जा रहा था तथा उनपर बहुत जुल्म भी ढाए गए जिससे कुछ लोग ईश्वर के प्यारे भी हो गए थ। उस समय अच्छाइयों पर बुरे लोग हावी थे और ऐसे में उनपर तरह तरह के यातनाएं व अत्याचार दिन पर होते थे जिससे वे बुरी तरह पीड़ित थे।

इसे देखकर ईश्वर को वास्तव में यह अहसास हव कि इस समय धरती पर ऐसे मुक्तिदाता की जरुरत है जो उन लाचार व गरीब लोंगों दुःख व दर्द ही नहीं दूर करे बल्कि उनपर हो रहे अत्याचार से भी उससे मुक्ति दिलाया। इस समय ईश्वर की विशेष आविर्भाव एवं दैवी शक्ति, माता मरिया तथा पलक पिता जोसेफ की आशीर्वाद से धरती पर मुक्तिदाता के रूप में यीशु का पदापर्ण (आगमन) हुआ और तत्पश्चात लोगों को उनके अथक प्रयास, मधुर वचन व उपदेश (जो प्रेम व भाईचारे को बढावा देकर मानवता फैलाये) से संसार के काफी लोग प्रभावित हुए। दुष्ट लोगों के पराक्रम से समुचित मुक्ति भी मिलो प्रभु यीशु गरीबों के लिए मसीहा थे उन्होंने उन असहायों के लिए यथासंभव पीड़ा दूर किए और मानवता व प्रेम तथा भाईचारे की सच्चा पाठ भी पढाया जिनका अस्तित्व आज भी कायम है। और उनके आदर्श व उपदेश तथा वाणी को समाज में आज भी लोग उसे आज भी अपना रहे है। उन्हें आज भी प्रभु यीशु कहकर पुकारते एवं समाज, देश तथा पुरे विश्व की कल्याण व अमन के लिए प्रार्थना भी करते है।

**(स्वतंत्र लेखक एवं पत्रकार हैं।)**

## दुनिया की आर्थिक दशा



# लाखों की लागत से बना टाटीझरिया पशु चिकित्सालय झाड़ियों में तब्दील

खबर मन्त्र संवाददाता

**टाटीझरिया।** प्रखण्ड क्षेत्र में खैरा झरपो भराजो डहरभंगा डूमर धर्मपुर टाटीझरिया बेडम आठ पंचायत जहां कई गांव है। मवेशियों को बेहतर इलाज टीकारण करवाने के लिए क्षेत्र वासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। टाटीझरिया प्रखंड में पशूओ को सुचारू रूप से इलाज टीकारण करवाने को लेकर विभाग द्वारा



पशु चिकित्सालय

भवन तो बनाया गया लेकिन दुर्भाग्य है कि लाखों रुपये से बना भवन में चिकित्सा कर्मियों के स्थान पर कूड़ा का जमाव होने के कारण धीरे धीरे झाड़ियों से कवाड़ खाना होते देखा जा रहा है। बतादे कि यह भवन प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय के मुख्य मार्ग में स्थित है। इसी रास्ते अब तक कई समाज सेवीयों,नेता, मंत्री अधिकारी गणो का आवागमन होता है लेकिन अब तक किसी ने सुध नही लिया।

## जन योजना अभियान के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण

**विष्णुगढ़।** बिष्णुगढ़ प्रखंड सभागार मे जन योजना अभियान (सबकी योजना सबका विकास) 2022 के अंतर्गत पंचायत संशाधन दल के 2 टीमों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। वहीं एक टीम को सोमवार से प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत गांव में चल रहे योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर दिया गया` प्रशिक्षण बिष्णुगढ़ प्रखंड के बीपीओ राजमोहन कुमार व बीपीआरओ रामचंद्र दांगी के द्वारा दिया गया प्रशिक्षण पाने वालों में पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, वार्ड सदस्य, मनरेगा मेट, वीपीआरपी (जेएसएलपीएस के सदस्य) 1 जलसहिया, 1 स्वास्थ्य सहिया शामिल थे। `प्रशिक्षण पाकर सभी पंचायतो मे योजनाओं का चयन करने मे अपनी महती भूमिका निभायेंगे।

# ओमप्रकाश मेहता बने शिक्षा विभाग सांसद प्रतिनिधि

**इचाक।** कोडरमा सांसद और केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने भाजपा के युवा नेता और किसान मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश मेहता को इचाक प्रखण्ड का शिक्षा विभाग का सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। प्रतिनियुक्त प्रतिनिधि ओमप्रकाश मेहता ने कहा कि माननीय सांसद और केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने मुझे जो दायित्व सौंपा है। उसपर खरा उतरने का पूरा



ओमप्रकाश मेहता

प्रयास करूंगा और शिक्षा के क्षेत्र में उतपन्न खामियों को दुरुस्त करने का पूरा प्रयास करूंगा। श्री मेहता को प्रतिनिधि बनाये जाने पर जिला सांसद प्रतिनिधि सुनील मेहता, प्रखंड सांसद प्रतिनिधि भागवत प्रसाद मेहता, हरिहर मेहता, रजनी शर्मा, निर्मल कुमार, भाजपा के पूर्वी मंडल अध्यक्ष जयनंदन मेहता, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष सुभाष सोनी, ओबीसी मोर्चा के नेता मुखलाल मेहता किसान मोर्चा के नेता सुनील कुमार मेहता पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष गौतम नारायण सिंह, मुखिया नंदू मेहता, सुधीर मेहता समेत दर्जनों लोगों ने बधाई दिया है।

# सदर विधायक ने हवाई अड्डा निर्माण को लेकर उठायी आवाज

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** सदर विधायक मनीष जायसवाल द्वारा झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन जोरदार तरीके से हजारीबाग में हवाई अड्डा निर्माण को लेकर उठाए गए आवाज को लेकर हजारीबाग वासियों में खुशी की लहर है। हजारीबाग के प्रबुद्ध जनों से लेकर आम- आवाम तक विधायक मनीष जायसवाल के इस पहल की स्वतंत्र कंठ से खूब प्रशंसा कर रहे हैं । सदन समाप्ति के बाद हजारीबाग लौटे सदर विधायक मनीष जायसवाल शनिवार की अहले सुबह से ही

जिले वासियो ने जताया आभार



सदर विधायक के साथ मुखिया प्रेम सिंह

जनसेवा के कार्यों में मुस्तैदी से जुट गए। अपने आवासीय परिसर अवस्थित सेवा कार्यालय में लोगों की दुःख-दर्द और उनकी समस्याओं से रूबरू होने के लिए जैसे ही पहुंचे उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगने लगा। हजारीबाग ओलंपिक संघ के वरीय उपाध्यक्ष और जिला फुटबॉल संघ के सचिव भैया मुरारी सिन्हा, बड़कागांव के सांढ पंचायत के पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र प्रसाद, सेवानिवृत्त डीएसपी सह भाजपा नेता मुकुटधारी महतो, डॉ.संजय सिंह, करनी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष सह वॉलीबॉल एसोसिएशन, चतरा के अध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि प्रेम सिंह, कटकमदाग मुखिया प्रतिनिधि सुनील यादव सहित अन्य दर्जनों गणमान्य लोगों विधायक मनीष जायसवाल से मिलकर उनके प्रति आभार जताया।

# नगर आयुक्त ने चुंगी वसूले जाने वाले स्थानों का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** नगर निगम हजारीबाग क्षेत्र में व्यवसायिक वाहनों के प्रवेश पर प्रवेश शुल्क की वसूली हेतु बंदोबस्त की गई है। प्रवेश शुल्क के लिए 11 स्थान निर्धारित है जिसमे अभी 6 स्थान पर शुरू किया गया है। ये 6 स्थान हैः-सिरसी नदी से सिरसी चौक तक, कूद रेलवे ब्रिज के पास, पेलावल यूनियन बैंक के पास, बाजार समिति के पास, नूतन नगर चौक के पास तथा क्षितिज हॉस्पिटल के पास। नगर आयुक्त द्वारा उक्त स्थलों का निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। चुंगी स्थल पर सभी कर्मचारियों को यूनिफॉर्म पहनने को कहा गया है, सभी को आई कार्ड रखना है, वहां बिजली -पानी की उचित व्यवस्था होनी चाहिए,साथ ही साथ सभी अलग-अलग वाहनों के प्रकार के लिए रेट चार्ट लगाना अनिवार्य है,वहाँ सी सी टी वी कैमरा लगाना है ,फर्स्ट एड की व्यवस्था रखनी होगी। साथ ही साथ नगर आयुक्त ने यह भी निदेश दिया कि इस कार्य के लिए ज्यादा से ज्यादा कर्मी डेपुट करे तथा यह भी सुनिश्चित करे कि वहाँ ट्रैफिक जाम न हो। निरीक्षण के दौरान नगर प्रबंधक सह नोडल पदाधिकारी श्री विकास मंडल कनीय अभियंता श्री संजय सिंह, प्रधान सहायक निरंजन सिंह तथा सहायक विनय कुमार उपस्थित थे।

# क्रिकेट खिलाड़ियों के बीच जैकेट का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** गैर राजीनीतिक संगठन सह सामाजिक संस्था युवा साथी दल के द्वारा रसोइया धमना पंचायत में जैकेट (चीटर) का वितरण किया गया।युवा साथी दल के तत्वावधान में खिलाड़ियों को संस्था के तरफ से जैकेट(चीटर) प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में युवा साथी दल के अध्यक्ष एवं रसोइया धमना पंचायत के पूर्व मुखिया प्रत्याशी विकास सिंह शामिल हुए और अपने हाथों से खिलाड़ियों के बीच जैकेट का वितरण किया।

संस्था के अध्यक्ष ने बताया कि बढ़ती ठंड को लेकर खिलाड़ियों के बीच जैकेट (चीटर) का वितरण किया गया। युवा साथी दल



जैकेट के साथ क्रिकेट खिलाड़ी

पिछले कई सालों से सामाजिक कार्यों को लेकर प्रयासरत है और आगे भी रहेगा। हमारी संस्था एवं सभी सदस्य हमेशा लोगों के बीच खड़े रहते हैं और उन्हें हर संभव मदद करते हैं। जैकेट वितरण कार्यक्रम में शारुफ आलम, शहजाद अंसारी, सहाबुद्दीन अंसारी, सरफराज अहमद, दीपेश साहू, सुनील राणा,लीलधारी रविदास, दाऊद आलम, मासूम अंसारी, इश्तियाक अंसारी, नसीम अंसारी, कलाम अंसारी, मकसूद अंसारी, जयंत गुप्ता, विजय गुप्ता, विक्कू गुप्ता, पंकज गुप्ता, संजय साहू, मनान आलम, सरफराज खान, सुजीत गुप्ता, सुनील गुप्ता, राजेश यादव, गुलाम अंसारी, शकील अहमद, अकरम अंसारी, वसीम आलम, रियाज आलम, सोनू आलम, अरशद आलम उपस्थित थे।

# यूपीएससी में 6वा रैंकिंग लाकर अंकित ने दारू के साथ पूरे झारखंड का नाम रोशन किया

**आईईएस ( इंडियन इंजीनियरिंग सर्विस) जिसे यूपीएससी कंडक्ट करती है में रैंकिंग 6 लाया है, शुरू से ही मेघावी रहा है अंकित शुरू से ही डिस्टेंशन मार्क्स लाया है**

खबर मन्त्र संवाददाता

**दारू।** दारू पांडे टोला 100 घरों की ब्राह्मणों की बस्ती है । वही तुलसी पांडेय के पोत्र और माता सुनीता देवी एवम प्रदीप पांडेय के पुत्र अंकित ने यूपीएससी की परीक्षा में रैंकिंग 6 लाकर पूरे दारू के साथ साथ झारखंड का नाम रौशन किया है प्रदीप पांडेय के बड़े पुत्र आशुतोष शर्मा भी भुनेश्वर से बीटेक किए है और वे अभी माइंड ट्री कंपनी में हेड चीफ डॉवलपर के पद पर कार्यरत है । अंकित शुरू से ही मेघावी छात्र रहा है। इनका पारिवारिक पृष्ठभूमि शुरू से ही ठीक रहा है इनके दादा तुलसी पांडेय रिटायर्ड रेंजर ऑफिसर थे इनके पिता प्रदीप पांडेय आचार्य है और ये हाई स्कूल में संस्कृत शिक्षक के पद पर कार्यरत है और




अंकित

माता सुनीता देवी भी ग्रेजुएट है । अंकित मैट्रिकुलेशन के परीक्षा नेशनल पब्लिक स्कूल हजारीबाग से आईएसी सेंट्रल स्कूल बीएसएफ मेरु से डिस्टिंशन मार्क्स लाकर सफलता हासिल किया है । अंकित का सिलेक्शन एक ही साथ ओएनजीसी, हाल, नाल्को, सीआईओ टेक एचसीएल में सेलेक्ट हुवा परंतु उन्होंने प्राथमिकता आईईएस को दिया। इनकी सफलता पर दारू की जनता काफी उत्साहित है सभी लोगो ने मंगलकामनाएं दी है।

## जीएम कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंस

# इचाक में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन



क्रिसमस गैदरिंग में शामिल लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**इचाक।** जीएम कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंस,इचाक में मनाया गया क्रिसमस गैदरिंग। कॉलेज के निदेशक डॉ.रोहित कुमार ने कार्यक्रम की शुरूआत केक काटकर किया, क्रिसमस के दिन ईसा मसीह या यीशु के जन्म की खुशी में मनाया जाने वाला पर्व है। यह 25 दिसंबर को पड़ता है और इस दिन लगभग संपूर्ण विश्व मे अवकाश रहता है। क्रिसमस से 12 दिन के उत्सव क्रिसमसटाइड की भी शुरूआत होती है। एन्नो डोमिनी काल प्रणाली के आधार पर यीशु का जन्म, 7 से 2 ई.पू. के बीच हुआ था। 25 दिसंबर यीशु मसीह के जन्म की कोई ज्ञात वास्तविक जन्म तिथि नहीं हैं और लगता है कि इस तिथि को एक रोमन पर्व से संबंध स्थापित करने के आधार पर चुना गया है। महाविद्यालय प्रभारी पंकज कुमार ने कहा कि आधुनिक क्रिसमस की छुट्टियों मे एक दूसरे को उपहार देना, चर्च मे समारोह और विभिन्न सजावट करना शामिल हैं।

इस सजावट के प्रदर्शन मे क्रिसमस का पेड़, रंग बिरंगी रोशनीयां, जन्म के झाँकी आदि शामिल हैं। सांता क्लॉज क्रिसमस से जुड़ी एक लोकप्रिय पौराणिक परंतु कल्पित शख्सियत है जिसे अक्सर क्रिसमस पर बच्चों के लिए उपहार लाने के साथ जोड़ा जाता है। सांता के आधुनिक स्वरूप के लिए बच्चो में खुशी का लहर रहता है।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक कुमारी ज्योति, अनुभा रंजन,टिंकू कुमार, अभिषेक कुमार, सोनी देवी,रीता देवी, आरती, कुंदन, विष्णु, बुंदेल, राजू, सचिन का सराहनीय योगदान रहा।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से साईकल सवार कोयला मजदूर की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत कोरिया घाटी में शुक्रवार की देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक साइकिल सवार की मौत हो गई।वह साईकिल पर कोयला लेकर दो जून की रोटी की तलाश में जा रहा था।

मृतक की शिनाख्त दिगवार निवासी दिलेश्वर करमाली (43वर्ष) पिता स्व. कार्तिक करमाली के रूप में हुई है। ओपी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात दिलेश्वर साईकल पर कोयला बेचने के लिए निकला था। इस दौरान कोरिया घाटी में अज्ञात वाहन ने उनकी साइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। घटना में गंभीर रूप से घायल दिलेश्वर को पुलिस ने इलाज के लिए तत्काल सदर अस्पताल रामगढ़ भेजा। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के तहत पदयात्रा का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**विष्णुगढ़।** शुक्रवार को विष्णुगढ़ प्रखंड कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के तहत पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा कर्बला चौक से तीन माइल, बैंक मोड़ होते हुए वापस कर्बला चौक तक निकाला गया म। समर्थकों के द्वारा नफरत छोड़ो, भारत जोड़ो तथा वाह रे मोदी तेरा खेल, दो सौ रूपए सरसो तेल के जोरदार नारे लगा। कार्यक्रम में अब्बास अंसारी रामजनम रॉय समेत कार्यक्रम के



पदयात्रा में शामिल लोग

मुख्य अतिथि हजारीबाग जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव उपस्थित थे। जिला अध्यक्ष ने कहा कि हमारे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के कुशल नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक की 3,750 किलोमीटर की लम्बी राष्ट्रव्यापी भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम जारी है, जो पुरी तरह से राष्ट्र हित में है। उसी तर्ज पर झारखंड प्रदेश के सभी चौबीस जिलों में प्रखंड, पंचायत से बुथ स्तर तक जारी रहेगा। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव बिनोद कुमार कुशवाहा, कार्यक्रम के प्रखंड प्रभारी कैलाश पति देव, महिला जिला कार्यकारी कांग्रेस अध्यक्ष बेबी देवी के अलावे कई कार्यकर्ता शामिल थे।

# आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश देता है क्रिसमस : प्रवीण राजगढ़िया





## मना क्रिसमस कार्निवल, पूरी हुई बच्चों की विश



क्रिसमस सेलिब्रेट करते बच्चे, विद्यार्थियों को संबोधित करते स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया, सेंटा क्लॉज के साथ डांस करते व गिफ्ट लेते बच्चे

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में शनिवार को क्रिसमस की पूर्व संध्या पर क्रिसमस कार्निवल का आयोजन हुआ। कार्निवल में बच्चों ने जमकर मस्ती की। जिंगल बेल्स और कैरोल से पूरा स्कूल परिसर गूंज उठा। आयोजन में शिक्षकों, बच्चों और उनके अभिभावकों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। बीच-बीच में सांता बने शिक्षकों ने बच्चों को टफियां बांटकर धूम मचाई। विभिन्न गीतों पर बच्चों ने जमकर नृत्य किया। कार्निवल में आकर्षक चरनी भी सजाई गई थी। शिक्षिका सीमा लकड़ा ने सभी को बताया कि क्रिसमस क्यों मनाया जाता है। ईसा मसीह के जीवन पर प्रकाश डाला। स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि क्रिसमसएक ऐसा त्योहार है जो ईश्वर के प्रेम, आनंद एवं उद्धार का संदेश देता है। जीवन मे हमें जो भी प्राप्त है, यह उनका आभार करना सिखाता है। उन्होंने कहा कि अपनी मेहनत के दम पर आप अपना भविष्य ऐसा बनाएं कि आप हमेशा दूसरों की विश पूरी करने में कामयाब हो सकें। श्री राजगढ़िया ने कहा कि क्रिसमस आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश देता है। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि अपने अंदर हमेशा दूसरों की सहायता करने की भावना विकसित करें। कार्निवल के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने सामूहिक रूप से क्रिसमस सांग पर नृत्य करते हुए आयोजन को सेलिब्रेट किया। आयोजन को सफल बनाने में सुमित कुमार, पूनम कुमारी, शिवानी कुमारी, मम्पी कुमारी, साधना सिन्हा, वसीम रेजा, सोहैल अहमद, दीपिका तिवारी, नीलू श्रीवास्तव, प्रगति सागर, प्रीति कुमारी, रीता राय, सीमा लकड़ा, लिलेश्वर पांडेय, विजय शर्मा आदि का योगदान रहा।

### क्रिसमस पर पूरी हुई हर बच्चे की विश

क्रिसमस को लेकर सभी कक्षा के विद्यार्थियों के बीच ए लेटर टू सांता का आयोजन किया गया था। जिसमें बच्चों ने सांता को लिखे पत्र में उपहार की इच्छा व्यक्त की थी। आयोजन के उपरांत स्कूल प्रबंधन ने सभी बच्चों के बीच उनके विश के अनुसार उपहार का वितरण किया। मनचाहा उपहार पाकर बच्चे बेहद खुश दिखें।

# लोकलुभावन पोशाकों में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने दी प्रस्तुति



क्रिसमस गैदरिंग में शामिल बच्चे

**कुजू।** भरेचनगर सांडी स्थित मणिपाल सीडलिंग्स प्ले स्कूल में क्रिसमस के अवसर पर शनिवार को क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्ले वर्ग से लेकर यूकेजी तक के छात्रों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने संटाक्लोज और परी के लोकलुभावन भेष भूषा में विद्यालय में अपनी प्रस्तुति दी, जो आकर्षक का केंद्र बना रहा। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक गया प्रसाद राय ने विद्यालय में उपस्थित समस्त शिक्षिकाओं सहित छात्र-छात्राओं शिक्षकेतर कर्मचारियों को क्रिसमस के हार्दिक शुभकामनाएं दी। मौके पर श्री राय ने ईशा मसीह के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि क्रिसमस या बड़ा दिन ईसाइयों का प्रमुख त्योहार है। यह पर्व प्रत्येक वर्ष 25 दिसंबर को मनाया जाता है। येन्नो डोमेन काल प्रणाली के आधार पर यीशु का जन्म 7 से 2 ई पूर्व के बीच हुआ था। सांता क्लॉज जिसे क्रिसमस का पिता भी कहा जाता है। श्री राय ने कहा कि ऐसे आयोजन से छात्रों के अंदर सभी धर्मो की ज्ञान की नीव मजबूत होती है ताकि छात्र सभी धर्मो के बारे में जानकारियां प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा क्रिसमस से जुड़ी अनेक प्रकार की चित्र कलाएं प्रस्तुत की गई। जिसे विद्यालय परिवार ने सराहा।

# डीएवी रजरप्पा में मनाया गया क्रिसमस पर्व



कार्यक्रम में मौजूद बच्चे

खबर मन्त्र संवाददाता

**रजरप्पा।** रजरप्पा क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को बच्चों ने क्रिसमस पर्व धूमधाम से मनाया गया। तीन समूहों में प्रथम समूह कक्षा एलकेजी से कक्षा एक तक के बच्चों ने सांता क्लॉज का ड्रेस पहनकर सभी बच्चे काफी उत्साहित दिखे तो दूसरी तरफ दूसरे समूह में कक्षा दूसरी से पांचवी तक के बच्चों ने ह्यवीर बाल दिवसह्न के अवसर पर 26 दिसंबर को ह्यथैंक्स गिविंग कार्डह्न बनाया जिसका थीम था सिख धर्म के दसवें गुरु ह्यगुरु गोविंद सिंह जी के चारों साहिबजादों के बलिदान पर समर्पित था तथा कक्षा छठी से नवीं तक के बच्चों में क्रिसमस तथा न्यू ईयर के अवसर पर ग्रीटिंग कार्ड बनाने की प्रतियोगिता हुई. सभी प्रतियोगिताओं में बच्चों की छिपी प्रतिभा को निखारना था जिससे वे आगे बढ़ सकें। सभी कार्यक्रम सीसीए के तहत करवाया गया।

# क्रिसमस पर्व की तैयारी पूरी, आकर्षक ढंग से सजाये गये चर्च

## 38 पल्लियों में आधी रात से आराधना, विनती प्रार्थना व मिस्सा, घरों को सजाया गया आकर्षक तरीके से

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** बालक यीशु के जन्मोत्सव का पर्व क्रिसमस की तैयारी जिले में पूरी कर ली गई है। जन्मोत्सव को लेकर जिले के 38 पल्लियों में विशेष मिस्सा पूजा का आयोजन होगा है। शनिवार की रात साढे दस बजे से सभी चर्चों में बालक यीशु के आगमन पर मिस्सा बलिदान चढ़ाया जाएगा। क्रिसमस को लेकर चर्चों को आकर्षक तरीके से सजाया गया है। साथ ही चर्च परिसर में आकर्षक चरनी का भी निर्माण किया गया है।

मसीही विश्वासियों द्वारा क्रिसमस की तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। विश्वासी अपने घरों को सजावट के सामानों से आकर्षक ढंग से सजाया है और घरों में चरनी के साथ-साथ बड़े-बडे क्रिसमस ट्री भी लगाये गये हैं। गुमला मुख्यालय स्थित संत पात्रिक गिरजाघर व लुथेरान मिशन स्थित चर्च को मसीही विश्वासियों द्वारा काफी अच्छे तरीके से सजाया गया है। मिस्सा पूजा को लेकर प्रार्थना गीतों का रिहसल भी पूरा कर लिया गया है।

गुमला धर्मप्रांत के प्रशासक फादर लिनुस पिंगल एक्का द्वारा शनिवार की रात बालक यीशु के आगमन को लेकर पवित्र मिस्सा पूजा अनुष्ठान कराएंगे। जिसमें काथलिक कलीसिया के धर्मविश्वासी भारी संख्या में भाग लेंगे।

साथ ही मिस्सा पूजा में बिशप हाउस के पुरोहितों के अलावे विभिन्न स्कूलों व संस्थाओं में कार्यरत पुरोहित और धर्म बहनें भी शामिल होंगे।



संत पात्रिक चर्च को आकर्षक तरीके से सजाया गया

# एसपी ने रात में जरूरत मंदों के बीच बांटा कंबल



विक्षिप्त को कंबल प्रदान करते एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** एसपी ऐहतेशाम वकारिव के द्वारा शुक्रवार की रात शहर के मुख्य मार्गों में घूम-घूमकर जरूरत मंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया।

सड़क किनारे सो रहे विक्षिप्त व्यक्तियों को एसपी ने सबसे पहले कंबल प्रदान किया। मौके पर एसपी ने कहा कि दिन प्रतिदिन ठंड का प्रकोप जिले में बढ़ता जा रहा है। पारा गिरने से जीवन पर इसका प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे स्थिति में सड़कों पर रात गुजारने वाले विक्षिप्तों के जीवन रक्षा को लेकर उनको विशेष तौर पर कंबल प्रदान किया गया ताकि ठंड से वे अपना बचाव कर सकें। एसपी ने कंबल वितरण के दौरान शहर के सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया और साथ चल रहे थाना प्रभारी विनोद कुमार को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये।

# हर एक व्यक्ति को अधिकार के बारे में जानकारी जरूरी : उपायुक्त

## राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर शनिवार को सूचना भवन में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बड़ी संख्या में आम नागरिक सहित जन वितरण प्रणाली के दुकानदार और अधिवक्ता शामिल हुए। कार्यशाला में उपायुक्त सुशांत गौरव ने जागरूक उपभोक्ता हम कैसे तैयार कर सकते हैं और उपभोक्ता फोरम का हम किस तरह इस्तेमाल आसानी से कर सकते हैं इन सभी विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उपायुक्त ने कहा कि हर एक व्यक्ति को उपभोक्ता के अधिकार के बारे में जानकारी होनी चाहिए। अपने अधिकारों का उपयोग किस प्रकार से करनी है। उसके लिए जागरूक होने की आवश्यकता है। उपायुक्त ने कहा कि एक जानकार उपभोक्ता को तैयार करने के लिए हमेशा सतत काम करने की जरूरत है। हमारा प्रयास है कि बोर्ड ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड के अनुसार यहां चीजों की बिक्री हो। इस पर हम काम कर रहे हैं। कार्यशाला में उपभोक्ता के अधिकार के सभी मुख्य बिंदुओं पर चर्चा करते हुए लोगों को उनके अधिकार से जागरूक किया गया। उपभोक्ताओं को सामान खरीदने पर रसीद जरूर लेना चाहिए। इससे ग्राहकों को भी फायदा होगा और सरकार को राजस्व भी मिलेगा। यदि ग्राहक सामान खरीदने पर रसीद नहीं लेते हैं तो आवश्यक पड़ने पर उस दुकानदार पर कोई शिकायत दर्ज नहीं करा सकते हैं। उपभोक्ताओं की शिकायत के लिए उपभोक्ता फोरम है। जहां पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। 24 दिसंबर को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 लागू हुआ था। इस अधिनियम का उद्देश्य खराब, त्रुटिपूर्ण सेवाओं और अनुचित व्यापार जैसे विभिन्न प्रकार के शोषण से उपभोक्ताओं को सुरक्षा प्रदान करना है। भारत सरकार ने 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस घोषित किया। इसके अलावा 15 मार्च को प्रत्येक वर्ष विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन भारतीय ग्राहक आंदोलन के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा गया है। इस कार्यशाला को अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी गुलाम समदानी व सदर अनुमंडल पदाधिकारी रवि जैन ने भी संबोधित किया।



कार्यशाला को संबोधित करते उपायुक्त व उपस्थित लोग

## सड़क दुर्घटना में 3 युवक घायल, एक की हालत गंभीर

**डुमरी।** डुमरी थाना क्षेत्र के वन विभाग कार्यालय जितियाटोली के समीप अज्ञात वाहन ने स्कूटी को धक्का मार दिया। इस घटना में स्कुटी सवार तीन युवक घायल हो गये। घायलों में सिकवार निवासी 22 वर्षीय अंकित कुजूर, जनवाल गांव निवासी 21 वर्षीय दीपक बाड़ा व एकम्बा सिंदुरिया टोल निवासी 19 वर्षीय बिल्फ्रेड मिंज के नाम शामिल है। सभी घायलों को स्थानीय लोगों के द्वारा डुमरी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। लेकिन एस वक्त चिकित्सक नदारत थे तो नर्सों ने घायलों का उपचार किया। घटना के संबंध में घायल दीपक ने बताया कि वे लोग शुक्रवार बाजार से घर को लौट रहे थे। तभी अचानक नवाडीह चौक की ओर से आ रहे एक अज्ञात टेंपू ने सीधी टक्कर मारी दी।

# पुलिस ने बरामद किया अज्ञात युवक का शव

## लाठी डंडे से पीटकर युवक की हत्या करने का जताया जा रहा है अंदेशा



युवक के शव की शिनाख्त करते पुलिस पदाधिकारी व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** सिसई के पुसो थाना क्षेत्र के लादा कोयल डीपा के समीप से अर्द्ध नग्न अवस्था में 25 वर्षीय अज्ञात युवक का शव शनिवार को पुलिस ने बरामद किया है। युवक की हत्या कर शव नदी के किनारे सुनसान क्षेत्र में फेंक दिया गया है। इधर शव मिलने की सूचना पर एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, थाना प्रभारी सत्यम कुमार गुप्ता व एसआई सरंजन सिंह घटनास्थल पहुंचे। घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस ने मामले की छानबीन आरंभ कर दी और शव को कब्जे में लेकर गुमला सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं शव देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि युवक की हत्या लाठी डंडे से पीटकर किया गया है। युवक के शव पर कपड़ा नहीं है।

## अधजला लाश महिला सुरक्षा का पोल खोलने के लिए काफी है: जेएनडी

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय सदस्य सह महिला मंडल सहयोग संचालन समिति की प्रभारी पुष्पा उरांव ने गुमला जिला के करंज थाना क्षेत्र के जंगल से महिला की अधजला शव मिलने पर गहरा दुख प्रकट कर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अधजला शव मिलना महिला सुरक्षा की पोल खोल रही है। उन्होंने कहा है कि महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर दल के नेतृत्व में महिला मंडल जनवरी से आंदोलन शुरू करेगी। जिसकी रणनीति महिला उत्पीड़न की घटना को देखते हुए पूर्व में ही बना ली गई है। श्रीमती उरांव ने महिला सुरक्षा के मामले में केंद्र व राज्य सरकार को समान रूप से बढ़ते महिला उत्पीड़न के लिए दोषी करार दी है और यह भी कहा है कि महिला हितैषी पार्टी की सरकार जब तक राज्य व देश में नहीं बनती है तब तक महिला सुरक्षा की गारंटी नहीं हो सकती है। महिलाओं से दरिंदगी यह बताती है कि अपराधियों में शासन प्रशासन का कोई भय नहीं है। आने वाला साल में इस अत्याचार के विरुद्ध झारखंड नवनिर्माण दल व महिला मंडल सहयोग संचालन समिति चरणबद्ध आंदोलन करेगी।

## घर पर फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के बेंदोरा पंचायत अंतर्गत किरतो गांव में एक युवक ने नशे की हालत में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मिली जानकारी के अनुसार किरतोटोली गांव निवासी सुधीर उरांव उम्र 35 वर्ष पिता देवलाल उरांव ने अपने घर में शाम लगभग 4 बजे शाल के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं परिजनों ने बताया कि दोपहर में वह धान लाने खेत गया था। फिर वहां से बिना किसी को बताए वापस लौट गया। जब हमलोग वापस घर लौटे तो अंदर से दरवाजा बंद पाया। फिर दरवाजा तोड़ के अंदर देखा तो सुनिल फांसी लगा लिया था। घटना का कारण परिजनों के द्वारा बताया गया कि अत्यधिक शराब के नशे में होने के कारण उसने फांसी लगा ली है।

# स्थानीय लोगो को रोजगार नहीं मिलने पर होगा आंदोलन : सधनू भगत

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** तीन सिमानी पड़हा केंद्र (हेंसल, जरियों, कुजी) में पड़हा समाज के सैकड़ों ग्रामीणों ने बैठक की। इस बैठक में चांपी में बन रहे बॉक्साइड का रेलवे साइडिंग और हेंसल में बन रहे बक्साइड डंपिंग यार्ड में हिंडाल्को द्वारा राजनीतिकरण करने को लेकर चर्चा की गई। इसके विरुद्ध झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री एवं तीन सीमानी पड़हा केंद्र के संरक्षक सधनु भगत ने कड़े शब्दों में कहा कि समय रहते यदि हिंडालको प्रबंधक अगर नहीं चेती तो स्थिति भयावह होगा। श्री भगत ने कड़े शब्दों में इसका प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हिंडालको कंपनी इंटक यूनियन के नेता को ठेकेदार बनाना चाहती है। उन्होंने हिंडालको को इससे बाज आने का सलाह दिया। और उन्होंने कहा कि राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू को हेंसल डंपिंग यार्ड के पचड़े में नहीं पड़ना चाहिए। हिंडालको प्रबंधक को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि यहां पड़हा समाज के आदिवासी भाइयों से बगैर सहमति लिए हुए यदि ठेकेदारी और नौकरी दिया गया तो किसी भी कीमत में यहां पर समाज चलने नहीं देगा। इसके लिए आंदोलन कर दो चरण प्रदर्शन के माध्यम से हिंडालको प्रबंधन को चेतावनी दिया जा चुका है। जल्द ही रांची हिंडाल्को के प्रधान कार्यालय मैं रोष पूर्ण प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। इस पर भी यदि प्रबंधक का नींद यदि नहीं खुला तो मुंबई हजारों की संख्या में चेतावनी रैली किया जाएगा ।बैठक को संबोधित करते हुए तीन सीमानी पड़हा के दीवान मनेश्वर उरांव ने कहा कि हिंडाल्को को यदि चलाना है तो पड़हा समाज के लोगों से बैठक कर ही यहां साइडिंग चलाया जा सकता है। अन्यथा हिंडालको कंपनी यह सोच रही है कि यदि कांग्रेस के बूते या साइडिंग चलेगा तो उनका यह बहुत बड़ी भूल है और कड़ी शब्दों में उन्होंने चेतावनी दिया कि जब कंपनी फंसेगी तो कांग्रेस क्षेत्र में दिखाई नहीं देगी और हेंसल डंपिंग यार्ड को जबरदस्त यहां के हजारों आदिवासी महिला पुरुष नाकेबंदी कर प्रबंधक को ताकत का एहसास करा देगी ।और इस बैठक को पड़हा केंद्र के अन्य पदाधिकारीयों ने भी संबोधित किया। इस बैठक में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री सधनु भगत, पड़हा बेल सुखदेव उरांव, रामधनी भगत, मुनेश्वर उरांव, राम भंडारी उरांव,राम उरांव, जगदीश उरांव,रामवृक्ष उरांव, रतिया उरांव, रोहित भगत, संदीप भगत और सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष शामिल थे।

# बीडीओ ने समीक्षा बैठक में दिये कई दिशा निर्देश



बैठक में मौजूद अधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**कैरो।** प्रखंड सभागार में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक किया गया। जिसमें पंचायत वार समीक्षा करते हुए मनरेगा, पियम आवास, बिरसा हरित क्रांति, दीदी बाड़ी सहित विकास योजनाओं की समीक्षा कर सभी पूर्ण योजनाओं का अभिलेक्ष बंद करने व जरूरत के हिसाब से आवस्यक योजनाओं को प्रारम्भ करने, मानव दिवस बढ़ाने सहित आवस्यक दिशा निर्देश प्रखंड कर्मी व मनरेगा कर्मियों को दिया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, पंचायती राज पदाधिकारी सुनील कुंवर, आवास समन्वयक दिनेश कुमार, मुखिया सुमित्रा उरांव, अरविंद उरांव, श्रवण मुंडा, सुमन लकड़ा, परवेज अंसारी, मंसूर अंसारी, पंचम एतवा पहान, सुहैल अहमद सहित प्रखंड कर्मी, मनरेगा कर्मी व मुखिया, रोजगार सेवक मौजुद थे।

## लक्ष्य के अनुरूप कार्य को पूर्ण करें: बीडीओ

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कार्यालय कक्ष में प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने प्रखंड कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक किया। बैठक के दौरान सभी पंचायत सचिव तथा रोजगार सेवकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही मनरेगा द्वारा संचालित बिरसा हरित ग्राम योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना,वृद्धा व विधवा पेंशन योजना,मुख्यमंत्री पशुधन योजना सहित विभिन्न विकास योजना का समीक्षा करते हुए पंचायत वार लक्ष्य के अनुरूप कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। वही मुख्यमंत्री सुखाड़ योजना को 31 दिसम्बर तक पूर्ण कर प्रखंड कार्यालय में प्रतिवेदन समर्पित करने का भी निर्देश दिया गया। मौके पर बीपीओ निलेन्द्र कुमार,जेई ग्रीन प्रसाद, शिवशंकर उराँव, पंचायत सचिव महिपाल उराँव, दुर्गा प्रसाद, भैया भगत, रिजवान अहमद, आनन्द सिंह के अलावे देवेन्द्र कुमार, निमाईचाँद महतो, प्रवीण कुमार, शिवदयाल भगत, संजीव उराँव सहित सभी प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

# सड़क निर्माण में घटिया सामग्री इस्तेमाल को लेकर ग्रामीणों ने रोका कार्य

## बीडीओ ने पहुंचकर संवेदक को कार्य सही से करने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**कैरो।** कैरो से भंडरा तक सड़क निर्माण में अनियमितता बरतने व घटिया सामग्री के उपयोग करने के विरोध में ग्रामीणों ने शनिवार को काम बंद करा दिया। ग्रामीणों का आरोप था कि सड़क निर्माण कार्य मे घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। जिसके बाद दर्जनों ग्रामीणों ने कार्य स्थल पहुँचकर पीसीसी कार्य को रोक दिया व प्रखंड विकास पदाधिकारी व थाना प्रभारी को भी बुलाया गया। जिसके बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो द्वारा सड़क निर्माण की देखरेख कर रहे लोगों को गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग कर निर्माण कार्य करने का निर्देश दिया। मौके पर ग्रामीणों का यह भी आरोप था कि पीएम आवास निर्माण में बालू आपूर्ति करने वाले ट्रैक्टरों को प्रशासन द्वारा पकड़ा जाता है जबकि दूसरी ओर थाना व प्रखंड कार्यालय के सामने अबैध रूप से बालू गिराकर कार्य किया जाता है जिसे रोकने वाला कोई नही है। ग्रामीणों द्वारा कैरो-चट्टी से कुडू तक हो रहे कालीकरण पथ पर भी कार्य की गुणवत्ता को ध्यान में नही रखा जा रहा है जिसे ध्यान में रखकर कार्य किया जाए। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क बने 24 घण्टे के अंदर ही उखड़ना सुरु हो गया है। विदित हो कि शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा निरीक्षण के क्रम में भी नाराजगी जताई गई थी उसके बावजूद उसी सामग्री से कार्य किया जा रहा था। इधर पहली बार प्रखंड मुख्यालय के ग्रामीणों का जागरूक होने पर एक नई ऊर्जा दिख रही है ग्रामीणों का कहना है कि किसी भी स्थिति में गलत कार्य बर्दास्त नही किया जाएगा, ग्रामीणों द्वारा कई जगह आवेदन देकर काम पास कराया जाता है किंतु संवेदक द्वारा सिर्फ कमाई के लिए घटिया काम किसी भी हाल में बर्दास्त नहीं किया जाएगा। मौके पर जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद थे।



घटिया निर्माण का विरोध करते ग्रामीण

# एक नजर में

## व्यवसायिक वाहनों को परमिट जल्द हो निर्गत : कवलजीत

**लोहरदगा।** लोहरदगा गुमला ट्रक आँनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह ने झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं परिवहन मंत्री चंपई सोरेन और दक्षिण छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार के सचिव को ईमेल एवं ट्विटर संदेश भेजकर यह मांग की है कि पिछले कई दिनों से आरटीए ऑफिस के द्वारा दक्षिण छोटानागपुर क्षेत्र में 15 वर्षों से पुराने व्यवसायिक वाहनों को परमिट नहीं दिया जा रहा है ,जबकि दूसरी तरफ उन्ही वाहनों से टैक्स भी वसूला जा रहा है जो समझ से परे है और इससे लाखों लोग प्रभावित हो रहे हैं और कहीं ना कहीं यह मामला धांधली की तरह हैं, अगर परमिट निर्गत नहीं करना है तो आरटीए ऑफिस में बाहर सूचना पट पर एक सूचना लगा देनी चाहिए और जितने भी आवेदकों ने परमिट के लिए आवेदन किया हुआ है।

## एसपी के नेतृत्व में नक्सल विरुद्ध अभियान

**लोहरदगा।** पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के नेतृत्व में नक्सलियों के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान चलाया गया। मौके पर जिला पुलिस बल, सीआरपीएफ 158 बटालियन और सैट के जवानों द्वारा पेशरार थाना क्षेत्र के पेशरार, केकरांग, रोरद, ओनेगढ़ा कौवाडार तथा पुतरार के सुदूरवर्ती नक्सल प्रभावित जंगली-पहाड़ी क्षेत्र में अभियान चलाया गया। अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीणों से मिले तथा ग्रामीणों ने उन्हें अपनी मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया।

## दो दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता संपन्न

**सेन्हा-लोहरदगा।** नेहरू युवा केन्द्र लोहरदगा के तत्वाधान में सेन्हा प्रखंड के राष्ट्रीय स्वयंसेवक द्वारा सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के बुटी पंचायत अन्तर्गत चमडू के खेल मैदान में दो दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता का समापन किया गया। आयोजित खेल कूद प्रतियोगिता में फुटबॉल मैच के अलावे बालक बालिकाओं के बीच दौड़,ऊँची कूद,लम्बी कूद का आयोजन किया गया। समापन समारोह का मुख्य अतिथि जीप सदस्य एवं नेहरू युवा केन्द्र के राष्ट्रीय स्वयंसेवक आकाश कुमार साहू द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया।

## वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**लोहरदगा।** ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम स्कूल, कुटमु में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूवात माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण से हुई। उसके बाद विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गान प्रस्तुत कर आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। उसके बाद सर्जिकल स्ट्राइक, रेट्रो डांस, मोनो प्ले, डांस सेव ट्री, ओरी चिरैया गीत छोटे बच्चों के द्वारा बमबम भोले रामायण लघुकथा आदि रंगा रंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया।

## सैकड़ों युवाओं ने ली जय श्री राम समिति की सदस्यता

**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति की सदस्यता अभियान को लेकर नगर क्षेत्र के किस्को मोड, पतराटोली में दीपक कुमार साहू के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें सैकड़ों युवाओं ने जय श्री राम समिति की सदस्यता ग्रहण कर संगठन की शक्ति को और मजबूती प्रदान किया ।मौके पर दीपक कुमार साहू ने कहा समय के साथ बदलाव बहुत ही जरूरी है जय श्रीराम समिति के कार्य की जितनी सराहना की जाए कम है। संगठन के प्रति युवाओं का रुझान दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। संगठन में ही शक्ति है ।उन्होंने सभी सनातन समाज के युवाओं से अपील किया की जल्द से जल्द समिति की सदस्यता ग्रहण कर संगठन को और भी मजबूत करें।

## 15 दिवसीय सह योग प्रशिक्षण शिविर आज से

**लोहरदगा।** पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान जिला लोहरदगा के तत्वावधान में 15 दिवसीय सहयोग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आज 25 दिसंबर को प्रारंभ हो रही है। यह आयोजन स्थानीय प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में आयोजित की जाएगी। प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षणार्थियों को बीमारी आधारित योग की महत्ता, योग के बारीकियों से अवगत वरीय प्रशिक्षित योग शिक्षकों के द्वारा दी जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें एक्यूप्रेशर चिकित्सा, प्राकृतिक चिकित्सा एवं बीमारी आधारित बारीकियों से अवगत कराया जाएगा। योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा पतंजलि के संस्थापक स्वामी रामदेव जी महाराज एवं आयुर्वेद शिरोमणि बालकृष्ण जी के सानिध्य में हरिद्वार से प्रशिक्षित योग शिक्षकों के द्वारा योग, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा, जड़ी बूटी के औषधीय प्रयोग आदि की जानकारी भी दी जाएगी।

## सुखाड़ राहत योजना को लेकर डीसी मिले किसानों से

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा शनिवार को मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत सुखाड़ से प्रभावित किसानों के सत्यापन हेतु स्थल निरीक्षण किया गया। उपायुक्त द्वारा सेन्हा अंचल के ग्राम तोड़ार और लोहरदगा अंचल के ग्राम नदिया में किसानों द्वारा खेती किये गये स्थल का निरीक्षण किया गया। साथ ही, किसानों/ग्रामीणों से पूछताछ की गई। किसानों की ओर भी सुखाड़ से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई ।उपायुक्त द्वारा उपस्थित अंचल अधिकारी को सुखाड़ राहत हेतु प्राप्त आवेदनों का सत्यापन किसान के खेत में जाकर करने का निर्देश दिया गया।

## भारत जोड़ो यात्रा जरूरी : सुखैर भगत

**लोहरदगा।** पेशरार प्रखंड कांग्रेस कमिटी द्वारा भारत जोड़ो यात्रा का आयोजन किया गया। सैकड़ों कार्यकर्ताओ द्वारा यात्रा की शुरूवात प्रखंड मुख्यालय से करसना मोड़, दुगु चौक, खिजुर पतरा, चंदग्ली, मेरम, लावापानी चौक होते हुए मेन रोड पेशरार में समाप्त की गई ।यात्रा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि यह यात्रा देश में फैल रही नफरत, महंगाई, बेरोजगारी को मिटाने के लिए की जा रही है और राष्ट्रीय स्तर पर राहुल गांधी ने यह यात्रा कन्याकुमारी से कशमीर तक तक कर रहे हैं।

## राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर सेमिनार सह शिविर का आयोजन

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर जिला उपभोक्ता आयोग में सेमिनार सह शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरीय सदस्य नंदलाल प्रसाद ने कहा की राष्टीय उपभोक्ता दिवस का उद्देश्य उपभोक्ताओं को जागरूक करने और उनके हक अधिकार दिलाना है। साथ ही दुकानदारों और उद्यमीयो से बेहतर और गुणवतापूर्ण सेवा प्रदान करना है ।मौके पर वरीय सदस्य के द्वारा नीलकंठ ट्रेडर्स के प्रोपराइटर मिस्टर सतीश कुमार डालमिया को उनके शिकायत वाद के डिग्री के फल स्वरुप विपक्षी के द्वारा दिया गया एक लाख 108462/- का चेक सौंपा गया। इस अवसर पर आयोग में उपस्थित कार्यालय अधीक्षक एवं प्रधान सहायक के साथ कार्यालय कर्मियों सारिका सिंह, सुशील भगत, फुल मनी देवी एवं उपभोक्ता गन अभिनव राम, किशोर भगत आदि मौजूद थे।

## भाजपा आज मनायेगा सुशासन दिवस

**कैरो (लोहरदगा)।** कैरो प्रखंड मुख्यालय स्थित देवी मंडप प्रांगण में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी की बैठक प्रखण्ड उपाध्यक्ष विवेक महतो के अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक का शुभारंभ दीनदयाल उपाधयाय के चित्र पर माल्यर्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया वंही लव जिहाद की शिकार हुई रितिका पहाड़िया के लिए दो मिनट का मौन रखा गया ।बैठक में जिला कार्यसमिति के निर्देशानुसार आगामी 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिन को सुशाशन दिवस के रूप में मनाने,प्रधानमंत्री मन की बात को सुनने का निर्देश सभी कार्यकर्ता को दिया गया वंही झारखण्ड सरकार के द्वारा धान खरीदी ओर किसानों को राशि भुगतान में विलंब एवं झारखण्ड सरकार की सुरक्षा व्यवस्था पर विरोध प्रदर्शन करने पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बाजरंग उरांव ने कहा जिस प्रकार झारखण्ड सरकार तुष्टिकरण की राजनेतिक कर रही है नही चलने वाला है दिन व दिन राज्य में चोरी ,बलात्कार,मड़र, बढ़ रही है कंही न कंही सरकार की नाकामी को साबित करती है।

# चिक्कारंगप्पा एस ने सीजन एंडिंग टाटा स्टील टूर चैम्पियनशिप के अंतिम दिन बाजी मारी

■ मनु गंडास सीजन के रिकॉर्ड ईनामी राशि के साथ टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग चैंपियन बने

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** बेंगलुरू के चिक्कारंगप्पा एस ने अंतिम दिन तीन-अंडर 69 के राउंड के साथ टाटा स्टील पीजीटीआई की सीजन-एंडिंग टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप में दो शॉट से जीत हासिल की। 3 करोड़ की ईनामी राशि वाला यह इवेंट जमशेदपुर के बेल्डीह और गोलमुरी गोल्फ कोर्स में खेला गया।

गुरुग्राम के मनु गंडास ने 2022 टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग (ऑर्डर ऑफ मेरिट) में चैंपियन बनने के लिए सीजन के शोपीस इवेंट में छठा स्थान हासिल किया।

चिक्कारंगप्पा (66-71-62-69), जिन्होंने सप्ताह के दौरान 20-अंडर 268 का कुल स्कोर किया, ने पीजीटीआई पर अब तक की सबसे बड़ी ईनामी राशि वाले कार्यक्रम में अपने प्रयास के लिए 45 लाख रु की बड़ी राशि जीती। यह पीजीटीआई पर 29 वर्षीय गोल्फर का 15वां खिताब और कुल मिलाकर 16वीं पेशेवर जीत थी। अंतरराष्ट्रीय स्टार शिव कपूर (64-69-70-67), दिल्ली के शमीम खान (71-67-67-65) और गुरुग्राम के वीर अहलावत (67-71-67-65) की तिकड़ी 18-अंडर 270 के साथ दूसरे स्थान पर रही। गुरुग्राम के मनु गंडास (66-68-68-70) ने इस सप्ताह टूर चैंपियनशिप में 16-अंडर 272 में छठे स्थान पर रहने के बाद टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग (ऑर्डर ऑफ मेरिट) में प्रतिष्ठित नंबर 1 स्थान प्राप्त किया। मनु ने 2022 सीजन का समापन रिकॉर्ड कमाई 88,50,688 के साथ किया, जो पीजीटीआई सीजन के लिए अब तक का सबसे अधिक, धनराशि सूची में उचित दूरी से नंबर एक स्थान पर रहने के लिए है। गंडास ने सीजन की कमाई का पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया, जो 2019 में राशिद खान ने 66,27,650 रु के साथ बनाया था।

मनु ने इससे पहले सीजन के दौरान छह खिताब जीतकर पीजीटीआई का एक और रिकॉर्ड बनाया था। गंडास, जिन्होंने 2015 में प्रो बैक किया था, ने वर्ष में कुल 13 टॉप -10 पोस्ट किए। चंडीगढ़ के युवराज सिंह संधू सीजन की कमाई 70,99,768 रु के साथ पीजीटीआई रैंकिंग में दूसरे स्थान पर रहे।

इवेंट के सभी चार राउंड में गोलमुरी गोल्फ कोर्स में पहले नौ होल और बेल्डीह गोल्फ कोर्स में दूसरे नौ होल खेले गए, जबकि मैदान के दूसरे आधे हिस्से ने पहले बेल्डीह और उसके बाद गोलमुरी में खेला। राउंड के लिए पार 72 था। लीडिंग ग्रुप्स ने गोलमुरी से शुरू किया और बेल्डीह में समाप्त किया। चिक्कारंगप्पा, एक शॉट से रातोंरात लीडर बननेवाले, दिन के अधिकांश समय नियंत्रण में थे क्योंकि उन्होंने अपने असाधारण आयरन-प्ले और वेज शॉट्स की बदौलत पहले 13 होल में एक बोगी के बदले में पांच बर्डी लगाई। खेल के एक छोटे से अंतराल के लिए चिक्का की बढ़त खतरे में आ गई जब उन्होंने 14वें पर एक बोगी गिरा दी और खालिन जोशी ने पहले के एक शॉट के भीतर प्रवेश करने के लिए 12वें और 16वें के बीच चार बर्डी लगाये। खालिन आखिरकार अंतिम दो होल में एक बोगी और डबल बोगी के साथ विवाद से बाहर हो गए और छठे स्थान पर रहे क्योंकि चिक्का ने शहर में दो बार पहले उपविजेता रहने के बाद जमशेदपुर में अपना पहला खिताब जीता। चिक्का ने कहा, दिन के अधिकांश समय चीजें मेरे नियंत्रण में थीं, लेकिन जब मैंने 16वें के बाद लीडरबोर्ड देखा और मुझे महसूस हुआ कि खालिन सिर्फ एक से मुझसे पीछे है, तो मैं थोड़ा हैरान हुआ। लेकिन फिर मैंने बस अपना खेल खेला, फेयरवे ढूंढा, पिन्स के लिए कोशिश की और महत्वपूर्ण पार पुट बनाए। 17 पर खालिन की बोगी ने मुझे कुछ राहत दी।




खिताब जीतने के बाद दोस्तों ने चिक्का के साथ यूं मनाई खुशियां और चिक्का को चैम्पियनशिप ट्रॉफी देते टाटा स्टील के एमडी एंड सीइओ टीवी नरेंद्रन। साथ में उत्तम सिंह मुंडी और टाटा स्टील के वीपी संजीव पॉल।

## स्पीड न्यूज



### विधायक ने किया मरम्मत कार्य का शिलान्यास

**चांडिल।** शनिवार को विधायक सविता महतो एवं जिला पार्षद पिंकी लायक ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 21-22 से बनने वाली चार सड़क मरम्मती कार्य करीब 1 करोड़ 60 लाख की लागत से बनने वाले कार्य का शिलान्यास किया। इस योजना में भादूडीह से बड़ालाखा, दालग्राम से हिरिमिली ओर दो सड़क मरम्मती कार्य योजना सामिल है। विधायक ने कहा दो वर्ष कोरोना में बित गई। एक वर्ष में कई सारे विकास के कार्य किए गए। आने वाले समय में और विकास के कार्य धरातल पर दिखेंगे। मौके पर जिला परिषद पिंकी लायक, झामुमो के केंद्रीय सदस्य काब्लू महतो, पप्पू वर्मा, पूर्व जिला परिषद सदस्य सह झामुमो नेता ओम प्रकाश लायक चांडिल उप प्रमुख रामकृष्ण महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

### सरस्वती विद्या मंदिर में हुआ साइंस एग्जिबिशन



**चांडिल।** शनिवार को नरंगराय सूर्य देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर चांडिल में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी तथा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि थाना प्रभारी चांडिल अजीत कुमार, भूतपूर्व प्राचार्य डॉ गुरुपदो रजवार, प्रधानाचार्य कुणाल कुमार एवं प्रभारी प्रधानाचार्य सुब्रतो चटर्जी ने दीप प्रज्ज्वलित एवं भारत माता पूजन कर किया। विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने मॉडल का प्रदर्शन किया जिसमें गैस कटर, हाइटेक सिटी, रेन डिटेक्टर, ड्रिप इनॉग्रेशन वैक्यूम क्लीनर, रेन वाटर हार्वेस्टिंग आदि थे। इस मौके पर विजय रजक, पृथु सिन्हा, देवाशीष मंडल, शंकर कुमार, विष्णु सिंह, परिमल महतो, सौरव बनर्जी, सविता दत्त, मीरा कुंडू, गीता महतो, टुम्पा मंडल सहित कई लोग उपस्थित थे।

### मानगो वसुंधरा स्टेट में कलश यात्रा 25 को

**जमशेदपुर।** मानगो एनएच 33 स्थित वसुंधरा स्टेट (नियर इरीगेशन कॉलोनी) में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ रविवार 25 दिसम्बर को कलश यात्रा एवं व्यास पूजन से शुभारंभ होगा। सोमवार 26 दिसंबर से भागवत कथा का प्रसंग रोजाना संध्या 4 से 7 बजे तक होगा, जो 1 जनवरी रविवार तक चलेगा। श्रीधाम वृंदावन के स्वामी वृजनंदन शास्त्री जी महाराज भागवत कथा का व्याख्यान करेंगे। महाराज जी व्यासपीठ से कथा वाचन के दौरान भगवान के अलग-अलग रूपों की झांकियों का दर्शन भी करायेंगे। इसका आयोजन किरण-उमाशंकर शर्मा परिवार कर रहा है। यह जानकारी कृष्णा शर्मा काली ने शनिवार को प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि भागवत कथा का आस्था चैनल पर जीन दिन 30 दिसंबर से 01 जनवरी तक सीधा प्रसारण होगा। काली शर्मा ने बताया कि अंतिम दिन एक जनवरी रविवार की शाम को भव्य भंडारा के साथ इस धार्मिक कार्यक्रम का समापन होगा।

### एक्सएलआरआइ में 21-22 को मैक्सी फेयर



**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआइ में 43 वें मैक्सी फेयर का आयोजन 21 व 22 जनवरी को होगा. मार्केटिंग एसोसिएशन ऑफ एक्सएलआरआइ (मैक्सी) की ओर से आयोजित इस मेले में शहर के करीब 10,000 लोग शामिल होंगे। इस दौरान शहर के बच्चों की रचनात्मक दक्षता के लिए आर्ट अटैक, शहर की ब्यूटी और ब्रेन की परख करते हुए मिस्टर एंड मिस जमशेदपुर, डांस मेनिया के जरिए नृत्यकला, खाना-पकाना के साथ दिल जीतने के लिए मास्टर शेफ जुटे थे।

# नारी स्वास्थ्य यात्रा का जमशेदपुर में आगमन 29 को, होंगे कई कार्यक्रम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** फेडरेशन ऑफ ऑबसटेट्रिक्स एंड गाइनोकोलोजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया (फॉग्सी) की ओर से गत 15 नवंबर से निकाली गई नारी स्वास्थ्य यात्रा एनीमिया नेशनल राइड 29 दिसंबर को जमशेदपुर पहुंचेगी । यात्रा में शामिल फॉग्सी के अध्यक्ष डा हृषिकेश डी पाई एंड टीम का भव्य स्वागत सदर हॉस्पिटल,खास महल के प्रांगण में जमशेदपुर ऑबसटेट्रिक्स एंड गाइनोकोलोजिकल सोसाइटी (जॉग्स) की ओर से किया जायेगा। इस अवसर पर सुबह 9.30 बजे से अस्पताल परिसर में 200 महिलाओं के हिमोग्लोबिन एवं ब्लड शुगर जांच की जाएगी जबकि शाम 5:00 बजे से होटल रमाडा में पब्लिक फोरम का आयोजन किया जाएगा जिसे फोगसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर हृषिकेश डी पाई संबोधित करेंगे इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्वी सिंहभूम की डीसी श्रीमती विजया जाधव, डॉक्टर आलोक देवदास, डॉक्टर रंजना जोशी,डॉक्टर श्वेता कुमारी, डॉ आशा गुप्ता,डा बनीता सहाय, डॉ सुभद्रा मालिक एवं अन्य स्त्री रोग विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगीं।

उक्त जानकारी इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सभागार में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में जमशेदपुर ऑबसटेट्रिक्स एंड गाइनोकोलोजिकल सोसाइटी (जॉग्स) की अध्यक्ष डॉ रंजना जोशी,सचिव डॉक्टर श्वेता कुमारी एवं कोषाध्यक्ष डॉक्टर आशा गुप्ता के साथ पूर्व अध्यक्ष डॉ वनिता सहाय ने संयुक्त रूप से दी।

डॉक्टर रंजना जोशी ने बताया कि प्रधानमंत्री का आह्वान पर उक्त यात्रा 15 नवंबर से ऋषिकेश से रवाना हुई है जो देश के 20 शहरों से होकर गुजरेगी। झारखंड में रांची जमशेदपुर और धनबाद क्षेत्र से यात्रा गुजरेगी। यात्रा 27 दिसंबर को रांची में रहेंगी जबकि 28 दिसंबर को धनबाद में और 29 दिसंबर को जमशेदपुर पहुंच रही है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य एनीमिया के प्रति महिलाओं में जागरूकता पैदा करना हो साथ ही 20 शहरों में महिलाओं का हेल्थ चेक अप कैंप लगाकर एनीमिया की स्थिति को लेकर एक डाटा भी तैयार करना है। इस डाटा को भारत सरकार से शेयर किया जाएगा और एनीमिया मुक्त भारत के नीति तैयार करने के लिए आवश्यक अनुशंसा भी संगठन देगा।

कोषाध्यक्ष डॉ आशा गुप्ता ने एक सवाल पर कहा कि नई पीढ़ी की महिलाएं फास्ट फूड के प्रति दीवानी है और इसके चलते हुए दिन प्रतिदिन साग सब्जी एवं अन्य प्राकृतिक पौष्टिक आहार से दूर होती जा रही हैं । यही कारण है कि आज देश की 50% महिलाएं एनीमिया से पीड़ित हैं । इनमें वैसी महिलाओं की संख्या ज्यादा है जो अच्छे घरों से आती हैं और उनके यहां खानपान की कोई कमी नहीं है। एनीमिया के चलते महिलाएं कई तरह की बीमारियों से पीड़ित हो रही हैं। इसलिए महिलाओं को एनीमिया के प्रति जागरूक करने का बीड़ा हमारे संगठन में राष्ट्रीय स्तर पर उठाए हैं।



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करती डॉ रंजना जोशी। साथ में बायें से डॉ बनीता सहाय, डॉ आशा गुप्ता और डॉ श्वेता कुमारी।

**एनीमिया दूर करने का एक ही उपाय पौष्टि खानपान**

संवाददाता सम्मेलन में मौजूद महिला चिकित्सकों ने एनीमिया से बचने के लिए आवश्यक परामर्श भी दिए उन्होंने कहा कि खानपान में महिलाओं को नियमित रूप से पालक,हरी साग सब्जी, अंकुरित चना मूंग, गुड, केला, मछली, अखरोट दाल आदि खाना चाहिए।

## टाटा स्टील के ईडी कौशिक चटर्जी बने यूएन ग्लोबल कॉम्पैक्ट एडवाइजरी बोर्ड के सदस्य

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** कौशिक चटर्जी, इग्जेक्यूटिव डाइरेक्टर एवं चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर, टाटा स्टील को 1 जनवरी, 2023 से 3 वर्ष के कार्यकाल के लिए आईएफआरएस फाउंडेशन के छह नए ट्रस्टियों में से एक के रूप में नियुक्त किया गया है। उन्हें सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स (एसडीजी) के लिए ग्लोबल कॉम्पैक्ट सीएफओ कोअलिशन के एडवाइजरी बोर्ड के सदस्य के रूप में भी नियुक्त किया गया है, जहां वे इंडस्ट्रियल गुड्स के लिए सेक्टर लीड होंगे तथा एशिया-पैसिफिक क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। आईएफआरएस फाउंडेशन इंटरनेशनल एकाउंटिंग स्टैंडर्ड्स बोर्ड (आईएएसबी) एवं इंटरनेशनल सस्टेनेबिलिटी स्टैंडर्ड्स बोर्ड (आईएसएसबी) के माध्यम से प्रकटीकरण मानकों के विकास के लिए जिम्मेदार है। फाउंडेशन के ट्रस्टीगण स्ट्रैटेजी, गवर्नेंस एवं ओवरसाइट तथा नई नियुक्तियों को संचालित करते हैं।

## कम्यूनिटी कनेक्ट के लिए गोल्फ समेत अन्य खेलों को समर्थन देना जारी रखेगी टाटा स्टील : नरेंद्रन

**सत्येन्द्र कुमार**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील के एमडी एंड सीइओ टीवी नरेंद्रन ने कहा कि स्पोट्स से टाटा स्टील का गहरा नाता रहा है। हमारे तत्कालीन चेयरमैन सर दोराब जी टाटा ने 1920 में पहली भारतीय ओलंपिक टीम को भी स्पांसर किया था।

नरेंद्रन शनिवार को पीजीटीआई टाटा स्टील चैम्पियनशिप में पुरस्कार वितरण करने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि टाटा स्टील आमतौर से उस उस स्पोर्टस को स्पांसर करती है अथवा प्रमोट करती है जो आमतौर पर उपेक्षित होते हैं। जैसे फुटबॉल, चेस, आर्चरी, माउंटन वॉल क्लाइंबिंग उदाहरण है। गोल्फ तो हमलोग बहुत साल से प्रमोट करते आ रहे हैं। अभी तो टाटा स्टील पीजीटीआई की स्पांसर है। वर्तमान में देश का सबसे बड़ा प्राइज मनी वाला गोल्फ इवेंट जमशेदपुर में हमने किया है। इसके चलते देश के सभी नामी गोल्फर यहां खेलने आये हैं,और जमशेदपुर के लोगों को हाई क्वालिटी का गोल्फ देखने का अवसर मिला है। नरेंद्रन ने कहा कि हमलोग स्पोर्टस कम्यूनिटी कनेक्ट के लिए स्पांसर करते हैं। सिर्फ स्पांसरशिप करना होता तो बहुत कुछ करते। हम जमशेदपुर, भुवनेश्वर और कोलकाता में जो भी इवेंट कर रहे हैं उसका एक ही मकसद है कि खेल के प्रति समुदाय की रुचि और संपर्क बढ़े।



## जमशेदपुर : हर हर महादेव सेवा संघ का कंबल वितरण कार्यक्रम प्रारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

➲ काले ने जरूरतमंद बुजुर्गों में कंबल सेवा करके लिया आशीर्वाद

**जमशेदपुर।** ठंड से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से हरहर महादेव सेवा संघ की ओर से निरंतर 20वें वर्ष का कंबल वितरण अभियान का शुभारंभ किया। संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में शहर के बाराद्वारी स्थित सुभाष आश्रम, सर्वोदय आश्रम, राजेन्द्र आश्रम, सरदार पटेल आश्रम, कस्तूरबा आश्रम (ए), कस्तूरबा आश्रम (बी), विवेकानंद आश्रम , शास्त्री आश्रम, प्रेम आश्रम, भुइंयाडीह के बाबूडीह बस्ती, ब्राह्मण टोला, लालभट्ठा, छायानगर, कल्याण नगर, भुइंयानगर, भालूबासा के हरिजन बस्ती में जरुरतमंद बुजुर्गों में कंबल सेवा करके आशीर्वाद लिया। मौके पर अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि हरहर महादेव सेवा संघ परिवार अपने सामाजिक दायित्व के तहत प्रत्येक वर्ष की तरह कंबल बांटने व अन्य सामाजिक कार्य करता है साथ ही उन्होंने कहा कि हम अपनी सेवा कार्य को आनेवाले समय में ओर भी बड़े पैमाने पर करेंगे ताकि अधिक से अधिक लोगों तक लाभ पहुंचाया जा सके।



## योगासन प्रतियोगिता में प्रतिभा दिखायेंगे पूर्वी सिंहभूम के 13 बच्चे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेपुर।** राष्ट्रीय स्तर पर अब पूर्वी सिंहभूम जिला की ओर से सब जूनियर और जूनियर कैटेगरी में आद्रीभू दे, अनमोल राज, श्रेया भट्टाचार्य, नायेसा सरकार, जानभी जा, सुती नंदी , आयुषी अधिकारी, देवनिषटा मंडल, अद्वविका अनंति, तियसा पंजिवारा, अनुष्का पानी, देवीका सेन अपना पंचम लहराएंगे। योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन आफ झारखंड के दारा राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता प्रतियोगिता 17 और 18 अगस्त 2022 रांची की

**तीसरा नेशनल योगासन**

सरला बिरला यूनिवर्सिटी में हुआ था जिसमें करीब 22 जिलों के बच्चों ने भाग लिया था पूर्वी सिंहभूम की और से इन 13 बच्चों की बेहतर प्रदर्शन पर मुंबई में ध्रुव पब्लिक स्कूल में आयोजित तीसरा राष्ट्रीय स्तर की योगासन प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की लिए चयनित किया गया है। इस प्रतियोगिता में कूल 5 इवेंट्स होता है जैसे कि एडिशनल योगासन, आर्टिस्टिक सिंगल, आर्टिस्टिक पर, रिदमिया प्यार, और आर्टिस्टिक ग्रुप।

# पंडित दीनदयाल भवन, लक्ष्मीनगर में सरयू राय ने स्थापित करायी पूर्व विधायक दीना बाबा की प्रतिमा

■ भाजमो ने विजय दिवस के उपलक्ष्य में जन आभार दिवस मनाया गया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के आम जनता के लोकप्रिय नेता, जनता के सुलभ उपस्थित रहने वाले जमीनी नेता स्वर्गीय दीनानाथ पांडेय उर्फ दीना बाबा की प्रतिमा का अधिष्ठापन बर्मामाइंस लक्ष्मीनगर स्थित पंडित दीनदयाल भवन के प्रांगण में भाजमो जमशेदपुर महानगर के सौजन्य से हुआ। पूर्वी विधानसभा चुनाव में विजय प्राप्त करने के तीसरी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भाजमो जमशेदपुर महानगर के द्वारा लक्ष्मीनगर दीनदयाल उपाध्याय भवन में जन आभार कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

मौके पर मुख्य अतिथि के रूप से उपस्थित पूर्वी के विधायक सरयू राय, स्वर्गीय दीनानाथ पांडेय के पुत्र राम प्रवीण पांडेय, उनके सहयोगी सहित भाजमो नेताओं, सरयू समर्थकों एवं क्षेत्र की जनता ने संयुक्त रूप से स्वर्गीय दीनानाथ पांडेय की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। एक स्वर में सभी ने दीना बाबा अमर रहे के नारे लगाए और प्रतिमा पर पुष्पर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। दीना बाबा के पुत्र राम प्रवीण पांडेय ने कहा कि दीना बाबा की कही हुई बाते उनके हमेशा याद रहेगी। उन्होनें कहा पुरे झारखंड में विधायक सरयू राय एक लौते जन प्रतिनिधी जो दीना बाबा के पदचिन्हों पर चलकर लोकहित और जनहित में बेहतर कार्य कर रहे है।



पूर्व विधायक दीनानाथ पांडेय की प्रतिमा का अनावरण करते जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय।

## एक नजर में

### मंत्री बन्ना गुप्ता ने की सड़क की गुणवत्ता की जांच



**जमशेदपुर।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता मानगो बड़ा हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना के बाद दाईगुटू रोड, कुल्ली रोड, करीम सिटी कॉलेज सड़क सहित मानगो क्षेत्रों के बहुत सारे सड़कों के निर्माण के कार्य का निरीक्षण कर गुणवत्ता की जांच की। कार्य कर रहे संवेदक और विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता का ख्याल रखें और तय समय सीमा पर कार्य खत्म करें। निरीक्षण के बाद मंत्री जी ने कहा है कि क्षेत्र में विकास हो रहा है और विकास की गुणवत्ता बढ़िया हो तो सही में विकास का लोगों को आनंद मिलेगा। इसीलिए में क्षेत्र में घूमकर कितने रोड बने हैं, कितने बाकी है। कहा कि नाली नहीं बनी है, कहां पर बिजली नहीं है, सारी चीजों का समीक्षा कर रहा हूं।

### बागुनहातु मैदान में हुआ दो दिवसीय क्रिकेट मैच



**जमशेदपुर।** बागुनहातु फुटबॉल मैदान में दो दिवसीय क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। एआरजी के तत्वावधान में विक्टोरिया बॉयज क्लब ने दो दिवसीय क्रिकेट मैच कराया, जिसके मुख्य अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, उद्घाटनकर्ता सीआरएम कंपनी से हेड ऑफ ऑपरेशन भूपेंद्र कुमार यादव एवं विशिष्ट अतिथि समाजसेवी बंटी सिंह, सीआरएम कंपनी से सीनियर मैनेजर सिक्योरिटी के शक्ति सिंह राजपूत, सीआरएम कंपनी के सीनियर मैनेजर एचआर विकास मिश्रा, समाजसेवी शंकर मुखी, समाजसेवी दीपक कर्मकार, समाजसेवी मछिंदर निषाद, सोमेन विश्वास अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एआरजी बॉयज क्लब से पांडरा बोदरा, अगष्टी कालिंदी, युवराज कुमार सुरेश कालिंदी मजनू घनश्याम मनोहर महतो बबलू मुखी राजू निषाद संजय टोपनो शिवा लोहार आदि मौजूद थे। मौके पर विक्टोरिया बॉयज क्लब से मुकेश कुमार भास्कर राव विनय कर्मकार बंटी संटू आदि मौजूद थे।

### नया प्रखंड बनाने के विषय को सदन में उठाने और सीएम के समक्ष रखने पर विधायक का स्वागत



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा बड़ाबंकी में नया प्रखंड बनाने की मांग को लेकर सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने विधानसभा सत्र के दौरान शून्यकाल में सवाल उठाया एवं झारखंड के माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से मिलकर नया प्रखंड बनाने को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। इस खुशी में आठ पंचायत के झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता ने विधायक जी को एनएच 33 चांदनीचौक में फूल माला पहनाकर जोरदार तरीके से स्वागत किया और नए प्रखंड बनने पर देवघर, पलाशबोनी, बड़ाबंकी, बेलाजुड़ी, दलदली, बेको, हुरलुंग, लुआबासा, उत्तरी घोड़ाबांधा, पूर्वी घोड़ाबांधा, पश्चिमी घोड़ाबांधा शामिल करने की मांग की। विधायक ने कहा कि नए प्रखंड बनाने को लेकर लगातार प्रयासरत हूं जिसे लेकर सीएम से सदन तक इस विषय को रखा है। जल्द ही लोगों को नये प्रखंड का तोहफा मिलेगा। मौके पर झामुमो युवा नेता रूस धीवर, राजाराम मुर्मू, छोटू सोरेन, चिका सिंह, मलिन चंद्र मुर्मू, ईसान चंद्र महतो, गणेश हासदा, सुंदर सोरेन, हेमंत सिंह, रामगोपाल महतो, वीरेन सिंह, फकीर बिरहोर, प्रभाकर मुर्मू , दीपक प्रमाणिक व काफी लोग उपस्थित हुए।

### रॉयल किड्स छोटगोविंदपुर में वार्षिक खेलकूद



**छोटा गोविंदपुर/ जमशेदपुर।** छोटा गोविंदपुर के सामुदायिक विकास मैदान में रॉयल किड्स स्कूल के वार्षिक खेलकूद हुआ, जिसमें सभी वर्ग के बच्चे शामिल हुए और उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ परितोष सिंह (जिला परिषद सदस्य) एवं स्कूल के सचिव श्री टी एन सिंह, पंचायत समिति सदस्य सतबीर सिंह बग्गा ने झंडो तोलन कर कार्यक्रम का शुरूआत किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूली बच्चों द्वारा ड्रिल से हुई इसके बाद गोली चम्मच, बोस रेस, मैट्स रेस आदि कई प्रतियोगिता हुआ जिसमे विजेताओं को मेडल एवं सर्टिफिकेट से नवाजा। मौके पर डॉ परितोष सिंह ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है, खेलकूद ही एकमात्र माध्यम है जिससे बच्चों में शारीरिक विकास होता है। उन्होंने अभिभावकों को बच्चों को मोबाइल के दुष्प्रभाव के बारे में बताते हुए बच्चों को मोबाइल नहीं देने की अपील की। संचालन श्री रमेश अग्निहोत्री जी ने किया तथा श्री सुभाष जी के देखरेख में खेल कूद का आयोजन किया गया। स्वागत भाषण विद्यालय के सचिव टी एन सिंह ने किया।

### श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में क्रिसमस मिलन समारोह



**जमशेदपुर।** आदित्यपुर केत श्री नाथ पब्लिक स्कूल में क्रिसमस मिलन समारोह मना। मुख्य अतिथि श्रीनाथ यूनिवर्सिटी के सलाहकार कौशिक मिश्रा एवं श्रावनी मिश्रा, विद्यालय के चेयरमैन सुखदेव महतो, प्राचार्य संजय सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर दिलीप महतो, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। रंग बिरंगे पोशाक पहनकर बच्चों ने यीशु के जन्म से लेकर समस्त जीवन वृत्तांत को नृत्य एवं नाटिका के माध्यम से प्रस्तुत किया। बच्चों के भाषण नृत्य और संगीत सुनकर आगंतुक अतिथि महोदय एवं दर्शक दीर्घा में उपस्थित सभी लोगखुशी से झूम उठे। छात्रों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा, विद्यालय की स्थापना कई उद्देश्यों को लेकर हुई थी। शुरुआत में बच्चे बहुत कम थे।

## स्पीड न्यूज

### शिव चर्चा से दूर होते हैं दुख : डॉ शशिभूषण



**पांकी पलामू।** पांकी प्रखंड के लोहरसी चट्टी बाजार में शिव चर्चा हुई। जिसमें क्षेत्रीय विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता शामिल हुए। डॉ मेहता ने कहा कि शिव परिवार द्वारा आयोजित शिव चर्चा सुनने एवं प्रसाद ग्रहण करने का परम सौभाग्य प्राप्त होने से मन हर्षित हो गया। शिव चर्चा में शिव भक्तों ने शिव महिमा की चर्चा की। कहा कि सभी के गुरु एकमात्र शिव हैं। शिव भक्ति और चर्चा से जीवन के सभी दु:ख व कष्ट दूर हो जाते हैं। मौके पर पांकी थाना प्रभारी अमित सोनी, बली यादव, पंकज जी, प्रो बचन ठाकुर, डॉ सुरेंद्र मेहता, सत्येंद्र प्रसाद यादव, कर्मदेव मेहता, अनिल कुमार, लियाकत अंसारी थे।

### पाटन में कांग्रेस कमेटी की बैठक



**पाटन पलामू।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक रामानंद पांडेय की अध्यक्षता में हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक के निर्देश पर डिजिटल पर चर्चा हुई। बैठक में ईश्वरी प्रसाद सिंह, अशोक पासवान, अभय पांडेय, डॉ सुशील पासवान, सतीश शुक्ला, सतीश उपाध्याय, धरणीधर सिंह, उमा बल्लभ उपाध्याय, संजय मांझी, संजीव पासवान, सुजीत रवि, शमशेर आलम भी थे।

### सेरंगदाग के मजदूर की कर्नाटक में मौत



**सतबरवा पलामू।** सेरंगदाग के मजदूर राजकुमार सिंह (45) पिता हल्कानी सिंह की कर्नाटक में मजदूरी के दौरान मौत हो गई है। वह धारवाड़ जिला के शिर्के कंपनी के प्लांट में मजदूर था। काम के दौरान उसकी तबीयत बिगड़ गई थी। तबीयत बिगड़ने के बाद वह काम छोड़ आवास पर आ गया था। मौत की खबर सुनकर गांव में कोहराम मच गया है। युवा सामाजिक कार्यकर्ता बबलू कुमार ने बताया कि राजकुमार चार माह पहले कर्नाटक के धारवाड़ जिला के शिरके कंपनी में काम करने गया था। कंपनी कंक्रीट से छप्पर तथा अन्य चीजें बनाती है। सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा ने कहा कि झारखंड सरकार रोजगार देने में विफल है।

### प्रखंडस्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** मवि लेस्लीगंज के प्रांगण में यंग स्टार क्रिकेट क्लब ने शनिवार को प्रखंड स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट कराया। जिसका उद्घाटन कुराईनपतरा मुखिया पूनम देवी, चैंबर अध्यक्ष सह लेस्लीगंज मुखिया प्रतिनिधि छोटेलाल सोनी एव वीरेंद्र कुमार ने किया। समाजसेवी वीरेंद्र कुमार ने कहा कि खेल से युवाओं की प्रतिभा में निखार आयेगी। चेंबर अध्यक्ष छोटे लाल सोनी ने कहा कि खेल से शारीरिक तथा मानसिक रूप युवाओं को स्वस्थ बनाता है। आज प्रथम दिन मैच का आगाज राजोगाड़ी बनाम पिपरखुर्द के बीच प्रारंभ हुआ। इसमें प्रखंड के सोलह टीम भाग ली है। मैच को सफल बनाने में शुभम, नीतीश, अनिकेत, अंकित, प्रशांत, रूपरंजन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### बीडीओ ने किया मुरमा मवि का निरीक्षण



**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर प्रखंड के मुरमा खुर्द उत्क्रमित मध्य विद्यालय का बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने शनिवार को औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने पठन पाठन से लेकर मध्याह्न भोजन योजना तक की जांच की। बीडीओ ने शिक्षकों को कई दिशा निर्देश भी दिया। बीडीओ ने कहा कि मिड डे मील में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जायेगी और न ही शिक्षा के गुणवता से कोई समझौता किया जायेगा। हर शैक्षणिक योजना का लाभ बच्चों तक पहुंचे।

### बाल विवाह कानूनन अपराध : देवराज



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में जिला विधिक सेवा प्राधिकार पलामू के देवराज शर्मा ने जाकर शिक्षक व बच्चों के बीच बाल विवाह रोकथाम के लिए बैठक कर बाल विवाह से समाज में बड़े रहे कृतियों को कैसे रोका जाए उसके बारे में विस्तृत जानकारी लोगों के बीच दिया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक दंडनीय कानूनन अपराध है 18 वर्ष की बच्ची और 21 वर्ष का बच्चा का अगर उनके अभिभावक या शुभचिंतक वह समाज के लोग अगर जबरदस्ती बाल विवाह करने का प्रयास करता है तो बच्ची हो या बच्चा वह जरूर विरोध करें। मौके पर स्तरोन्नत उवि सेमरा के शिक्षक मो सिराज उल हक कादरी, संजीव कुमार, नंदकिशोर तिवारी, रवि शंकर पांडे, रंजनी ओझा, राखी कुमारी, नागेश्वर साहब, नीतीश यादव, संजय साहू, सुनील कश्यप, दीपक कुमार थे।

### कर्नल कप : विजेता टीम ने निकाला जुलूस

>> शील्ड के साथ नगर भ्रमण



**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद के कर्पूरी मैदान में कर्नल बिग्रेड फुटबॉल टूर्नामेंट फाईनल मैच के विजेयता टीम नगर पंचायत क्षेत्र के मोहम्मदाबाद एवं शहर के युवाओं ने आज अपने कप के साथ विजय जुलूस निकाला। जुलूस मोहम्मदाबाद से शुरु होकर जपला धरहरा होते हुए शहर के मुख्य बाजार गांधी चौक, अंबेडकर चौक से लेकर जेपी चौक अन्य सभी मार्गो में भ्रमण किया। इस दौरान युवा ने अपने टीम के टीशर्ट और कप एवं गेंद को गाड़ी पर रखे हुए थे। विदित हो एक माह से हुसैनाबाद में कर्नल फुटबॉल टूर्नामेंट चल रहा था जिसमे फाइनल मुकाबला में मोहम्मदाबाद टीम का नेतृत्व भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान वाई चिंग भूतिया ने किया था। जिसके बाद ये टीम 1-0 से अमही के टीम को पराजित कर। इन खिलाड़ियों ने इस कप पर कब्जा जमा लिया था। मौके पर खिलाड़ी मंजय कुमार, राकेश कुमार, राजेश कुमार, पप्पुलस कुमार, राजा कुमार, बिट्टू कुमार, धर्मेश कुमार, अनूप कुमार, रमेश कुमार, सुखराम, रंजन कुमार, अभिषेक कुमार, संजय कुमार, गुड्डू कुमार आदि थे।

# छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की नींव स्थापित करना विद्यालय का उद्देश्य : डॉ शशिभूषण

- विद्यालय ने कम समय में सफलता का उंचा मुकाम हासिल किया : प्राचार्य
- ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में द्वितीय वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन

**खबर मन्त्र टोली**

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में द्वितीय वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। समारोह का उद्घाटन ऑक्सफोर्ड ग्रुप के निदेशक सह पांकी विधायक डा एसबीपी मेहता, धर्मपत्नी किरण मेहता, प्राचार्य डॉ एके सिंह समेत अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। स्कूली बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा एक से बढ़कर एक आकर्षक एवं मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। जिसने सभी उपस्थित जनसमुदाय का मन मोह लिया। मौके पर प्राचार्य डा एके सिंह के द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने विगत सत्र में बच्चों द्वारा उल्लेखनीय सफलता का वर्णन किया। प्राचार्य ने कहा कि विगत कुछ ही वर्षों में विद्यालय ने सफलता के उंचे मुकाम हासिल किये। उन्होंने छात्रों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्राप्त सफलता पर बधाई दी। कहा कि ऑक्सफोर्ड स्कूल गुणात्मक शिक्षा हेतु कृत संकल्पित है। अनुशासन, समुचित शैक्षिक वातावरण व संस्कारयुक्त शिक्षा ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल का मुख्य ध्येय है। मौके पर स्कूली बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत किये। मौके पर क्रिसमस पर कैक कटिंग का आयोजन किया गया।






कार्यक्रम का उद्घाटन करते विद्यालय के निदेशक सह पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता व अन्य।

जिसमें पांकी विधायक डॉ एसबीपी मेहता, प्राचार्य डॉ एके सिंह समेत कई अतिथि शामिल थे। प्री नर्सरी से प्रेप के छात्रों के द्वारा क्रिसमस गैदरिंग पर मनमोहक नृत्य पेश किया गया। कक्षा सात व पांच की विद्यार्थियों ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किये। छात्रों ने हिंदी नाटक प्रस्तुत किये। कक्षा तीन के विद्यार्थियों ने जूबी जूबी पर, 11वीं के अर्पिता रानी का मां पर गायन व इश्किा व सौम्या ने नृत्य प्रस्तुत किये। कक्षा छह से आठ तक के विद्यार्थियों ने सामूहिक गान प्रस्तुत किये। कक्षा चार के विद्यार्थियों ने मंजिल को चली सवारी पर व 11वीं के छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत किये। बालकों ने पंजाबी भांगड़ा प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने झांकी प्रस्तुत किये। मौके पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ एसबीपी मेहता ने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। डॉ मेहता ने बच्चों को उंचे शिखर तक पहुंचने की प्रेरणा दी।

उन्होंने सभी को क्रिसमस व नववर्ष की अग्रिम शुभकामना दी। कहा कि विद्यार्थियों को प्रभावशाली अध्ययन द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी करते रहनी चाहिए। छात्र छात्राओं ने मनमोहक गरबा व डांडिया नृत्य प्रस्तुत किये। प्राचार्य ने मुख्य अतिथि को शॉल एवं विद्यालय स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। धन्यवाद ज्ञापन शिक्षिका प्रभारी डॉ पल्लवी सिंह ने किया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिका, अभिभावक, विद्यार्थी समेत विद्यालयकर्मी शामिल थे।

**क्या बोले निदेशक**

डॉ मेहता ने कहा कि विद्यालय रूपी शिक्षा के मंदिर में छात्रों के उज्जवल भविष्य की नींव स्थापित होती है। हमारे विद्यालय का उद्देश्य छात्रों के जीवन में ज्ञान का दीप जलाना और छात्रों की असीम सफलताओं की गाथा लिखना है। शिक्षा से हर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। आज का दौर शिक्षा व विज्ञान का दौर है इसलिए सभी का शिक्षित होना आवश्यक है। शिक्षित होने से मनुष्य की सोचने समझने की शक्तियां बढ़ती है। जिससे वह अपने जीवन को सही दिशा दे पाता है। आप सभी बच्चे लक्ष्य निर्धारित कर उसके अनुरूप कार्य करने एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा रखते हुए आगे बढ़ने का प्रयास करें। विद्यालय ने स्थापना के साथ ही शिक्षा का बेहतरीन संचार कर अन्य कलाओं के समायोजन में महती भूमिका निभाते हुए स्पोटर्स को महत्व दिया।

सांसद संवाद और सड़क निर्माण का शिलान्यास कार्यक्रम में बोले सांसद

# झारखंड में मची हुई है लूट राज्य के अपराधी बेलगाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पांडू पलामू।** प्रखंड के डाला कला पंचायत सचिवालय पर सांसद संवाद कार्यक्रम और महुगावां से डाला कला होते हुए मुरमा खुर्द तक सड़क निर्माण का शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया रामबाबू यादव ने की और संचालन प्रद्युम्न कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पलामू सांसद विष्णुदयाल राम उपास्थि थे।



**ये भी थे उपस्थित :** मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, विभाकर नरायन पांडेय, पांडू प्रमुख नीतू सिंह, रामचंद्र यादव, धर्मदेव सिंह यादव, रविंद्र पांडेय, संजय गुप्ता, मंडल अध्यक्ष प्रेमसागर सिंह, अनुज पांडेय आदि शामिल थे।

सांसद संवाद कार्य क्रम में उपस्थित ग्रामीणों के बीच सांसद ने कहा कि भाजपा के सरकार ने आम लोगों के लिए काम करने में लगा रहता है। आज झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार में लूट मची है। सभी पदाधिकारी बेलगाम हो गया हैं। वहीं जनप्रतिनिधियों ने आपसी सहयोग से काम करे तभी विकास संभव है। वहीं सांसद संवाद में ग्रामीणों की समस्या के समाधान को लेकर सांसद को आवेदन दिया।

**सांसद आज करेंगे पथ मरम्मत कार्य का शिलान्यास**



**पाटन पलामू।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम पीएम ग्रामीण सड़क योजना के तहत 25 दिसंबर को शाम 4 बजे किशुनपुर से जंगघासी होते हुए चवाई पीडब्लूडी सड़क तक मरम्मत कार्य का शिलान्यास करेंगे। उक्त जानकारी भाजपा पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने दी।

# ठंड से बचने के लिए अपने घर को गर्म रखें, गर्म कपड़े हमेशा पहने रहें

- जिले में ठंड के प्रकोप को देखते हुए उपायुक्त ने जारी की एडवाइजरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने जिले में बढ़ती ठंड व शीतलहर को देख पलामूवासियों से ठंड से बचने की अपील की है। उन्होंने लोगो से अपील करते हुए कहा कि ठंड से बचने के लिए अपने घर को गर्म रखें, इसके लिए पर्दे, शटर आदि का इस्तेमाल करें साथ ही रात में दरवाजा व खिड़कियां को खुली न छोड़ें ताकि ठंडी हवाएं घर मे प्रवेश न कर पायें। ठंड से बचाव हेतु मल्टीलेयर ठंडक का कपड़ा रखें और जब भी बाहर जाएं तो उनी कपड़े पहने, गमछे से या टोपी से अपने सिर को ढंकें। साथ ही हमेशा जूते- चप्पल का इस्तेमाल करें। वाहन चलाते समय कम गति नियंत्रित रखें और हेलमेट, दस्ताने का प्रयोग करें। ठंड में पर्याप्त भोजन के साथ गुनगुने पानी का सेवन करें। अपने घर मे कोयले की अंगीठी, मिट्टी तेल का चूल्हा, हीटर आदि का प्रयोग सावधानी से करें ताकि किसी प्रकार का नुकसान न हो। उन्होंने लोगों से ठंड में शराब का सेवन करने से बचने की भी अपील की।

**फसलों और पालतू जानवरों को भी ठंड से बचायें**




उपायुक्त ने लोगों से अपने साथ फसलों और पालतू जानवरों को भी ठंड से बचाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि फसलों में हल्की सिंचाई करें ताकि फसलों में पाला न पड़ें। साथ ही पालतू जानवरों को घर के अंदर बांधे और शरीर ढंकने के लिए टाट या बोरे का प्रयोग करें जिससे जानवर भी ठंड से बच सकें। उपायुक्त ने कहा कि ठंड लगने पर व्यक्ति को गर्म बिस्तर में लिटाकर गर्म पेय पदार्थ दें जिससे शरीर का तापमान बढ़ सके। अगर किसी व्यक्ति को कोल्ड डायरिया हो जाये तो उसे गर्म ओआरएस या नमक चीनी का घोल पीने को दें जिससे व्यक्ति के शरीर में जल की मात्रा बढ़ सके।

### अंचल सहायक ने करायी अलाव की व्यवस्था



**मोहम्मदगंज पलामू।** बढ़ती ठंड को देख सीओ यशवंत नायक के निर्देश पर अंचल सहायक देवेन्द्र शुक्ला ने शुक्रवार की रात मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन और अस्थायी टेंपो ट्रेकर स्टैंड नहर चौक पर अलाव की व्यवस्था करायी। सीओ ने कहा कि अंचल प्रशासन ठंड से आमलोगों के बचाव के लिए लगी हुई है, जरूरत पड़ने पर और सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था लगातार की जायेगी।

### पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयंती आज : संजय



**पाटन पलामू।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री परम श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई की जयंती रविवार को भाजपा मंडल कार्यालय कुरवा मोड़ पर मनेगी। इसकी जानकारी भाजपा के पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने दी। श्री सिंह ने कहा कि इसी दिन पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यकम सुना जायेगा। भाजपा के सभी पदाधिकारी और सभी मोर्चा अध्यक्ष, कार्य समिति सदस्य मंडल में निवास करने वाले सभी कार्यसमिति सदस्य संयोजक सह संयोजक उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होंगे।

# गंगा हॉस्पिटल के नि:शुल्क शिविर में 50 मरीजों के मोतियाबिंद का ऑपरेशन व दस यूनिट रक्तदान

- गंगा हॉस्पिटल में लगा नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन व रक्तदान शिविर
- नेता नहीं पलामू का बेटा बन कर समाज सेवा में लगा हूं : संजीव तिवारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मल्टी सुपर स्पेशलिटी गंगा हॉस्पिटल में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अधिवक्ता स्वर्गीय कामेश्वर तिवारी की पुण्यतिथि पर रक्तदान एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य सह डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी संजीव कुमार तिवारी, सुनील तिवारी, अशोक पांडे, डॉक्टर अमीता कुमारी, डॉ राजेश कुमार मालवा, डॉ अजय कुमार वअन्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं कामेश्वर तिवारी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया।

इस मौके पर पलामू जिला के विभिन्न गांव, मोहल्ला से आग हुए 150 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु जांच किया गया। इसमें से 50 लोगों का सफल मोतियाबिंद ऑपरेशन किया गया। जबकि शिविर में दस यूनिट रक्तदान किया गया।





**क्या बोले संजीव तिवारी :** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संजीव तिवारी ने कहा कि मेरा प्रयास है की मां और पिता के सपनों को साकार करूं और इसी सोच के साथ शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपना कदम रखा हूं। ताकि पलामू जिले के गरीब से गरीब लोगों का इलाज हो सके। और गरीबों का बाल बच्चा बेहतर शिक्षा ग्रहण कर सके। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए गंगा हॉस्पिटल एवं कामेश्वर अवध इंटरनेशनल स्कूल का अस्थापना किया गया है। मैं एक नेता बन कर नहीं बल्कि पलामू का बेटा बनकर समाज सेवा करना चाहता हूं।

### नेहरू युवा केंद्र ने करायी विभिन्न प्रतियोगिताएं



**मनातू पलामू।** प्रखंड में नेहरू युवा केंद्र के बैनर तले एक दिवसीय प्रतियोगिताएं हुईं। मौके पर प्रतिभागियों के बीच फुटबॉल, कबड्डी और दौड़ करायी। बच्चों ने खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रतिभा को प्रदर्शित किया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि मनातू थाना प्रभारी पवन कुमार यादव ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। कहा कि बच्चों को हर क्षेत्र में अव्वल होना चाहिए। मौके पर विकास साहू, चुन्नू बाबू, पूर्व जिला पार्षद प्रत्याशी पंकज पासवान, अफजल खान, जाहिद हुसैन, मुकेश यादव, विकेश कुमार, जितेश कुमार शामिल थे।

## ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल रेहला में मना खेल वार्षिकोत्सव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विश्रामपुर पलामू।** उमेश सिंह एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा सांचालित ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल रेहला में खेल वार्षिकोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि स्कूल संस्थापक उमेश सिंह एवं अमित कुमार सिंह मनऊर खान नजरुद्दीन नूरी तथा अतिथिगण ने दीप प्रज्वलित कर वार्षिकोत्सव का उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि बच्चों के विकास के लिए पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद में भी भाग लेने की आवश्यकता है। विद्यालय के चेयरमैन अमित कुमार सिंह (बाबुल) ने विद्यालय ध्वज फहराया और बच्चों के मार्च पास्ट की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल स्पर्धा अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी उद्देश्य से बच्चों में खेल प्रतियोगिता अयोजित की गयी।

### ज्ञान विज्ञान समिति के गठन करने का निर्देश

**नौडीहा बाजार (पलामू)।** नौडीहा बाजार -छतरपुर प्रखंड के संयुक्त रूप से हनुमान मंदिर परिसर में प्रखंड कार्यक्रम प्रबन्धक गोपाल प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में प्रखंड के सभी प्रेरक की बैठक बुलायी गयी। सभी प्रेरक के अपनी पंचायत के 15 सदस्यीय ज्ञान विज्ञान समिति की बुनियादी सभा गठन करने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर नौडीहा बाजार-छतरपुर के अध्यक्ष सुहैल हक्क, चलीतर सिंह, प्रेरक सुरेन्द्र यादव, रिंकी देवी, सतेंद्र कुमार राम, पूनम कुमारी, योगेंद्र शर्मा, मंजू देवी समेत पंचायत के सभी प्रेरक मौजूद थे।

## ट्रक पलटने से एनएच 75 रहा 14 घंटे जाम, परिचालन शुरू

**नसीब खलीफा**



**नावा बाजार पलामू।** पड़वा मोड़ से गढ़वा रोड एनएच 75 राजहरा पुल पर गढ़वा से मेदिनीनगर जाने के क्रम में शुक्रवार रात भूसा लदा ट्रक पलट जाने से एनएच 75 करीब 14 घंटे जाम के बाद परिचालन शुरू हुआ। इस बीच दोनों ओर से बड़े वाहनों की करीब 2 किमी तक लंबी कतार बन गयी। घटना शुक्रवार की रात 10:30 बजे की है, जिसे शनिवार को 12:30 के बाद जाम हटाया गया। सुचारू रूप से बड़े वाहनों का परिचालन शुरू हो गया है। इसकी सूचना नावा बाजार थाना प्रभारी दीपक कुमार दास को दी गयी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी एवं प्रशिक्षु दारोगा कुणाल राजा पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुंच जानकारी ली। इसके बाद जाम को हटाने का प्रयास में जुट गये थे। काफी कोशिश के बाद 14 घंटे बीत जाने के बाद किरान से ट्रक को सड़क से हटाया गया।

### उत्पाद विभाग ने किया जावा महुआ व शराब जब्त



**हरिहरगंज पलामू।** पलामू एसपी तथा उत्पाद अधीक्षक के निर्देश पर उत्पाद निरीक्षक संजय कुमार ने हरिहरगंज थाना पुलिस के सहयोग से अवैद्य शराब के खिलाफ छापेमारी किया। इसमें हरिहरगंज शहरी क्षेत्र के वैध विगहा तथा अररुआ खुर्द से 60 लीटर महुआ निर्मित शराब तथा 8 क्विंटल जावा महुआ बरामद किया। वही पिपरा थाना क्षेत्र के मसूरिया गांव स्थित वीरेंद्र यादव के घर से 100 लीटर महुआ शराब तथा 14 क्विंटल जावा महुआ बरामद किया गया।

# गोदावरी हॉस्पिटल का हाल : मरीज का पेशाब रुका, तो काट डाला गुप्तांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के विभिन्न प्रखंडों से लेकर शहर के कई मोहल्लों में निजी अस्पताल संचालित किए जा रहे हैं और अस्पताल प्रबंधन द्वारा अपने अपने एजेंट या प्रचार के माध्यम से गरीब भोले भाले जनता को प्रलोभन देकर अपने जाल में फंसा रहे हैं। अस्पताल में लोग जीवनदान पाने के उद्देश्य से जाते हैं। लेकिन अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही से लोगों की जान जोखिम में पड़ जाती है। इसी प्रकार का एक मामला शहर थाना क्षेत्र के बड़ा तालाब स्थित मां गोदावरी हॉस्पिटल का है। जहां लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के साहद निवासी रामप्रीत यादव के पुत्र अरविंद मूत्र रोग से संबंधित इलाज कराने गोदावरी हॉस्पिटल गया था। जहां चिकित्सा कर्मियों ने जांच के बाद सलाह दिया कि इसे सर्जन से ऑपरेशन कराना होगा। तभी ठीक होगा और अरविंद को 23 दिसंबर को भर्ती लिया गया। इसके बाद ऑपरेशन किया गया। भुक्तभोगी मरीज अरविंद यादव ने बताया कि मैं डॉक्टर से अपना रोक बताया उसके बाद मुझे 23 दिसंबर के मध्य रात्रि में ऑपरेशन किया गया और जब मैं सुबह में बाथरूम जाने के लिए उठा तो पाया कि मेरा गुप्तांग काट दिया गया है। यह देख मैं हैरान रह गया।

- मामला उलझता देख भागे अस्पताल कर्मी, जबकि अस्पताल में कई मरीज भर्ती
- स्वास्थ्य विभाग एवं प्रशासन को चुनौती देकर फल फूल रहे हैं कई अवैध निजी क्लीनिक



कई अवैध निजी क्लीनिक मामले की जांच कराकर होगी कार्रवाई सिविल सर्जन : डॉ विजय सिंह

भुक्तभोगी ने कोई लिखित आवेदन नहीं दिया है। यदि आवेदन दिया जाता है तो जांच कर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। - **अभय कुमार सिन्हा, शहर थाना प्रभारी**

मामला संज्ञान में आया है। इसकी जांच कर अस्पताल प्रबंधन के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी। - **डॉ विजय कुमार सिंह, सिविल सर्जन**

**भागे अस्पतालकर्मी :** मामला देख अस्पताल प्रबंधन देवेंद्र अग्रवाल समेत गोदावरी अस्पताल के सभी चिकित्सा कर्मी फरार हो गये हैं। जबकि इस अस्पताल में कई मरीज हर्निया, अपेंडिस एवं बंध्याकरण की महिलाएं भर्ती हैं। इन्हें देखने वाला भी कोई नहीं है। भगवान भरोसे छोड़कर भागे अस्पताल कर्मी।

# हॉली क्रॉस स्कूल : बच्चों ने सांता क्लॉज बनकर सभी का मन मोहा

- शिवाजी मैदान स्थित हॉली क्रॉस स्कूल में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शिवाजी मैदान स्थित हॉली क्रॉस स्कूल में क्रिसमस धूमधाम से मनाया गया। मौके पर सभी स्कूल के बच्चे, शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी रेड ड्रेस कोड में नजर आये। छोटे-छोटे बच्चे सांता क्लॉज बनकर सभी लोगों का मन मोह लिये। मनमोहक रूप में देखकर बच्चों को अति प्रसन्नता हुई। इसके बाद सभी ने मिलकर केक काटा और क्रिसमस के गानों पर डांस किया। स्कूल की शिक्षिका निशा कुमारी ने सांता क्लॉस बनकर सभी बच्चों को गिफ्ट बांटे। गिफ्ट में केक, चॉकलेट, टॉफी, पेन एवं अन्य सामग्री बांटी।



**क्या बोले प्राचार्य :** विद्यालय के प्राचार्य चंद्रभूषण सिन्हा ने बताया कि वे अपने स्कूल में सभी धर्मों का ख्याल रखते हुए ही क्रिसमस का आयोजन पहले से ही करते आ रहे हैं। श्री सिन्हा ने सभी अभिभावकों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि अभिभावकों के सहयोग से कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न हो पाया, जो बच्चे सांता क्लॉज बने उनमें शादीका, आयुष, साक्षी, रिया, मयांक, लव, कुहू पाल, प्रियल, नयनपाल, निशांत, दिव्यांशु, अंश सिन्हा एवं प्रियांशु का नाम शामिल है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक शिक्षिकाएं सुमन, तनु, रानी, मिशा, मनोज, इंसा, सदफ, रूबी कुमारी, गौतम कुमार, सूरज कुमार शिक्षकों ने अपना अहम योगदान दिया।

